CMYK

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, शुक्रवार, 13 जून 2025 । वर्ष – 35 । अंक – 44 । पृष्ठ – 12 । मूल्य – 4.00 रु





सकारात्मक बदलाव लाना हो सिविल सेवकों का ध्येय : ओम बिरला पृष्ठ 3

- भारत को चाहिए संदेह से परे एक चुनाव आयोग
- 'मुट्ठी' में शीतलपेय

पृष्ठ 4

- अब संभावित रूप से खतरनाक बन गया है यह इलाका
- संयुक्त राष्ट्र ने हैती में बढ़ते विस्थापन पर जताई चिंता

पृष्ठ 9

सिफ्त ने म्यूनिख में लगातार दूसरे साल जीता कांस्य पदक पृष्ठ 10

# अहमदाबाद विमान हादसे में 241 की मौत

## विमान में 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली, एक कनाडाई नागरिक व 12 क्रू मेंबर सवार थे







- लंदन जा रही थी एअर इंडिया की फ्लाइट
- पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का भी निधन
- ब्रिटिश नागरिक समेत दो लोग जिंदा बचे
- हादसे में ज्यादातर शव बुरी तरह से झुलसे

**अहमदाबाद**, 12 जून (एजेंसियां)। अहमदाबाद में गुरुवार दोपहर एअर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर प्लेन क्रैश हो गया। इसमें 12 क्रू मेंबर समेत 242 लोग सवार थे। अब तक हादसे में केवल एक के बचने की बात आई है। बाकी सभी लोगों की मौत हो गई है। प्लेन की सीट नंबर 11-ए पर बैठे हुए भारतीय मूल के ब्रिटिश नागरिक रमेश विश्वास कुमार हादसे में जिंदा बच गए हैं। उनका वीडियो भी सामने आया है। इससे पहले एपी ने कहा था कि विमान में सवार सभी लोगों की मौत हो गई है। एअर इंडिया की उड़ान संख्या एआई-171 अहमदाबाद से लंदन जा रही थी। इसमें 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और एक ⇨ शेष पृष्ठ 2 पर ⇨



एकमात्र जिंदा बचा यात्री रमेश विश्वास कुमार

### 68 वर्ष के थे विजय रूपाणी, गुजरात के 16वें मुख्यमंत्री के रूप में काम किया



विमान हादसे में भाजपा के वरिष्ठ नेता और गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी की मौत हो गई। वह 68 वर्ष के थे। एक अनुभवी राजनेता, रूपाणी ने अगस्त 2016 से सितंबर 2021 तक गुजरात के 16वें मुख्यमंत्री के रूप में काम किया। उनके शासन में निवेश, बुनियादी ढांचे और सामाजिक कल्याण योजनाओं पर जोर ⇨ शेष पृष्ठ 2 पर ⇨

"अहमदाबाद में हुई त्रासदी ने हमें स्तब्ध और दुखी कर दिया है। यह शब्दों से परे दिल दहला देने वाली घटना है। इस दुखद घड़ी में मेरी संवेदनाएं प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं। मैं मंत्रियों और अधिकारियों के संपर्क में हूं। जो प्रभावित लोगों की सहायता के लिए काम कर रहे हैं : नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

"अहमदाबाद में लंदन जा रहे विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की खबर बेहद दुखद है। इस विमान में कई ब्रिटिश नागरिक सवार थे। मैं लगातार स्थिति की जानकारी ले रहा हूं। मेरी संवेदनाएं पीड़ितों और उनके परिजनों के साथ हैं : कीर स्टार्मर, प्रधानमंत्री, ब्रिटेन

"गुजरात के अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया विमान हादसे के बारे में जानकर बहुत दुख हुआ, जिसमें कई यात्री और चालक दल के सदस्य सवार थे। यात्रियों, पायलट और चालक दल के परिवारों के प्रति हमारी हार्दिक संवेदना और प्रार्थनाएं : मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष



### राज्यपाल- मुख्यमंत्री ने जताया शोक

**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गुजरात के अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना को हृदयविदारक अत्यंत पीड़ादायक और दुखद घटना बताया है। उन्होंने इस भीषण दुर्घटना में मृत यात्रियों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

**रायपुर से अहमदाबाद की फ्लाइट रद्द**

रायपुर एयरपोर्ट डायरेक्टर ने बताया कि रायपुर से अहमदाबाद जाने वाली फ्लाइट को रद्द कर दिया गया है। रायपुर से इंडिगो का विमान अहमदाबाद के लिए उड़ान भरता था। जिसे आगामी आदेश तक रद्द किया गया है।

### भारत की एयरलाइनों के कुछ बड़े विमान हादसे

- **1जनवरी 1978** को एयर इंडिया की उड़ान संख्या 855 का बोइंग 747 विमान मुंबई से उड़ान भरने के कुछ ही मिनटों बाद अरब सागर में गिर गया। विमान के सभी 213 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों की मृत्यु हो गई।
- **23 जून 1985** को टोरंटो से दिल्ली आ रहे एयर इंडिया की उड़ाना संख्या 182 के विमान सम्राट कनिष्क को खालिस्तानी आतंकवादियों ने आयरलैंड तट के पास बम विस्फोट से उड़ा दिया। इस हमले में विमान में सवार सभी 329 लोगों की मौत हो गयी। यह भारत का सबसे घातक विमान हादसा माना जाता है।
- **14 फरवरी 1990** को बेंगलुरु में एयरबस ए320 विमान लैंडिंग के दौरान रनवे से आगे निकलकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में 92 लोगों की मृत्यु हो गई।
- **12 नवम्बर 1996** को हरियाणा के चरखी दादरी में दो विमान हवा में ही टकरा गए थे। इसमें एक विमान सऊदी एयरलाइंस की उड़ान संख्या 763 और दूसरा कज़ाकिस्तान एयरलाइंस की उड़ान संख्या 1907 था। इस हादसे में दोनों विमानों में सवार सभी 349 लोगों की मौत हो गई।
- **22 मई 2010** को दुबई से मैंगलोर लौट रहे एयर इंडिया एक्सप्रेस का बोइंग 737 विमान के रनवे से फिसलकर दुर्घटनाग्रस्त होने से 158 लोगों की मौत हो गई।
- **7 अगस्त 2020** को केरल के कोझिकोड एयरपोर्ट पर एयर इंडिया एक्सप्रेस का वंदे भारत मिशन पर गया विमान दुबई से लौट रहा विमान रनवे से फिसल का दो हिस्सों में टूट गया। इस हादसे में 21 लोगों की जान चली गई।
- **17 जुलाई 2000** को अलायंस एयर के विमान के पटना के रिहायशी इलाके में गिरने से 56 यात्रियों की मौत हो गई थी।

## सार संक्षेप

### महागठबंधन में सीएम चेहरे पर विवाद नहीं: मुकेश सहनी

**पटना।** विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) प्रमुख मुकेश सहनी ने बिहार की राजधानी पटना में 'इंडिया' गठबंधन की बैठक का जिक्र करते हुए कहा कि महागठबंधन में सीएम के चेहरे को लेकर कोई विवाद नहीं है। हम एकजुटता के साथ तेजस्वी यादव के नेतृत्व में बिहार विधानसभा चुनाव लड़ेंगे और जीत दर्ज करेंगे। मुकेश सहनी ने कहा कि हमारी पार्टी की इंटरनल मांग है कि 6 सीट पर हम लोग लड़ेंगे। महागठबंधन में 243 सीटें हैं। उस पर सब मिलकर संयुक्त लड़ाई लड़ेंगे और सभी सीट एक-एक करके जीतेंगे।

### देश में कोरोना के 7154 सक्रिय मामले

**नई दिल्ली।** देश में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना संक्रमण के सक्रिय मामलों में कमी आयी है, गुरुवार सुबह आठ बजे तक 33 नए मामले सामने आने के साथ ही कुल सक्रिय मामलों की संख्या 7154 तक पहुंच गयी। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से आज जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों में कोरोना के संक्रमण से महाराष्ट्र में दो और मध्य प्रदेश में एक मरीज की मौत होने से मृतकों की संख्या बढ़कर 77 हो गई है।

### श्रीलंकाई सेना के कमांडर जयपुर पहुंचे

**नई दिल्ली।** श्रीलंकाई सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल बीकेजीएम लसांथा रोड्रिगो ने आधिकारिक यात्रा के दूसरे दिन गुरूवार को जयपुर में सेना की दक्षिण पश्चिमी कमान मुख्यालय का दौरा किया। दक्षिण पश्चिमी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। दोनों अधिकारियों ने क्षेत्रीय सुरक्षा, संयुक्त प्रशिक्षण पहल, क्षमता विकास और सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए आपसी हित के मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की।

## भोथली में किसान रातों-रात बन गया करोड़पति

### ड्रीम 11 से जीते 4 करोड़

**गुरूर**, 12 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में एक किसान रातों-रात करोड़पति बन गया। इसकी जानकारी लगने पर घर, परिवार सहित गांव भर में खुशी का माहोल है। 4 करोड़ जीतने वाले किसान के पास अब एक ओर लगातार विभिन्न क्षेत्रों से फोन आने लगा है तो दूसरी ओर दूर-दूर से लोग किसान से मुलाकात करने के लिए घर भी पहुंचने लगे हैं।



पूरा मामला बालोद जिले के गुरूर विकासखंड का है, जहां ग्राम भोथली निवासी कीर्तन साहू ने ऑनलाइन गेमिंग एप के माध्यम से फर्स्ट रैंक हासिल कर चार करोड रुपए जीत हासिल की है। कीर्तन साहू ने बताया कि वह पिछले 2 साल से ड्रीम 11 खेल रहा ⇨ शेष पृष्ठ 2 पर ⇨

## मोदी ने 11 वर्षों में हर वादा तोड़ा : राहुल

**नई दिल्ली**, 12 जून (एजेंसियां)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर गुरुवार को सीधा हमला करते हुए हर वादा तोड़ाने का आरोप लगाया और कहा कि पिछले 11 वर्षों में उन्होंने देश की जनता से कई वादे किए लेकिन कोई भी वादा निभाया नहीं।



कांग्रेस नेता ने आज कहा कि श्री मोदी लोगों को लुभाने के लिए खूब वादे करते हैं लेकिन कोई वादा पूरा नहीं करते हैं। वह वादा तोड़ते हैं इसलिए उनका हर वादा जुमला साबित हो जाता है। उन्होंने देश के युवाओं को राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनाने की बजाए सपने तोड़कर उन्हें बेरोजगार बनाया है। श्री गांधी ने यहां जारी बयान में कहा, प्रधानमंत्री ने 11 वर्षों में हर वादा तोड़ा। दो करोड़ नौकरियाँ देने का वादा। जुमला बन गया। पकौड़े तलवाए, फॉर्म भरवाए, लेकिन कोई दिशा नहीं दी। डिग्री के बाद भी नौकरी नहीं, तैयारी के बाद भी भर्ती नहीं, मेहनत के बाद भी सम्मान नहीं। ये सिर्फ़ बेरोज़गारी नहीं – ये देश के युवाओं की उपेक्षा है। उन्हें एक सपना दो। उन्हें राष्ट्रनिर्माण में भागीदार बनाओ। उन्होंने कहा, 'रोज़गार क्रांति' अब ज़रूरी है – लेकिन ये सरकार यह समस्या सुलझा नहीं सकती क्योंकि यही इसका कारण है।

**भारत को अमेरिका से 3 बड़े झटके लगे**–कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने गुरुवार को कहा– बुधवार को एक ही दिन में भारत की कूटनीति (डिप्लोमेसी) को अमेरिका से तीन बड़े झटके लगे हैं। इनसे भारत की विदेश नीति और भारत-अमेरिका संबंधों पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। जयराम ने कहा– अमेरिका की सेंट्रल कमांड चीफ जनरल माइकल कुरिल्ला ने पाकिस्तान को आतंकवाद के खिलाफ साझेदार बताया। पाक आर्मी चीफ आसिम मुनीर को अमेरिकी आर्मी डे के लिए न्योता दिया है।

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने अरविंद नेताम को भेजा मानहानि का नोटिस

**रायपुर**, 12 जून (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पूर्व केंद्रीय मंत्री अरविंद नेताम को मानहानि का नोटिस भेजा है। उन्होंने नेताम को अपने बयान के लिए 15 दिनों के भीतर सार्वजनिक रूप से माफी मांगने कहा है। अन्यथा अपराधिक प्रकरण दर्ज करने की चेतावनी दी गई है।





पिछले दिनो संघ मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के बाद चर्चा में आये छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ आदिवासी नेता अरविन्द नेताम ने बैज से पूछ लिया था कि कहीं उन्होंने ईसाई धर्म तो नहीं अपना लिया है। दरअसल नेताम ने कांग्रेस पार्टी पर कई आरोप मढ़े थे। उन्होंने प्रमुख रूप से आदिवासियों के धर्मान्तरण पर चर्चा की और इसी दौरान कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज पर नेताम ने निशाना साधते हुए पूछ डाला कि कहीं उन्होंने ईसाई धर्म तो नहीं अपना लिया है ? नेताम के इस सवाल से दीपक बैज बौखला गए हैं। उन्होंने नेताम को सीधे-सीधे नोटिस थमा दिया है।

## राज्यसभा चुनाव : तमिलनाडु से छह उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित

**चेन्नई**, 12 जून (एजेंसियां)। तमिलनाडु में राज्यसभा की सीटों के लिए सभी छह उम्मीदवारों के गुरुवार को निर्विरोध चुन लिये गये जिनमें नेता से अभिनेता बने मकाल नीधि मेयम (एमएनएम) के संस्थापक कमल हासन भी शामिल हैं। पीठासीन अधिकारी एवं अतिरिक्त सचिव तथा विधानसभा सचिव बी सुब्रमण्यम ने आधिकारिक तौर पर यह घोषणा करते हुए बताया कि नामांकन वापस लेने की अंतित तारीख पर आज किसी भी उम्मीदवार के नामांकन वापस नहीं लेने के कारण सभी छह उम्मीदवारो को राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुन लिया गया है।

उन्होंने बाद में सभी उम्मीदवारों को इस आशय का प्रमाण पत्र देते हुए उनके राज्यसभा के लिए चुने जाने की घोषणा की। विजयी उम्मीदवारों में द्रविड़ मुनेत्र कषगम द्रमुक के वर्तमान सांसद एवं वरिष्ठ वकील पी विल्सन को दूसरे कार्यकाल के लिए पुन: नामांकित किया गया है। पार्टी के सेलम जिला सचिव एस.आर. शिवलिंगम, पार्टी पदाधिकारी एवं प्रसिद्ध तमिल लेखिका एवं कवि सलमा उर्फ राजति, कमल हासन, अन्नाद्रमुक के कानूनी विंग के सचिव आई.एस. इनबादुरई और पार्टी के चेंगलपट्ट पूर्व जिला प्रेसीडियम के अध्यक्ष एम. धनपाल शामिल हैं।

- एमएनएम के संस्थापक कमल हासन भी शामिल

**द्रमुक के तीन उम्मीदवार निर्वाचिता**– छह उम्मीदवारों में द्रमुक के तीन, उसकी सहयोगी एमएनएम से श्री हासन और विपक्षी अन्नाद्रमुक के दो उम्मीदवारों को आज नाम वापस लेने की अंतिम तिथि के दिन निर्वाचित घोषित कर दिया गया। चूंकि छह सीटों के लिए 19 जून को होने वाले चुनाव में कोई मुकाबला नहीं था इसलिए सभी छह उम्मीदवारों को राज्यसभा के लिए गुरुवार को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया। तमिलनाडु के छह सांसदों का कार्यकाल 24 जुलाई को समाप्त हो जाएगा।

## टैगोर के पैतृक घर पर हमले की भारत ने की निंदा

**नई दिल्ली**, 12 जून (एजेंसियां)। भारत ने बंगलादेश में गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर के पैतृक घर पर इस्लामिक कट्टरपंथियों द्वारा हमला कर उसे ध्वस्त करने की घटना को बंगला संस्कृति एवं विरासत को मिटाने की कोशिश करार दिया है और मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार से अपराधियों पर सख्त कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने आज यहां नियमित ब्रीफिंग में बंगलादेश की घटनाओं के बारे में पूछे जाने पर कहा, हम 8 जून को गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर के पैतृक घर पर भीड़ द्वारा किए गए घृणित हमले और तोड़फोड़ की कड़ी निंदा करते हैं। ऐतिहासिक रूप से रवींद्र कचहरी बाड़ी कहलाने वाला यह घर बंगलादेश के सिराजगंज जिले में स्थित है। यह हिंसक कृत्य नोबेल पुरस्कार विजेता की स्मृति और बंगलादेश में उनके द्वारा अपनाए गए समावेशी दर्शन और शिक्षाओं का अपमान है। प्रवक्ता ने कहा, यह हमला चरमपंथियों द्वारा सहिष्णुता के प्रतीकों को मिटाने तथा बंगलादेश की समन्वयकारी संस्कृति और सांस्कृतिक विरासत को नष्ट करने के लिए किए जा रहे व्यवस्थित प्रयासों के व्यापक पैटर्न में आता है। हम अंतरिम सरकार से चरमपंथियों पर लगाम लगाने तथा अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आग्रह करते हैं, ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोका जा सके, जो दुखद रूप से एक दोहराव वाली विशेषता बन गई है।

- हमला बंगला सांस्कृतिक धरोहर को मिटाने की कोशिश

**अमेरिका, बंगलादेश की घटना चिंताजनक : खरगे**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि अमेरिकी सेना का पाकिस्तान को आतंकवाद से लड़ने में मजबूत सहयोगी बताकर जनरल मुनीर को सेना दिवस पर आमंत्रित करना और बंगलादेश में रवींद्रनाथ टैगोर के आवास को जलाने की घटना बेहद चिंताजनक है। श्री खरगे ने गुरुवार को कहा अंतरराष्ट्रीय पटल पर हमारे लिए दो घटनाएं बेहद चिंताजनक हैं–अमेरिका के सेंट्रल कमांड के कमांडर का पाकिस्तान को 'आतंकवाद से लड़ने में अपना मजबूत सहयोगी' बताना और फिर पाकिस्तानी सेना प्रमुख को अमेरिकी सेना की 250वीं वर्षगांठ में आमंत्रण देना।

## अर्थव्यवस्था

### मई में कम होकर 2.82 प्रतिशत हुई,–पिछले साल मई में 4.8 फीसदी थी

# खुदरा महंगाई दर मई में 6 वर्षों के निचले स्तर पर रही

**नई दिल्ली, 12 जून (एजेंसियां)। भारत की खुदरा महंगाई दर मई में कम होकर 2.82 प्रतिशत हो गई है, जो कि पिछले साल मई में 4.8 प्रतिशत थी। सरकार की ओर से गुरुवार को जारी किए गए डेटा में यह जानकारी दी गई थी।**

*खुदरा महंगाई दर का यह फरवरी 2019 के बाद सबसे निचला स्तर है। इस साल अप्रैल में खुदरा महंगाई दर 3.16 प्रतिशत थी। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से जारी किए गए डेटा में बताया गया कि खाद्य महंगाई दर मई में कम होकर 0.99 प्रतिशत हो गई है, जो कि अक्टूबर 2021 के बाद सबसे निचला स्तर है। खाद्य महंगाई दर बीते सात महीने से लगातार कम हो रही है।*

***कृषि उत्पादन का बढ़ना वजह**–इसकी वजह कृषि उत्पादन का बढ़ना है। आधिकारिक बयान के अनुसार, मई के दौरान खुदरा महंगाई में बड़ी गिरावट मुख्य रूप से दालों, सब्जियों, फलों, अनाजों, घरेलू वस्तुओं एवं सेवाओं, चीनी और अंडों की कीमतों में गिरावट के कारण हुई है। ईंधन की कीमतों में नरमी के कारण भी महंगाई में कमी आई है। रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बीते शुक्रवार को आरबीआई ने 2025-26 के लिए महंगाई के अपने पूर्वानुमान को भी 4 प्रतिशत से घटाकर 3.7 प्रतिशत कर दिया है। उन्होंने कहा, सभी कारकों को ध्यान में रखते हुए और सामान्य मानसून को देखते हुए वित्त वर्ष 2025-26 के लिए सीपीआई मुद्रास्फीति अब 3.7 प्रतिशत रहने का अनुमान है। महंगाई पहली तिमाही में 2.9 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 3.4 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 3.9 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 4.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। मल्होत्रा ने कहा कि पिछले छह महीनों में मुद्रास्फीति में काफी कमी आई है, जो अक्टूबर 2024 में टोलरेंस बैंड से ऊपर थी और अब लक्ष्य से काफी नीचे आ गई है। इसमें व्यापक आधार पर नरमी के संकेत हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष मार्च-अप्रैल में सीपीआई हेडलाइन महंगाई में गिरावट जारी रही, जिसमें अप्रैल 2025 में यह लगभग सालाना आधार पर छह साल के निचले स्तर 3.2 प्रतिशत पर आ गई थी।*

# पथरिया में बीईओ ऑफिस का घेराव, सड़कों पर उतरी कांग्रेस

**मुंगेली** 12 जून (देशबन्धु)। शिक्षा न्याय आंदोलन के दूसरे चरण में लोरमी मुंगेली ब्लाक के बाद 12 जून को पथरिया में ब्लाक शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव कर ज्ञापन सौपा गया। जिसमें कई विधायक एवं पूर्व विधायको के नेतृत्व में जिला व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पथरिया के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहें ।

गौरतलब हो कि युक्तियुक्त करण का चरण बद्ध विरोध पुरे प्रदेश में 9 जून से किया जा रहा है। इसी कडी जिले के दो ब्लाको में क्रमश 09 एवं 10 जून को आंदोलन किया गया था। उसके उपरांत 12 जून को पथरिया में घेराव कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे जिलाध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने मंच से प्रदेश सरकार की नीतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ जो खिलवाड़ प्रदेश सरकार द्वारा किया जा रहा है। वो बर्दाश्त नही किया जायेगा। पुरे प्रदेश में लगभग 10463 स्कूलो में ताला लगने का खतरा बढ गया है। साथ ही कई शिक्षको एवं स्व. सहायता समुह के माध्यम से अपना जीवन यापन करने वाले महिलाएं रसोइया एवं सफाई कर्मचारी जैसे कई लोगो के सामने रोजगार की समस्या खड़ी हो जायेगी। एक तरफ अपने चुनावी प्रचार के दौरान शिक्षको की भर्ती का दम भरने वाली प्रदेश की भाजपा सरकार ने सत्ता में काबिज होते ही नई भर्ती तो दूर उल्टे कार्यरत शिक्षको पर गाज गिराने की योजना बना डाली। वही शिक्षा के मंदिर को बंद करने के साथ ही प्रदेश में 67 नये शराब दुकानो का खुलना सरकार की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान खड़ा करता है। अगले चरण में जिला





शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव जल्द ही किया जायेगा।

मंच को संबोधित करते हुए संगठन प्रभारी आलोक सिंह ने कहा कि आज पथरिया ब्लाक शिक्षा अधिकारी का घेराव किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी शिक्षको और बंद होने वाले स्कूलो के पालको के साथ खडी है। जब तक शिक्षको और बच्चो के साथ उचित न्याय नही किया जायेगा तब तक हम न्याय की इस लडाई को लड़ेगे ।

अनोखे अंदाज मे हुआ विरोध प्रदर्शन – पथरिया ब्लाक मे युक्तियुक्त करण का अनोखा प्रदर्शन देखने को मिलाए सभा स्थल के समीप स्थित हनुमान मंदिर मे प्रदेश सरकार की सद्बुद्धि के लिए प्रार्थना कर सभा की शुरुआत की गई जिसमें जिला संगठन प्रभारी सहित जिलाध्यक्ष शहर अध्यक्ष ब्लाक अध्यक्ष सहित कांग्रेसी मौजूद रहे।

आई ई डी ब्लास्ट मे शहीद हुए एडिशनल एस पी को दी गई श्रद्धांजलि मुंगेली बीते दिनों आई ई डी ब्लास्ट मे शहीद हुए एडिशनल एस पी स्व. आकाश राव गिरिपुंजे को श्रद्धांजलि दी गई। मालूम हो कि नक्सली हमले मे शहीद हुए थे। इस अवसर पर आलोक सिंह घनश्याम वर्मा, संजीत बनर्जी, हेमेंन्द्र गोस्वामी,आत्मा सिंह क्षत्रिय, राजा ठाकुर, स्वतत्रं मिश्रा, संजय यादव, श्रीमती जागेश्री वर्मा, श्रीमती उर्मिला यादव, श्रीमती मायारानी सिंह, श्रीमती हेमिन मंगेशकर, नरेश पाटले, दिलीप बंजारा, रमेश कश्यप, ग्वाल दास अनंत, अभिलाष सिंह, संतोष धृतलहरे, दिलीप कौशिक, नवनीत शुक्ला, अभिषेक सिंह यादव, संजय ठाकुर, दीपक साहू, संपत जायसवाल, ओंकार यादव, धर्मेंद्र श्रीवास, छोटू खान, प्रकाश भार्गव, गुरमीत बग्गा, आशुतोष पाण्डेय, उमेश सोनी, नेहरू साहू, मुकेश साहू, परविंदर खालसा, रशिद खान, घसिया लहरे, बाबू लाल जांगड़े, संतोष पाटले, जयराम साहू, संतोष पाली, विनोद कुर्रे, पुनाराम जोगी, ललीत धृतलहरे, इंद्रजीत कुर्रे, कौशल क्षत्रिय, श्वेता पाठक, नीरज यादव,विष्णु खाण्डे,रामकुमार साहू, धृतलहरे, राकेश साहू, वहाब खान, मनिष यादव, विक्की वर्मा, अशोक जायसवाल, तुलसी सोनवानी ,तारणी विश्वकर्मा, निर्मल दिवाकर, श्रवण सोनकर, कुशल राजपूत, टेक राम सोनवानी, तारण टंडन,मानस राजपूत, डा. रमेश कश्यप, बिंदु यादव, मानस राजपूत, आकाश दिव्य, अलख जायसवाल, संजय धुमसरे, सतीश खाण्डे, केशव खाण्डे, निर्मल दिवाकर, गुलाबा सिंह, सहित बडी संख्या में पथरिया मुंगेली लोरमी ब्लाक के कार्यकर्ता उपस्थित रहें

## प्लास्टिक कचरा प्रबंधन पर सख्ती, 12 विक्रेताओं पर जुर्माना

**स्वच्छता के लिए सख्त निर्देश**

**मुंगेली**, 12 जून (देशबन्धु)। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार नगर पालिका राजस्व तथा पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने ग्राम रेहुंटा में स्थित चखना केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने प्लास्टिक अपशिष्ट के अव्यवस्थित निपटान, खुले में कचरा फेंकने और जलाने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए 12 विक्रेताओं पर कुल 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया। एसडीएम पार्वती पटेल ने बताया कि निरीक्षण दल ने दुकानदारों और विक्रेताओं को सख्त हिदायत दी कि वे कचरा खुले में न फेंकें, बल्कि उसे निर्धारित डस्टबिन में रखें और नगर पालिका द्वारा संचालित टिपर वाहनों में ही डालें। इस अभियान में स्व-सहायता समूहों की महिलाओं ने भी सक्रिय भूमिका निभाई और क्षेत्र में फैले कचरे को एकत्रित कर नगर पालिका को सौंपा एसडीएम ने स्पष्ट किया कि स्वच्छता को लेकर



किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नगर पालिका मुंगेली के अधिकारियों ने नियमित निगरानी कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## सार-संक्षेप

### जिले में मत्स्याखेट 15 अगस्त तक प्रतिबंधित

**प्रजनन काल में मछलियों के संरक्षण हेतु बंद ऋतु घोषित**

**मुंगेली**, 12 जून (देशबन्धु)। राज्य शासन द्वारा वर्षा ऋतु में मछलियों के प्रजनन काल को ध्यान में रखते हुए 16 जून से 15 अगस्त तक के अवधि को (बंद ऋतु (क्लोज सीजन)) घोषित किया गया है। इस अवधि में जिले की समस्त नदियों, नालों, सहायक नदियों और उनसे जुड़े सिंचाई तालाबों व जलाशयों में मत्स्याखेट पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। मछली पालन विभाग के सहायक संचालक ने जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम 1972 तथा संशोधित अधिनियम 1981 के तहत इस अवधि में मत्स्याखेट करना दंडनीय अपराध है। नियमों का उल्लंघन करने पर दोषी को एक वर्ष तक का कारावास, या 10 हजार रुपये तक का जुर्माना, अथवा दोनों सजाएं एक साथ दी जा सकती हैं। यह प्रतिबंध केवल उन जलाशयों में लागू नहीं होगा, जहां केज कल्चर किया जा रहा है और जिनका कोई संपर्क नदी या नाले से नहीं है। छोटे निजी तालाब, जो किसी प्राकृतिक जल स्रोत से जुड़े नहीं हैं, भी इस नियम से बाहर रहेंगे। विभाग द्वारा मछुआरों व आमजन से अपील की गई है कि वे इस बंद ऋतु का पालन करें और मछलियों की प्रजनन क्षमता व जलज जीवों के संरक्षण में सहयोग दें।

### महिला आयोग द्वारा सुनवाई 16 को

**डॉ. किरणमयी नायक और सदस्य सरला कोसरिया करेंगी सुनवाई**

**मुंगेली**, 12 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग द्वारा महिलाओं से संबंधित विभिन्न प्रकरणों की सुनवाई 16 जून को बिलासपुर जिले में की जाएगी। यह सुनवाई प्रार्थना सभागृह, जल संसाधन परिसर, बिलासपुर में सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की गई है। महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक, जिन्हें कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त है, एवं आयोग की सदस्य श्रीमती सरला कोसरिया इस दौरान बिलासपुर, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही और मुंगेली जिले से संबंधित प्रकरणों की सुनवाई करेंगी इस सुनवाई का उद्देश्य महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाना, उनकी शिकायतों को गंभीरता से सुनकर समाधान सुनिश्चित करना और समाज में महिलाओं की गरिमा को सुरक्षित रखना है। आयोग ने संबंधित जिलों के अधिकारियों, पीड़ित पक्षों तथा अन्य पक्षकारों से समय पर उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

### राजपूत क्षत्रीय महासभा की बैठक 14 को

**तखतपुर** 12 जून (देशबन्धु)। राजपूत क्षत्रीय समाज महासभा की बैठक 14 जून को शाम 4 बजे महाराणा प्रताप मंगल भवन बरेला में अध्यक्ष ठा सुरेश सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई है। जिसमें आय व्यय, शपथ ग्रहण सहित अन्य विषयों पर चर्चा होगी। यह जानकारी सचिव राम सिंह ठाकुर ने दी।

### युवक ने लगाई फांसी

**तखतपुर** 12 जून (देशबन्धु)। घर के पंखे पर 22 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में ले लिया। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड 1 चुलघट रोड़ निवासी कान्हा यादव जो शराब पीकर आए दिन वाद विवाद किया करता था बीती रात्रि में 9 बजे वह खाना खाकर खाकर परिजनों से वाद विवाद कर रहा था इसके बाद वह कमरे में गया तथा कमरा बंद कर पंखे पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। परिजनों ने तत्काल सूचना थाने में दी। पुलिस ने पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में ले लिया।

### स्वच्छ भारत मिशन का असर अब गांवों में भी दिख रहा

**तखतपुर** 12 जून (देशबन्धु)। स्वच्छ भारत मिशन का असर अब गांवो में दिखने लगा हैं । पहले तो स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत घर घर शौचालय का



निर्माण कर गांव को ओडीएफ मुक्त किया गया। उसके बाद गांव के सुख एवं गिले कचरे के लिए सेट बनाया गया और बाहर से आने जाने वाले लोगों के लिए भीसार्वजनिक शौचालय का निर्माण किया गया । जिससे गांव गांव में स्वच्छता का के साथ अब गांव के महिलाओं को रोजगार भी मिलने लगा है। तखतपुर जनपद पंचायत अंतर्गत भी एक ऐसा ही ग्राम पंचायत गोकुलपुर है जहां स्वच्छ भारत मिशन के आने के बाद जहां घर घर शौचालय बनने से लोगों का घर से बाहर शौच बंद हुआ साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी आई। लगातार ग्रामीणों का सहयोग स्थानिक जनप्रतिनिधियों को मिलने से पंचायत में एक समन्वय बैठा जिससे ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों ने स्वच्छता पर लगातार कार्य किया। नव गठित पंचायत होने के बाद भी गांव में सीसी रोड, नाली, घर घर पेय जल, सार्वजनिक शौचालय, कचरा कलेक्शन शेड आदि का निर्माण कार्य किया गया। और अब गांव में कचरा कलेक्शन के लिए महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं लगाया गया है। जिससे ना केवल गांव स्वच्छता की ओर आगे बढ़ रहा है बल्कि महिलाओं को रोजगार भी मिल रहा हैं। गांव में स्वच्छता सम्बंधित कार्य होने से बीमारियों से भी दूर हो रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए सचिव धर्मेंद्र सिंगोर ने बताया कि सरपंच एवं पंचों के साथ गोकुलपुर के ग्रामीण भी स्वच्छता के कार्य में सहभागी बनते है। स्वच्छता के प्रति लोग जागरूक हुए है। लोग कचरा कलेक्शन में भी कचरा कलेक्शन करने वाली महिलाओं का सहयोग कर रहे है साथ ही अपने घर व आस पास को साफ सफाई रख रहे है।

## एक पेड़ मां के नाम उद्यमियों ने 23,500 पौधारोपण की दी सहमति

**जिले में जनसहभागिता से 4 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य**

**कलेक्टर बोले- सिर्फ पौधे लगाना नहीं, उनकी सुरक्षा भी जरूरी**




**मुंगेली**, 12 जून (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप (एक पेड़ मां के नाम) अभियान 2.0 के तहत जिले में बड़े पैमाने पर पौधारोपण की योजना तैयार की गई है। इस अभियान की कार्ययोजना और जनसहभागिता सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में कलेक्टर कुन्दन कुमार की अध्यक्षता में जिले के विभिन्न उद्यमियों की बैठक आयोजित की गई।कलेक्टर ने बताया कि इस वर्ष जिले में जनसहभागिता से कुल 4 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि सिर्फ पौधे लगाना पर्याप्त नहीं है, उनकी देखभाल और संरक्षण भी उतना ही आवश्यक है।उन्होंने बढ़ते प्रदूषण और घटते भूजल स्तर पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रत्येक उद्योग को पर्यावरणीय जिम्मेदारी के साथ कार्य करना चाहिए। वायु गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए हरियाली बढ़ाना जरूरी है। उन्होंने बड़े उद्योगों से अधिकाधिक पौधारोपण कर उदाहरण प्रस्तुत करने का आग्रह किया।बैठक में उद्योग प्रतिनिधियों ने 23,500 पौधे लगाने की सहमति दी। उद्यमियों ने अपने परिसरों, फेंसिंग और बाउंड्रीवॉल से युक्त क्षेत्रों में पौधारोपण करने की बात कही। साथ ही सड़क किनारे पौधारोपण के लिए मार्किंग, निगरानी समिति के गठन और फलदार, छायादार व औषधीय पौधों की व्यवस्था के सुझाव भी प्रस्तुत किए।बैठक में जिला वनमंडलाधिकारी अभिनव कुमार, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडेय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और उद्योग प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयुष मंत्रालय द्वारा निर्धारित योग का पूर्व अभ्यास कल से

**समर्पण-"वी"क्लब सामाजिक संस्था भी योगाभ्यास में सम्मिलित होगी**

मनेद्रगढ़। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा निर्धारित योग के प्रोटोकॉल के तहत सामान्य पूर्वाभ्यास , सरस्वती शिशु मंदिर के खेल प्रांगण में 13 जून को सुबह 6.30 से निशुल्क रूप से आयोजित किया जा रहा है। प्रातः कालीन सत्र में योग प्रशिक्षण, वरिष्ठ जिला योग प्रशिक्षक सतीश उपाध्याय, एवं महिला जिला प्रभारी श्रीमती बलवीर कौर के द्वारा संचालित किया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के एक दिन पूर्व आयुष मंत्रालय के निर्धारित प्रोटोकॉल के अंतिम योगाभ्यास आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर महिला समाजसेवी संस्था द एसोसिएशन क्लब ऑफ़ इंडिया की डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट अनीता फरमानिया अध्यक्ष बबीता अग्रवाल, सचिव -मधु जैन, सविता अग्रवाल, पम्मी अरोड़ा, प्रीति एवं पतंजलि योग समिति की सदस्य रूपा पोद्दार - के अतिरिक्त वी- क्लब समर्पण की समस्त महिला पदाधिकारी योगाभ्यास में सम्मिलित होगी। 20जून को प्रोटोकॉल सामान्य योग का अंतिम अभ्यास कार्यक्रम प्रातः 7.00 बजे से सरस्वती शिशु मंदिर के खेल प्रांगण में प्रारंभ होगा। जिसके



अन्तर्गत शिथिलीकरण के अभ्यास, खड़े होकर किए जाने वाले आसन ताड़ासन, वृक्षासन, पाद हस्तासन, अर्ध चक्रासन, त्रिकोणासन, बैठकर किए जाने वाले आसन भद्रासन, अर्ध उष्ट्रासन, शशांक आसन, वक्रासन, उदर के बल लेटकर किए जाने वाले आसन भुजंगासन ,शलभासन, मकरासन, पीठ के बल लेट कर किए जाने वाले आसन सेतुबंधासन, पवनमुक्तासन, शवासन का अभ्यास कराया जाएगा इसके अतिरिक्त कपालभाति क्रिया प्राणायाम अनुलोम विलोम भ्रामरी प्राणायाम के बाद संकल्प एवं शांति पाठ के साथ योग सत्र का समापन किया जाएगा। पतंजलि योग समिति से जुड़े वरिष्ठ योग प्रशिक्षक सतीश उपाध्याय ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर होने वाले पूर्वाभ्यास में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता की पुरजोर अपील की है। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, वृद्ध आश्रम, न्यायालय , जनपद स्तरीय शासकीय कार्यालयों में आयुष मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामान्य योग अभ्यास क्रम, (प्रोटोकॉल,) कराया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए योग प्रशिक्षक सतीश उपाध्याय के मोबाइल नंबर 93000 91563 या अग्रवाल लॉज रोड वार्ड नंबर 10 में स्थित पतंजलि योग समिति के कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

## बाल-बाल बची यात्री की जान

**रायपुर**, 12 जून (देशबन्धु)। चलती ट्रेन में चढ़ने की लापरवाही किसी भी समय जानलेवा साबित हो सकती है लेकिन जब सतर्कता और कर्तव्यनिष्ठा जैसे गुण किसी सुरक्षाकर्मी में हों तो बड़ा हादसा भी टल सकता है। ऐसा ही एक उदाहरण सामने आया है राजनांदगांव रेलवे स्टेशन सेए जहां



रेलवे सुरक्षा बल ;त्ध्थ्द्ध के निरीक्षक समीर खलखो ने अपनी सूझबूझ और त्वरित कार्रवाई से एक यात्री की जान बचाकर मानवता की मिसाल पेश की। यह घटना उस वक्त घटी जब गाड़ी संख्या 07005 ;चेरलापल्ली रक्सौल एक्सप्रेस स्टेशन से रवाना हो रही थी। राजनांदगांव रेलवे स्टेशन पर सुबह 11.05 बजे ट्रेन के आगमन के बादए निर्धारित ठहराव के पश्चात 11.09 बजे वह स्टेशन से प्रस्थान कर रही थी। उसी समय एक यात्री चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश में असंतुलित होकर प्लेटफॉर्म और ट्रेन के बीच फंस गया। यह दृश्य किसी भी गंभीर हादसे में तब्दील हो सकता थाए लेकिन मौके पर ड्यूटी पर तैनात निरीक्षक समीर खलखो ने तत्काल सक्रियता दिखाते हुए दौड़कर यात्री को खींचकर सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इस प्रयास में उनके साथ सहायक उप निरीक्षक आरण् एसण् बागड़ेरिया भी उपस्थित थे। घटना के बाद सुरक्षित यात्री ने आरपीएफअधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया और उनके साहसिक कार्य की सराहना की।

प्रथम पृष्ठ का शेष

**अहमदाबाद विमान हादसे में...**

कनाडाई नागरिक समेत कुल 230 यात्री सवार थे। बाकी 12 क्रू मेंबर्स थे। हादसे में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का भी निधन हो गया है। भाजपा के राज्यसभा सांसद परिमल नाथवानी ने एक्स पर यह जानकारी दी। हालांकि कुछ देर बाद उन्होंने अपनी पोस्ट डिलीट कर दी।

**डॉक्टर्स हॉस्टल पर क्रैश हुआ विमान**

प्लेन जिस बिल्डिंग से टकराया, वहां अहमदाबाद के सिविल हॉस्पिटल के डॉक्टर्स रहते हैं। जानकारी के मुताबिक हादसे के समय इमारत में 50 से 60 डॉक्टर मौजूद थे, इनमें 15 से ज्यादा घायल हो गए हैं। हादसे की जगह से मिले ज्यादातर शव इतनी बुरी तरह झुलस चुके हैं कि उनकी पहचान करने में बेहद मुश्किल आ रही है। उनकी पहचान डीएनए टेस्ट के बाद ही संभव होगी। दुर्घटना के मद्देनजर, सभी विवरणों के समन्वय के लिए नागरिक उड्डयन मंत्रालय में एक परिचालन नियंत्रण कक्ष सक्रिय कर दिया गया है। जिसका नंबर: 011-24610843 7 9650391859 है।

**विमान उड़ान भरते ही परिसर के बाहर गिरा**

डीजीसीए ने बताया कि विमान में दो पायलट और केबिन क्रू के 10 सदस्यों समेत 242 यात्री सवार थे। विमान को कैप्टन सुमीत सभरवाल और फर्स्ट ऑफिसर क्लाइव कुंदर उड़ा रहे थे। डीजीसीए ने बताया कि विमान ने अहमदाबाद एयरपोर्ट के रनवे 23 से दोपहर 1 बजकर 38 मिनट पर उड़ान भरी। उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही पायलट ने एटीसी को मेडे की कॉल की थी, लेकिन जब एटीसी ने एयरक्राफ्ट से संपर्क साधने की कोशिश की तो कोई जवाब नहीं मिला। विमान उड़ान भरते ही एयरपोर्ट परिसर के बाहर गिर गया, जिसके बाद धुएं का बड़ा गुबार दिखाई दिया। विमान हादसे के बाद बचाव और राहत कार्य के लिए एनडीआरएफ की कई टीमें मौके पर भेजी गई हैं।

**बोइंग के ड्रीमलाइनर की यह पहली घातक दुर्घटना**

नई दिल्ली। अहमदाबाद में गुरुवार को ड्रीमलाइनर विमान की दुर्घटना अमेरिकी विमान निर्माता कंपनी बोइंग के किसी 787 ड्रीमलाइनर विमान की पहली भीषण दुर्घटना है, जिसमें विमान पूरी तरह से नष्ट हो गया और विमान में सवार करीब सभी लोग मारे गए हैं। समाचारपत्र न्यूयार्क टाइम्स में प्रकाशित एक लेख के मुताबिक बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमानों में परिचालन संबधी कई खामियां पहले सामने आती रही हैं, लेकिन इन विमानों के साथ अभी तक कोई जानलेवा हादसा नहीं हुआ था। ड्रीमलाइनर भारत में पहली बार एयर इंडिया के बेड़े में 2012 में शामिल किए गए थे। ये विमान अपनी उच्च तकनीक, ईंधन की बचत और यात्रियों के लिए अधिक आरामदायक होने के कारण विश्वभर की एयरलाइनों की पंसद बने हुए हैं।

**68 वर्ष के थे विजय रूपाणी...**

दिया गया। विजय रूपाणी का जन्म 2 अगस्त 1956 को रंगून (अब यांगून) में हुआ था। राजनीतिक उथल-पुथल के कारण उनका परिवार गुजरात के राजकोट आ गया। सौराष्ट्र विश्वविद्यालय से उन्होंने बीए और एलएलबी की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद वह आरएसएस और इसके छात्र संगठन एबीवीपी के माध्यम से छात्र राजनीति में सक्रिय हुए। रूपाणी ने अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत 1987 में राजकोट में नगरसेवक के रूप में की।

**भोथली में किसान ...**

था। आईपीएल 2025 के दौरान सेमीफाइनल मैच के लिए भी उन्होंने 39 रुपए लगाकर टीम बनाया था। आईपीएल के सेमीफाइनल में पंजाब व मुंबई के मुकाबले कीर्तन साहू ने एक टीम तैयार किया था, जिसमें उसे फर्स्ट रैंक मिला है।

कीर्तन साहू ने बताया कि शुरुआती दौर में उन्हें यकीन नहीं हो रहा था लेकिन जब कंपनी की तरफ से फोन आया तब उन्हें विश्वास हुआ। ड्रीम 11की ओर से उन्हें 4 करोड़ की राशि में से 30त्न जीएसटी लगाकर शेष राशि कीर्तन साहू को प्रदान की गई है। 4 करोड़ जीतने वाले किसान कीर्तन साहू ने बताया कि यह राशि उनकी मेहनत का पैसा है इसलिए गांव में जमीन, घर व व्यवसाय स्थापित करने के लिए इसका उपयोग करेगा।

जानकारी के मुताबिक कीर्तन साहू के पिता अन्कालु राम साहू गांव के पंचायत में भृत होने के साथ किसान भी है, ऐसे में कीर्तन साहू भी गांव में खेती किसानी करता है।


## प्रभारी संस्था प्रबंधक को हटाने की सिफारिश

**तखतपुर** 12 जून (देशबन्धु)। संस्था प्रबंधक को हटाने के लिए प्राधिकृत अधिकारी ने उपायुक्त सहकारिता को पत्र लिखा है। लिखे पत्र में प्राधिकृत अधिकारी राधे लाल ध्रुव ने कहा है कि सेवा सहकारी समिति भरारी में अस्थायी रूप से नेवरा के विक्रेता के पद पर कार्यरत हेमंत कुमार साहू को प्रभार दिया गया है लेकिन उसके द्वारा अपने पद का दुरूपयोग किया जा रहा है समिति के कार्य करने में लापरवाही बरती जा रही है साथ ही समिति के खाता एवं अमानत खाता में भारी अनियमितता कर आर्थिक नुकसान पहुंचाया जा रहा है मनमाने ढंग से अपने वेतन को बढ़ाकर आहरित किया जा रहा है चार माह के ही कार्यकाल में तीन लाख रूपए से अधिक की राशि का दुरूपयोग किया गया है इसे तत्काल हटाते हुए मूल स्थान पर भेजा जाए।

## निधन

### सुनीता गंधर्व

**तखतपुर।** ग्राम सागर निवासी सुनीता गंधर्व का 48 वर्ष की आयु मे 12 जून को निधन हो गया



वे सेवक राम गंधर्व पत्नी और शरद , सुनील के माता थी इनका अंतिम संस्कार 12 जून दोपहर 2 बजे गृह ग्राम सागर के मुक्ति धाम मे किया जायेगा।

### सुखराम यादव

**तखतपुर।** ग्राम पकरिया निवासी सुखराम यादव का 65 वर्ष की आयु में 11 जून को निधन हो गया इनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम में किया गया यह सोनू यादव के पिता थे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का सोनोग्राफी मशीन 5 माह से नदारत

**तखतपुर** 12 जून (देशबन्धु)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तखतपुर से पांच माह पूर्व जिला अस्पताल में बनने के लिए गया सोनोग्राफी मशीन आज तक तखतपुर वापस नही आया। पिछले दिसम्बर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तखतपुर में सोनोग्राफी मशीन आया था और मशीन को जैसे ही खोला गया तो वह बिगड़ा हुआ था दूसरे दिन ही मशीन की मरम्मत के लिए जिला अस्पताल बिलासपुर भेजा गया और वह मशीन आज तक बनकर वापस नही आया है। लोगों को उम्मीद थी कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोनोग्राफी मशीन आ जाने से लोगों को कम पैसे में जांच हो सकेगा लेकिन यह केवल यह सपना ही बनकर रह गया। अब अस्पताल में आने वाले मरीज बाहर जाकर अधिक पैसे में जांच कराने के लिए मजबूर है। आपरेशन के मामले में भी स्थिति बदतर है यहां पर न तो ब्लक बैंक है और न ही पूर्ण रूप से व्यवस्थित आपरेशन कक्ष नही है जिसके कारण यहां पर मरीजों का आपरेशन भी नही हो पा रहा है। स्वास्थ्य केंद्र में शिशु रोग विशेषज्ञ भी नही है जबकि इस स्वास्थ्य केंद्र में सैकड़ों मरीज शिशु रोग के पहुंचते है केवल पर्ची बनाकर वापस लौट जा रहे है।

नसबंदी के ही एक दो केस इस स्वास्थ्य केंद्र में आते है है जिसका ही काम हो रहा है। बाकि अन्य मामलों में मरीजों को या तो निजी चिकित्सकों के भरोसे रहना पड़ता है या फिर हास्पिटल से जिला रिफर कर अपनी मुक्ति पा लेता है स्वास्थ्य केंद्र रहने के बाद भी लोगों को ईलाज के लिए बाहर भटकना पड़ रहा है।

सोनोग्राफी मशीन खराब थी जिसे बनाने के लिए भेजा गया है पर आज तक वह बनकर नही आया। इस संबंध में जिला अस्पताल को कई बार सूचित किया गया है। उमेश कुमार साहू बीएमओं तखतपुर।

एमपीकॉन लिमिटेड
MPCON LIMITED
भारत सरकार का उपक्रम
Ground Floor, Rajiv Gandhi Bhawan-2, 35, Shyamla Hills, Bhopal-462002
INVITING APPLICATIONS FOR EMPANELMENT
MPCON Limited, invites applications from Project & Technical Consultancy Service Providers for empanelment. Detailed Terms/ Conditions & Application form available at www.mpconsultancy.org. Application should be received within 15 days from the advertisement.

न्यायालय नजूल अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)
// ईश्तहार //
राजस्व प्रकरण क्रमांक 217/अ-20(1)/2024-2025
पक्षकार- मदन शर्मा
पिता स्व. प्रहलाद राम शर्मा ....... आवेदक
विरूद्ध
छत्तीसगढ़ शासन ............... अनावेदक
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मदन शर्मा पिता स्व. प्रहलाद राम शर्मा निवासी खपरगंज, बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा स्वतः/ अधिवक्ता के माध्यम से नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला शनिचरी बाजार शीट नं 34, प्लाट नंबर 8/36 रकबा 450 वर्गफीट भूमि को स्थायी पट्टे पर आवासीय/ व्यवसायिक उपयोग हेतु उसके ..... नाम से स्वीकृत है। जिसका पट्टा समाप्ति की तिथि 01/04/2024 के लिये आवेदक अगले 30 वर्षों के लिए उपरोक्त भूमि का नवीनीकरण के लिये आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। आवेदक की स्थायी पट्टे की लीज नवीनीकरण हेतु प्रस्तावित है।
अतः इस संबंध में किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उक्त भूमि के नवीनीकरण किये जाने में कोई आपत्ति हो तो वे अपना आपत्ति दिनांक 24/06/2025 को स्वतः/ अधिवक्ता के माध्यम् से न्यायालय में शाम 5:30 बजे तक उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। इसके पश्चात् तिथि/ समय में आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा एवं आवेदक की स्थायी पट्टे पर विचाराधीन भूमि के नवीनीकरण की कार्यवाही कर ली जायेगी। उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति विचारणीय नहीं होगा।
आज दिनांक 10/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
सील
नजूल अधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)

# देश

**उवाच**



"अहमदाबाद में जो घटना हुई है, वह दुखद है। मुझे पता चला है कि विमान में करीब 242 लोग सवार थे और मेरी भगवान से प्रार्थना है कि इस हादसे में किसी की जान को कोई नुकसान न हो। साथ ही सरकार को इस घटना की जांच करनी चाहिए, ताकि ऐसी घटना दोबारा न हो।"
–नाना पटोले, कांग्रेस नेता

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 42° | 34° |
| मुंबई | 32° | 29° |
| कोलकाता | 33° | 28° |
| चेन्नई | 32° | 28° |

# अहमदाबाद विमान दुर्घटना पर दुनियाभर में शोक

## ■ वैश्विक नेताओं ने जताया दुख, बताया भीषण त्रासदी ■ शहर के मेघानीनगर इलाके के पास हुआ दर्दनाक हादसा

**नई दिल्ली,** 12 जून (एजेंसियां)। अहमदाबाद एयरपोर्ट से उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद लंदन जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट एआई171 के दुर्घटनाग्रस्त होने की खबर से दुनियाभर में शोक की लहर दौड़ गई है। विमान में 240 से अधिक यात्री सवार थे। यह हादसा शहर के मेघानीनगर इलाके के पास हुआ। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने इस दुर्घटना को विनाशकारी दृश्य बताते हुए गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, अहमदाबाद में लंदन जा रहे विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की खबर बेहद दुखद है।



इस विमान में कई ब्रिटिश नागरिक सवार थे। मैं लगातार स्थिति की जानकारी ले रहा हूं। मेरी संवेदनाएं पीड़ितों और उनके परिजनों के साथ हैं। विमान में कम से कम 169 भारतीय और 53 ब्रिटिश नागरिक सवार थे और यह लंदन के गैटविक हवाई अड्डे की ओर जा रहा था। ब्रिटेन के रक्षा मंत्री डेविड लैमी ने भी हादसे पर गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अहमदाबाद में हुए इस भीषण विमान हादसे की खबर से बेहद दुखी हूं। सभी प्रभावित लोगों के साथ मेरी संवेदनाएं हैं। यूके सरकार स्थानीय भारतीय अधिकारियों के साथ मिलकर तथ्य जुटाने और सहायता पहुंचाने में जुटी है। ब्रिटिश कंज़र्वेटिव पार्टी की सांसद प्रीति पटेल ने यूके सरकार से अपील की कि वह भारत सरकार के साथ मिलकर ब्रिटिश परिवारों को मदद पहुंचाए। उन्होंने कहा कि अहमदाबाद में हुए विमान हादसे से प्रभावित सभी लोगों के लिए मेरी प्रार्थनाएं हैं। यह हादसा उन परिवारों के लिए अत्यंत चिंता का विषय है, जिनके प्रियजन विमान में सवार थे। सरकार को तत्काल भारतीय अधिकारियों के साथ मिलकर ब्रिटिश नागरिकों की मदद करनी चाहिए। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने भी इस दुखद हादसे पर गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि भारत में हुए यात्री विमान हादसे की भयावह खबर मिली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत की जनता के प्रति मेरी गहरी संवेदना। हम भारत, यूके, पुर्तगाल और कनाडा के पीड़ितों के साथ हैं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। भारत में रूस के राजदूत डेनिस अलिपोव ने भी हादसे को भीषण त्रासदी बताया और कहा कि अहमदाबाद से दिल दहला देने वाली खबर आ रही है। पीड़ितों के परिजनों, भारत की जनता और सरकार के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने लिखा कि अहमदाबाद, गुजरात में विमान दुर्घटना की खबर जानकर व्यथित हूं। इस हादसे में हताहत हुए सभी लोगों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं।

## विजय रूपाणी की मौत पर तमाम नेताओं ने जताया दुख

गुजरात के अहमदाबाद एयरपोर्ट से उड़ान भरने के तुरंत बाद लंदन जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट एआई171 गुरुवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में विमान में सवार भाजपा के वरिष्ठ नेता और गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी की मौत हो गई। रूपाणी की मौत पर राजनीतिक जगत में शोक की लहर है। कई नेताओं ने उनकी मौत पर दुख जताया।



रूपाणी की मौत पर दुख जताते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा विमान हादसे में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय रूपाणी का निधन अत्यंत दुखद और पीड़ादायक है। उनका जाना भाजपा परिवार के साथ-साथ गुजरात और देश की राजनीति की अपूरणीय क्षति है। असहनीय दुख और पीड़ा की इस घड़ी में परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं और दुआ कर रहा हूं कि परिवार को तकलीफ सहन कर पाने की ताकत मिले। विनम्र श्रद्धांजलि। भाजपा के राज्यसभा सांसद संबित पात्रा ने लिखा अहमदाबाद में हुए दुर्भाग्यपूर्ण विमान हादसे में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा परिवार के वरिष्ठ सदस्य विजय रूपाणी के दुखद निधन का समाचार अत्यंत पीड़ादायक और मन को झकझोर देने वाला है।

## मृतकों के परिवारों को एक करोड़ रुपए की मदद देगा टाटा ग्रुप

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया की अहमदाबाद से लंदन जा रही फ्लाइट एआई 171 के क्रैश में मारे गए लोगों के परिवारों के लिए टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने गुरुवार को एक करोड़ रुपए की मदद का ऐलान किया गया है। टाटा ग्रुप की ओर से जारी बयान में चंद्रशेखरन ने कहा कि इस हादसे में घायल सभी लोगों का मेडिकल खर्च टाटा ग्रुप वहन करेगा। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि उन्हें जरूरी देखभाल और सपोर्ट मिले। बयान में आगे कहा गया कि इसके अतिरिक्त, टाटा ग्रुप बी जे मेडिकल छात्रावास के निर्माण में भी सहायता प्रदान करेगा। टाटा ग्रुप ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, एयर इंडिया फ्लाइट 171 से जुड़ी दुखद घटना से हम बहुत दुखी हैं। इस समय हम जो दुख महसूस कर रहे हैं, उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं उन परिवारों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है और जो घायल हुए हैं। पोस्ट में आगे लिखा कि हम इस मुश्किल समय में प्रभावित परिवारों के साथ दृढ़तापूर्वक खड़े हैं। इससे पहले चंद्रशेखरन ने विमान दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा था कि एयरलाइन का प्राथमिक ध्यान सभी प्रभावित लोगों और उनके परिवारों की सहायता करना है।

# अयोध्या को 'मदिरायल' बना रही योगी सरकार : अजय राय

## कुंभ मृतकों का आंकड़ा छिपाने का लगाया आरोप

**नई दिल्ली,** 12 जून (एजेंसियां)। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने पैसा कमाने के लिए पवित्र नगरी अयोध्या को 'मदिरायल' में तब्दील कर दिया है और वहां प्रतिबंधित क्षेत्र में शराब बेची जा रही है। कांग्रेस के उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अजय राय ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जिस अयोध्या को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, उसका सच अब सामने आ गया है।



साफ है कि इस सरकार ने पैसे कमाने के लिए अयोध्या में शराब की दुकानें खोली हैं। भगवान राम की अयोध्या नगरी को मदिरामय कर दिया गया है। यह अयोध्या का अपमान है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में नगर निगम कार्यसमिति ने गत एक मई को राम पथ के 13 किलोमीटर के दायरे में शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया था लेकिन असलियत यह है कि रामजन्मभूमि के आसपास के कई इलाकों में शराब की दुकानें संचालित हो रही हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि सरकार ने महाकुंभ को लेकर फिलहाल कोई आंकड़ा जारी नहीं किया है। सरकार ने भगदड़ में 37 मौतों की पुष्टि की है जबकि एक रिपोर्ट के अनुसार 82 लोगों की मौत हुई है। सरकार ने 36 लोगों को 25-25 लाख रुपए दिए, 26 लोगों को पांच-पांच लाख रुपए दिए। यह पैसा जिला अधिकारी और तहसील के लोग देते हैं लेकिन सरकार ने पैसे पुलिस से दिलवाए- जो कि अपने आप में बड़ा सवाल है।

महाकुंभ भगदड़ के मृतकों में 19 लोगों का कोई वारिस नहीं था। राय ने इस बात पर आश्चर्य व्यक्त किया कि सरकार ने आरएसएस के पूर्व विचारक गोविंदाचार्य के भाई केएन वासुदेवाचार्य का नाम भी लावारिस की सूची में डाल दिया और उनके शव का वाराणसी में लावारिस तरीके अंतिम संस्कार कराया है।

## सार संक्षेप

### जम्मू-कश्मीर की दो जेलों की सुरक्षा सीआईएसएफ के हवाले

**श्रीनगर।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने जम्मू-कश्मीर की दो केंद्रीय जेलों की सुरक्षा का जिम्मा संभाल लिया है। सीआईएसएफ ने जम्मू-कश्मीर पुलिस से जम्मू और श्रीनगर हवाई अड्डों की सुरक्षा का जिम्मा लेने के करीब तीन साल बाद यह कदम उठाया है। सीआईएसएफ ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि उसे श्रीनगर जेल की सुरक्षा करने पर बहुत गर्व है, यह जेल हर समय एक मजबूत व सतर्क सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करती है।

### फार्मा इकाई में गैस रिसाव से दो कर्मचारियों की मौत

**अंकापल्ले/आंध्र प्रदेश।** आंध्र प्रदेश के अंकापल्ले जिले में एक फार्मा इकाई से गुरुवार तड़के जहरीली गैस रिसाव के कारण दो कर्मचारियों की मौत हो गई और एक अन्य की हालत गंभीर है। पुलिस ने यहां बताया कि यह घटना परवाड़ा फार्मा सिटी में साईं श्रेयम फार्मास्युटिकल प्राइवेट लिमिटेड में हुई। उन्होंने बताया कि गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### भारी वर्षा के कारण कर्नाटक के कई हिस्से जलमग्न

**हुबली।** उत्तर कर्नाटक के धारवाड़, हुबली और गदग जिलों में रातभर हुई वर्षा के कारण आई बाढ़ के कारण कई बड़े हिस्सों में व्यापक तबाही हुई है। भारतीय मौसम विभाग ने धारवाड़ जिले में रेड अलर्ट जारी किया है जिसको लेकर आपातकालीन उपाय किए जा रहे हैं। टुपरी झील के बढ़े जलस्तर के कारण सभी रास्ते बंद हैं। जिला प्रशासन ने तत्काल बचाव अभियान शुरू किया है। हुबली की रंभापुर कॉलोनी में 1` से अधिक घर जलमग्न हो गए, जिससे स्थानीय लोगों को परेशानी की सामना करना पड़ रहा है। अंबिका नगर इलाके में तेज बारिश के कारण एक बड़ा पेड़ उखड़ गया। इस घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

### धान का खरीद मूल्य 25 सौ रुपए प्रति क्विंटल : स्टालिन

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने धान का खरीद मूल्य बढ़ाकर 2,5 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया है। स्टालिन गुरुवार को यहां 17.15 लाख एकड़ से अधिक कावेरी डेल्टा क्षेत्र में सिंचाई और किसानों को 'कुरुवई' फसल की खेती में सक्षम बनाने के लिए मेट्टूर बांध के स्टेनली जलाशय के स्लुइस गेट खोलने के तुरंत बाद सेलम में एक समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अपने संबोधन की शुरुआत इस घोषणा के साथ की कि अब से किसानों को धान के लिए 2,5 रुपए प्रति क्विंटल की खरीद मूल्य मिलेगा। उन्होंने कहा कि धान की साधारण किस्म के लिए खरीद मूल्य 131 रुपए और बढ़िया किस्म के लिए 156 रुपए कर दिया गया है।

## बंगाल के महेशतला में निषेधाज्ञा लागू , 40 गिरफ्तार

**कोलकाता,** 12 जून (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल में दक्षिण 24 परगना जिले के महेशतला में बुधवार को दो समूहों के बीच हिंसक झड़प के बाद एक मंदिर में तोड़फोड़ से तनाव की स्थिति निर्मित हो गयी और और स्थानीय प्रशासन ने गुरुवार को इलाके में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (पूर्व में धारा 144 ) की धारा 163 लागू कर दी। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक पुलिस ने करीब 40 संदिग्धों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने लोगों को हिंसा में शामिल न होने की चेतावनी दी है। सशस्त्र बलों ने कानून लागू करने वालों पर हमला करने वाले संदिग्धों की तलाश में नए सिरे से तलाशी अभियान शुरू किया है, जिसमें कई सुरक्षाकर्मी घायल हो गए थे। उन्होंने बताया कि पुलिस ने सात प्राथमिकी दर्ज की हैं और उपद्रवियों को गिरफ्तार किया है।

हिंसा प्रभावित इलाके के निवासी आज घरों के अंदर ही रहे। इलाके में दुकानें और बाजार बंद रहे। महेशतला में कल शिव मंदिर के सामने दुकानों के निर्माण को लेकर विवाद के बाद हिंसा भड़क उठी। स्थानीय निवासियों ने इस कदम का विरोध किया और इसके बजाय एक छोटा तुलसी मंदिर बनाया, जिसके कारण कथित तौर पर हिंसक प्रतिक्रिया हुई। हिंसा को रोकने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे और कोलकाता से अतिरिक्त बल बुलाया। पथराव के दौरान एक महिला कांस्टेबल सहित कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। अब रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) को तैनात किया गया है।

# सकारात्मक बदलाव लाना हो सिविल सेवकों का ध्येय : ओम बिरला

## एलबीएसएनएए में इंडक्शन ट्रेनिंग कार्यक्रम के समापन समारोह को किया संबोधित

**नई दिल्ली/मसूरी,** 12 जून (देशबन्धु)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को इस बात पर जोर दिया कि लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना सिविल सेवकों का ध्येय होना चाहिए। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों से समाज की बेहतरी के साथ ही लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए नवाचार और पारदर्शिता को शासन के माध्यम के रूप में अपनाने की अपील की।

अपने व्यक्तिगत अनुभवों का उदाहरण देते हुए बिरला ने कहा कि वंचित वर्गों के लोग सिविल सेवकों की ओर आशा भरी नजरों से देखते हैं। ऐसे में अधिकारियों की यह जिम्मेदारी है कि वे इन आशाओं को पूरा करने के लिए करुणा, निष्पक्षता और कर्तव्य की भावना के साथ कार्य करें तथा समाज के सभी वर्गों के कल्याण में सार्थक योगदान दें। बिरला ने यह टिप्पणियां लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (एलबीएसएनएए), मसूरी द्वारा आयोजित 127वें इंडक्शन ट्रेनिंग कार्यक्रम में प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करते हुए कीं।



लोकतांत्रिक मूल्यों, सादगी और सत्यनिष्ठा की प्रतीक एलबीएसएनएए
मसूरी : ओम बिरला

इस बात का उल्लेख करते हुए कि लाल बहादुर शास्त्री प्रशासन अकादमी (एलबीएसएनएए), मसूरी लोकतांत्रिक मूल्यों, सादगी और सत्यनिष्ठा का प्रतीक है, बिरला ने राष्ट्र निर्माण में इस अकादमी के योगदान के बारे में विस्तार से बात की।

### अधिकारियों को बताया कर्मयोगी

अधिकारियों को कर्मयोगी बताते हुए उन्होंने उन्हें राष्ट्र की समृद्धि और प्रगति में सक्रिय रूप से योगदान करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम से उनका दृष्टिकोण और व्यापक होगा और उन्हें शासन के प्रति नए दृष्टिकोण की प्रेरणा मिलेगी। यह कहते हुए कि लोकतंत्र के तीन स्तंभ हैं, जिनमें कार्यपालिका की भूमिका महत्वपूर्ण है, बिरला ने इस बात पर जोर दिया कि नीतियां बनने के बाद उन्हें प्रभावी ढंग से लागू करना अधिकारियों की जिम्मेदारी है। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के बारे में बात की।

## लोस अध्यक्ष ने निरंतर शिक्षण व प्रशिक्षण के महत्व पर दिया जोर

लोकसभा अध्यक्ष ने निरंतर शिक्षण और प्रशिक्षण के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विकसित होती प्रौद्योगिकियों, बदलती सामाजिक अपेक्षाओं और बदलते वैश्विक संदर्भों के साथ, प्रशासकों को अद्यतन जानकारी हासिल करनी चाहिए और आत्म-चिंतन भी करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान अपने साथियों के साथ अनुभवों के आदान-प्रदान से समझ बढ़ती है तथा नई और बेहतर प्रेक्टिसेस को अपनाने की प्रेरणा भी मिलती है। अधिकारी के पास आने वाले हर नागरिक को यह महसूस होना चाहिए कि उसकी बात सुनी जा रही है और उसकी सहायता की जा रही है। उन्होंने अधिकारियों से आग्रह किया कि वे हर मामले को अपनी व्यक्तिगत जिम्मेदारी के रूप में लें और यह सुनिश्चित करें कि किसी की बात भी अनसुनी न रहे और कोई भी उपेक्षित न रहे। उन्होंने जोर दिया कि सच्ची खुशी व्यक्तिगत लाभ से नहीं बल्कि सार्थक कार्य करने से मिलती है। किसी आम आदमी की समस्या को सुलझाने या न्याय दिलाने से न केवल उनका आशीर्वाद मिलता है बल्कि उद्देश्यपूर्ण कार्य करने की भावना भी मजबूत होती है।

# बिहार में मुखियाओं की ताकत में इजाफा

**पटना,** 12 जून (देशबन्धु)। बिहार में इस साल विधानसभा के चुनाव होने हैं। विधानसभा चुनाव में जीत दिलाने में पंचायत प्रतिनिधियों की बड़ी भूमिका होती है। विधानसभा चुनाव में पंचायत प्रतिनिधियों की अहमियत को ध्यान में रखते हुए एनडीए की सरकार ने खजाना खोल दिया है। वहीं उन्हें नए अधिकार भी दे दिए हैं। दरअसल, बिहार सरकार ने मुखियाओं को मनरेगा के तहत अब 10 लाख रुपए तक की योजनाओं को स्वीकृत करने का अधिकार दिया है। इससे पहले मुखिया केवल 5 लाख रुपए तक की योजनाओं को ही मंजूरी दे सकते थे।

यह घोषणा नीतीश कुमार ने पंचायत प्रतिनिधियों के साथ गुरुवार को हुई बैठक में की। इसके साथ ही, सरकार ने पंचायत प्रतिनिधियों के मासिक भत्ते को डेढ़ गुना बढ़ाने का आदेश भी जारी किया है। पहले पंचायत प्रतिनिधियों को केवल आकस्मिक मृत्यु पर 5 लाख रुपए का अनुग्रह अनुदान मिलता था, लेकिन अब उनके कार्यकाल में सामान्य मृत्यु होने पर भी 5 लाख रुपए की राशि दी जाएगी। इसके अलावा, पंचायत प्रतिनिधि यदि बीमारी से ग्रसित होते हैं तो



■ मनरेगा के तहत अब दस लाख तक की योजनाओं को देंगे अनुमति

उन्हें मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष से स्वास्थ्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। पंचायत प्रतिनिधियों के शस्त्र अनुज्ञप्ति के आवेदन जिला पदाधिकारी को नियत समय सीमा में पूरी करने की जिम्मेदारी दी गई है। तीन स्तरों वाली पंचायती राज संस्थाओं द्वारा प्राप्त 15वें वित्त आयोग और राज्य वित्त आयोग की राशि का उपयोग तेजी से करने के लिए विभागीय स्तर पर 15 लाख रुपए तक की योजनाओं का कार्यान्वयन भी किया जा सकेगा। विधानसभा चुनाव से पहले सरकार के इस फैसले को काफी अहम माना जा रहा है।

### विस चुनाव को लेकर इंडिया महागठबंधन की बैठक संपन्न

आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर इंडिया महागठबंधन की समन्वय समिति बैठक खत्म हो गई है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के आवास पर हुए बैठक में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लवारु सहित दूसरी पार्टी के नेता मौजूद रहे। घंटों चली बैठक में आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर सभी पार्टियों ने अपनी राय दी। बैठक का नेतृत्व तेजस्वी यादव कर रहे थे। पिछली तीन बैठकों के बाद यह अनुमान लगाया जा रहा था कि इस बार गठबंधन में सीटों के बंटवारे पर चर्चा होगी और फैसला लिया जाएगा। लेकिन इस बार भी इस पर फैसला नहीं हुआ। राजद नेता अब्दूल बारी सिद्दीकी ने बताया कि सभी दलों ने अपनी बात रखी, जिन्हें कमिटी ने गौर से सुना है। इस दौरान सीट बंटवारे पर उन्होंने बताया कि इस पर फैसला नहीं हुआ है। तेजस्वी यादव को इसके लिए अधिकृत किया गया है।

## केरल में 4451 होटलों पर छापे, 80 को किया बंद

**तिरुवनंतपुरम,** 12 जून (एजेंसियां)। केरल में विषाक्त भोजन के कई मामले सामने आने के बाद, खाद्य सुरक्षा विभाग ने ऑपरेशन मानसून के तहत 4451 होटलों पर छापेमारी की और स्वच्छता नियमों का पालन न करने पर 80 होटलों को बंद कर दिया है। मानसून के मौसम में वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में अस्वास्थ्यकर वातावरण में खाद्य पदार्थ वितरित किए जाने की शिकायतों के बाद खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक विशेष अभियान ऑपरेशन मानसून की योजना बनाई गई थी। स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने गुरुवार को बताया कि दो मई से चल रहे इस अभियान के तहत निरीक्षण जारी हैं और अब तक 80 होटलों को खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन न करने पर बंद किए जा चुके हैं।

# बोकारो में युवक ने दोस्त का अपहरण कर मांगे 25 लाख

**बोकारो,** 12 जून (एजेंसियां)। झारखंड स्थित बोकारो स्टील सिटी में एक कॉलेज छात्र 19 वर्षीय देवाशीष कुमार का उसके दोस्त ने ही अपहरण कर लिया और इसके बाद उसकी हत्या कर लाश को एक क्वार्टर के आंगन में दफना दिया। आरोपी का नाम अमन कुमार वत्स है, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अमन ने देवाशीष की रिहाई के एवज में उसके घरवालों से 25 लाख रुपए की मांग की थी। बोकारो के एसपी हरविंदर सिंह ने गुरुवार दोपहर मीडिया को बताया कि पुलिस ने माराफारी थाना क्षेत्र स्थित गैमन कॉलोनी में एक क्वार्टर के आंगन में गड्ढा खोदकर दफनाया गया देवाशीष का शव बरामद कर लिया है। अपहरण और हत्या की इस वारदात में मुख्य आरोपी अमन कुमार वत्स के साथ कुछ अन्य लोग शामिल थे। पुलिस उनकी तलाश में जुटी है। देवाशीष बोकारो सेक्टर-3 का रहने वाला था। उसने इसी वर्ष बोकारो के अयप्पा स्कूल से 12वीं विज्ञान की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। उसके पिता विजेंद्र कुमार छत्तीसगढ़ की किसी प्राइवेट कंपनी में नौकरी करते हैं।



फिर हत्या कर दफना दी लाश

देवाशीष बोकारो में अपनी मां के साथ रहता था। वह 10 जून की दोपहर मोबाइल पर दोस्त अमन का कॉल आने के बाद घर से निकला था।

**सम्मान** राजनाथ ने माउंट एवरेस्ट फतह करने वाले एनसीसी कैडेटों को किया सम्मानित

# साहस, अनुशासन व धैर्य के लिए की अभियान दल की सराहना

**नई दिल्ली, 12 जून (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने माउंट एवरेस्ट को फतह करने वाले राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के पर्वतारोहण अभियान दल को गुरुवार को यहां दस लाख रुपए की राशि प्रदान कर सम्मानित किया। रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को यहां एक वक्तव्य जारी कर बताया कि अभियान दल के कैडेटों ने रक्षा मंत्री से मुलाकात की। अभियान दल के सदस्यों की औसत आयु 19 वर्ष है और इनमें पांच लड़कियां और पांच लड़के शामिल हैं।**

दल ने गत 18 मई को माउंट एवरेस्ट पर सफलतापूर्वक चढ़ाई की। रक्षा मंत्री ने कर्नल अमित बिष्ट के नेतृत्व में टीम के अदम्य साहस, धैर्य और देशभक्ति का सम्मान करते हुए कठिन परिस्थितियों में यह उपलब्धि हासिल करने के लिए उन्हें 10 लाख रुपए का चेक प्रदान किया।

साउथ ब्लॉक में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कैडेटों ने अभियान के अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने रक्षा मंत्री के साथ बातचीत में कठोर प्रशिक्षण, सावधानीपूर्व योजना और चुनौतियों की जानकारी दी। सिंह ने साहस, अनुशासन और धैर्य के लिए टीम की सराहना की। कैडेटों को युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत बताते हुए उन्होंने कहा कि इस अभियान के साथ बहादुर कैडेटों ने यह संदेश दिया है कि देश के युवाओं के लिए दुनिया की सबसे ऊंची चोटी भी कोई सीमा नहीं है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विश्वास जताया कि कैडेट भविष्य की चुनौतियों का उसी साहस और दृढ़ संकल्प के साथ सामना करेंगे जैसा उन्होंने माउंट एवरेस्ट की चढ़ाई के दौरान दिखाया था। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कैडेटों में राष्ट्रीय गौरव की भावना पैदा करने और उन्हें शारीरिक, मानसिक तथा भावनात्मक रूप से मजबूत बनाकर उनके सामाजिक कौशल को विकसित कर समग्र विकास सुनिश्चित करने की दिशा में एनसीसी के प्रयासों की सराहना की।



■ दल ने 18 मई को माउंट एवरेस्ट पर की सफलतापूर्वक चढ़ाई
■ अभियान दल के कैडेटों ने रक्षा मंत्री से की मुलाकात
■ एनसीसी के कैडेटों ने 2013 और 2016 के बाद तीसरी बार यह उपलब्धि की है हासिल

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कैडेटों के परिवार के सदस्यों की भी सराहना की जिन्होंने इस प्रयास में उनका साथ दिया। इस अवसर पर एनसीसी के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीरपाल सिंह भी उपस्थित थे। एनसीसी के कैडेटों ने 2013 और 2016 के बाद तीसरी बार यह उपलब्धि हासिल की है। अभियान दल में 10 कैडेट, अधिकारियों की एक टुकड़ी, जूनियर कमीशन अधिकारी, प्रशिक्षक और गैर-कमीशन अधिकारी शामिल थे।

दल में सूबेदार मेजर बलकार सिंह भी शामिल थे जो माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाले भारतीय सेना के पहले सूबेदार मेजर थे। दल के युवा कैडेट की उम्र महज 16 साल थी। रक्षा मंत्री ने अभियान दल को औपचारिक रूप से गत तीन अप्रैल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था।

देशबन्धु

बिलासपुर, शुक्रवार 13 जून 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# जून आते ही आपातकाल की चर्चा शुरु

देश में एक बार फिर आपातकाल पर चर्चा छेड़ी जा चुकी है। पिछले 11 सालों से यह सिलसिला चल ही रहा है कि जून का महीना आते ही आपातकाल की याद दिलाकर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और उनके साथ कांग्रेस को भी कटघरे में खड़ा किया जाए। ठीक है कि इतिहास की गलतियों से सबक लेकर वर्तमान सुधारने और भविष्य को संवारने की नसीहत दी जाती रही है। लेकिन यहां मकसद कुछ और ही दिखता है। पहली बात तो यह कि आपातकाल किन हालात में लागू किया गया, संवैधानिक व्यवस्था के तहत ही इस पर फैसला लिया गया या नहीं, अगर उस समय आपातकाल नहीं लगाया जाता तो क्या पूरे देश में अराजकता नहीं फैल जाती, इन बातों पर ईमानदारी से विचार न कर केवल एकतरफा राय थोपी जाती है कि इंदिरा गांधी तानाशाही मानसिकता की थीं, वे सारी शक्ति अपने हाथ में रखना चाहती थीं, इसलिए उन्होंने आपातकाल लगाया। ऐसे इल्जाम लगाने वाले लोग भूल जाते हैं कि उन्हीं इंदिरा गांधी को फिर से जनता ने ही भारी बहुमत देकर सत्ता पर बिठाया था। खैर, आपातकाल आज से 50 बरस पुरानी बात है और इस एक फैसले के अलावा भी इंदिरा गांधी ने बहुत से अन्य क्रांतिकारी फैसले लिए थे, प्रिवीपर्स का खात्मा, बैंकों का राष्ट्रीयकरण, परमाणु परीक्षण, बांग्लादेश का निर्माण, इन सब फैसलों की तारीख और साल भाजपा उस तरह से याद क्यों नहीं करती है, जैसे आपातकाल को करती है। यहीं मकसद की बात सिद्ध होती है कि जब अपनी सत्ता की उपलब्धियां गिनाने के लिए कुछ खास न रहे, तो फिर पूर्ववर्ती शासकों की गलतियां गिनाकर ध्यान भटकाया जाए। भाजपा इस समय इसी कार्य में लगी है।

आपातकाल के पचास बरस पर मोदी सरकार के 11 बरस भारी पड़ सकते थे, बशर्ते इस एक दशक में देश को सम्मान और लोकतंत्र को मजबूत करने वाला कोई काम हुआ होता। मगर 11 सालों की याद करें तो सबसे पहले योजना आयोग का खात्मा, फिर नोटबंदी, जीएसटी, लॉकडाउन, किसान आंदोलन, सीएए, एनआरसी, जम्मू-कश्मीर से विशेष राज्य का दर्जा वापस लेना, उसे केंद्र शासित राज्य बनाकर दो हिस्सों में बांटना, राम मंदिर उद्घाटन ऐसे कार्य और फैसले ही याद आते हैं। इन सबमें उपलब्धि कम और विवाद ज्यादा खड़े हुए हैं, और जो रही-सही कसर थी, उसे डोनाल्ड ट्रंप के अपमानजनक व्यवहार ने पूरी कर दी। भारत का वैश्विक स्तर पर अपमान करने की चेष्टा अमेरिका ने शुरु से की, लेकिन नेहरूजी से लेकर बाजपेयीजी और डा. मनमोहन सिंह तक सारे प्रधानमंत्रियों का रुतबा ऐसा था कि अमेरिका कोशिश ही करता रह गया, कभी कामयाब नहीं हुआ। अब डोनाल्ड ट्रंप एक तरफ युद्धविराम पर बार-बार अपना दावा ठोंक रहे हैं और अब अमेरिकी सेना की 250वीं वर्षगांठ के मौके पर पाकिस्तानी जनरल असीम मुनीर को खास न्यौता देकर ट्रंप ने भारत को नीचा दिखाने की चेष्टा की है। इधर कनाडा में होने जा रहे जी-7 को लेकर भी खुलासा हुआ है कि भारत को पहले इसमें आमंत्रित नहीं किया गया था, फिर प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने खुद फोन करके प्रधानमंत्री मोदी को आने का न्यौता दिया, लेकिन इससे पहले एक शर्त मनवा ली। शर्त यह कि कनाडा के साथ कानून प्रवर्तन यानी लॉ इनफोर्समेंट में भारत सहयोग करेगा। नरेन्द्र मोदी ने इस बारे में कुछ नहीं कहा है, लेकिन प्रधानमंत्री कार्नी ने खुद इसकी जानकारी दी है। इसमें हरदीप सिंह निज्जर हत्याकांड का जिक्र खुल कर नहीं किया गया है। लेकिन ये समझना कठिन नहीं है कि कनाडा ने लॉ इनफोर्समेंट सहयोग की शर्त आखिर क्यों रखी। वह पहले भी भारत पर इस हत्या में भागीदार होने का इल्जाम लगा चुका है और दोनों देशों के बीच रिश्तों में खटास इसी मुद्दे के बाद बढ़ी थी। अब कनाडा अपनी शर्त मनवा कर भारत को न्यौता दे रहा है, इसका कैसा संदेश दुनिया में जाएगा, यह समझा जा सकता है। वैसे भी आखिर किसी समूह की बैठक में भागीदारी के लिए शर्त मानने की बात क्या उचित है, क्या यह भारत के सम्मान को ठेस पहुंचाना नहीं है, यह भी विचारणीय है।

विदेश नीति से लेकर घरेलू मसलों तक कई मुद्दों पर इस समय व्यापक चर्चा की जरूरत है। संसद का मानसून सत्र तो अगले महीने शुरु होगा, लेकिन विपक्ष पिछले एक महीने से पहलगाम हमले और आपरेशन सिंदूर को लेकर संसद के विशेष सत्र की मांग करता रह गया और सरकार ने उसकी बात नहीं सुनी। क्या सत्ता की मनमर्जी आपातकाल जैसी ही नहीं लगती है। संसद में बैठे विपक्षी सांसदों की बात सरकार नहीं सुनती, अपने आलोचक लेखकों-पत्रकारों-बुद्धिजीवियों पर तरह-तरह के अंकुश लगाए जाते हैं, किसानों की मांगें पूरी नहीं होतीं, विद्यार्थियों की तकलीफ सरकार नहीं समझ रही है, ये सब देश में अघोषित आपातकाल की तरह ही हैं। लेकिन सरकार इसे बहुमत का अधिकार समझ कर अपना शक्ति प्रदर्शन करने में लगी है। ऑपरेशन सिंदूर का राजनैतिक मकसद पूरा होता नहीं दिखा तो अब सरकार ने इसकी चर्चा थोड़ी कम कर ली है और साथ ही आपातकाल की 50वीं बरसी मनाने के लिए जो विशेष सत्र बुलाना था, उससे भी कदम पीछे खींचे गए, क्योंकि सत्र लगता तो फिर विपक्ष सरकार से वही सवाल पूछता जो महीने भर से पूछ रहा है। हालांकि अब एक और फैसले की जानकारी आई है कि देश के सभी जिलों में 25-26 जून को मॉक पार्लियामेंट यानी नकली संसद का आयोजन करेगी और छात्रों को आपातकाल की भयावहता के बारे में बताएगी कि किस तरह कांग्रेस ने उस समय सारी शक्ति अपने हाथ में करने की कोशिश की थी और यह लोकतंत्र पर कुठाराघात था।

भाजपा के इस फैसले में भले अपने राजनैतिक हित साधने का मकसद हो, लेकिन कहीं छात्रों ने 50 साल पहले के हालात और आज के सरकार के फैसलों की तुलना करनी शुरु कर दी, तब क्या सच्चाई की परतें नहीं खुलेंगी। मॉक पार्लियामेंट में भी दोनों पक्षों को अपनी बात रखने का मौका दिया जाता है, अगर विपक्ष में बैठे छात्रों ने सरकार से आज के मुद्दों पर सवाल करने शुरु कर दिए, तब भाजपा क्या करेगी, यह देखना दिलचस्प होगा।

# भारत को चाहिए संदेह से परे एक चुनाव आयोग

■ डॉ. ज्ञान पाठक

स्वतंत्रता के बाद से ऐसा कभी नहीं हुआ जब भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) पर लोगों का इतना अविश्वास रहा हो, जितना अब खुलकर व्यक्त किया जा रहा है। ईसीआई को चुनावी लड़ाई में एक तटस्थ अंपायर के रूप में अपना कर्तव्य निभाना चाहिए, लेकिन दुर्भाग्य से कई मौकों पर ऐसा लगा कि यह प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) का ही एक विस्तार है। इस संवैधानिक निकाय की स्वायत्तता को कानूनी साधनों के ज़रिए सीमित कर दिया गया है। चुनावों के दौरान, यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पक्ष लेता हुआ देखा गया है, खास तौर पर उनके नफरत भरे भाषणों के मामले में, और चुनाव के बाद, यह चुनावी डेटा को भी ब्लॉक कर रहा है।

हरियाणा में चुनाव 5 अक्टूबर 2024 को और महाराष्ट्र में चुनाव नवंबर 2024 में हुए। फिर भी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को अब 7-8 महीने की देरी के बाद चुनावी डेटा सौंपने के लिए 'सटीक तारीख' मांगनी पड़ रही है। उन्होंने पूछा, 'मतदाता सूची सौंपने के लिए चुनाव आयोग द्वारा उठाया गया पहला अच्छा कदम है। क्या चुनाव आयोग कृपया सटीक तारीख की घोषणा कर सकता है, जिस तक यह डेटा डिजिटल, मशीन-पठनीय प्रारूप में सौंप दिया जायेगा?'

सरकार किस तरह से चुनाव प्रक्रिया में हस्तक्षेप कर रही है और भारतीय चुनाव आयोग पीएमओ की इच्छा के आगे झुक रहा है, यह दिसंबर, 2024 में स्पष्ट हो गया था, जब केंद्रीय कानून मंत्रालय ने 1961 के नियमों के नियम 93 (2) में संशोधन किया था, ताकि सार्वजनिक निरीक्षण के लिए खुले 'कागज़ात' या दस्तावेज़ों के प्रकार को प्रतिबंधित किया जा सके। यह मामला भारत के सर्वोच्च न्यायालय में भी गया, जिसमें याचिकाकर्ताओं ने कहा कि चुनाव संचालन (द्वितीय संशोधन) नियम, 2024 नागरिकों की चुनाव संबंधी महत्वपूर्ण दस्तावेजों तक पहुंच को प्रतिबंधित करके संविधान के अनुच्छेद 14, 19 और 21 का उल्लंघन करता है। सरकार ने कहा कि उसे मतदाताओं की गोपनीयता की रक्षा करने की आवश्यकता है। यह स्पष्ट था कि चुनावी डेटा प्रदान न करने के लिए सरकार एक इच्छुक पक्ष थी, और ईसीआई भी डेटा नहीं दे रहा है। सवाल यह है कि डेटा को अवरुद्ध करके ईसीआई और मोदी सरकार क्या छिपाना चाहती है? फिर चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता कहां है? और जब सरकार और ईसीआई दोनों द्वारा सावधानीपूर्वक अंधकार बनाये रखा जा रहा है, तो कोई भी व्यक्ति चुनावी प्रक्रिया पर कैसे विश्वास कर सकता है?

मोदी सरकार की इच्छा के अनुसार, चलने का ईसीआई का यह एकमात्र उदाहरण नहीं है। आइए चुनावी बॉन्ड योजना मामले को याद करें। लोकसभा चुनाव 2024 से कुछ महीने पहले ही मोदी सरकार की चुनावी बॉन्ड योजना को भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अवैध घोषित किये जाने और दानदाताओं और लाभार्थी राजनीतिक दलों का विवरण प्रकाशित करने के लिए चुनाव आयोग को आदेश दिये जाने के बाद भी, चुनाव आयोग ने सर्वोच्च न्यायालय में कुछ तर्क देकर इसे प्रकाशित न करने की पूरी कोशिश की थी। पर सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के बाद चुनाव आयोग को डेटा प्रकाशित करना पड़ा। चुनाव आयोग को चुनावी बॉन्ड योजना 2018 के अनुसार दानदाताओं की गोपनीयता की रक्षा करने की आवश्यकता का तर्क देते हुए स्पष्ट रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ तालमेल बिठाते हुए देखा।

**सरकार किस तरह से चुनाव प्रक्रिया में हस्तक्षेप कर रही है और भारतीय चुनाव आयोग पीएमओ की इच्छा के आगे झुक रहा है, यह दिसंबर, 2024 में स्पष्ट हो गया था, जब केंद्रीय कानून मंत्रालय ने 1961 के नियमों के नियम 93 ( 2 ) में संशोधन किया था, ताकि सार्वजनिक निरीक्षण के लिए खुले 'कागज़ात' या दस्तावेज़ों के प्रकार को प्रतिबंधित किया जा सके। यह मामला भारत के सर्वोच्च न्यायालय में भी गया**

तीन सदस्यीय चुनाव आयोग इतना कमजोर क्यों हो गया है कि उसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हुक्म का पालन करना पड़े? ऐसा इसलिए है क्योंकि मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति , सेवा की शर्तें और कार्यकाल) अधिनियम 2023 ने दो चुनाव आयुक्तों को संवैधानिक रूप से असुरक्षित बना दिया है। केवल मुख्य चुनाव आयुक्त को ही हटाये जाने के विरुद्ध संवैधानिक रूप से संरक्षण प्राप्त है। उनका कार्यकाल मुख्य चुनाव आयुक्त की इच्छा पर निर्भर करेगा। इसके अलावा, नये कानून के तहत उन्हें नियुक्त करने का अधिकार अंतत: प्रधानमंत्री के पास है, जिसे नियुक्ति समिति से भारत के मुख्य न्यायाधीश को हटाकर सुरक्षित किया गया, जिससे चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति में निष्पक्षता खत्म हो गयी। चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति में कोई पारदर्शिता नहीं रह गयी है।

नवंबर 2021 में केंद्रीय कानून मंत्रालय ने सीईसी को पीएमओ के साथ बैठक में शामिल होने के लिए कहा था और सीईसी ने बैठक में भाग लिया था। यह स्पष्ट रूप से पीएमओ द्वारा ईसीआई की अधीनता का मामला था। जब विवाद हुआ, तो केंद्रीय कानून मंत्री ने एक स्पष्टीकरण जारी किया, जिसमें कहा गया कि यह एक नोडल एजेंसी है और चुनाव सुधार से संबंधित कई मुद्दे 2011 से लंबित हैं। पीएमओ ने यह भी स्पष्ट किया कि यह एक 'अनौपचारिक बातचीत' थी।

ईसीआई को व्यवस्थित रूप से कमजोर किया गया है। इसे 2019 के चुनावों के दौरान हुई घटना में देखा जा सकता है। पीएम नरेंद्र मोदी और अमित शाह के खिलाफ चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतें थीं, जिसमें घृणा की भाषा भी शामिल थी। ईसीआई के बहुमत के फैसले ने उन्हें क्लीन चीट दे दी थी, लेकिन एक चुनाव आयुक्त ने असहमति नोट दिया था। इसके बाद आयकर विभाग ने चुनाव आयुक्त के रूप में उनकी नियुक्ति से पहले की अवधि के लिए उनकी पत्नी को नोटिस जारी किये। इसके बाद असंतुष्ट चुनाव आयुक्त ने बैठकों में भाग लेना भी बंद कर दिया और कहा कि 'अल्पमत के निर्णयों' को 'बहु-सदस्यीय वैधानिक निकायों द्वारा पालन की जाने वाली सुस्थापित परंपराओं के विपरीत तरीके से दबाया जा रहा है।'

2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान एक चुनाव आयुक्त ने भी इस्तीफा दे दिया था। कोलकाता में एक बैठक के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त और उक्त चुनाव आयुक्त के बीच मतभेद और विवाद भड़क गया था और दिल्ली लौटने के बाद उस चुनाव आयुक्त को इस्तीफा देना पड़ा, क्योंकि नये कानून के तहत चुनाव आयोग को हटाए जाने के खिलाफ संवैधानिक संरक्षण प्राप्त नहीं है।

ये कुछ ऐसे मामले हैं जो चुनाव आयोग की संवैधानिक स्वायत्तता के क्षरण का संकेत देते हैं। ऐसी पृष्ठभूमि में, चुनाव आयोग पर राहुल गांधी के आरोपों को सरसरी तौर पर खारिज नहीं किया जा सकता। उन्होंने आरोप लगाया है कि नवंबर 2024 में महाराष्ट्र चुनाव में 'धांधली' हुई थी। उन्होंने पांच विशिष्ट कदम बताये जिनके माध्यम से चुनाव में धांधली हुई।

'पहला कदम :चुनाव आयोग की नियुक्ति के लिए पैनल में हेराफेरी करना; दूसरा कदम: फर्जी मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल करना; तीसरा कदम: मतदान प्रतिशत बढ़ाना; चौथा कदम: फर्जी मतदान को ठीक उसी जगह लक्षित करना जहां भाजपा को जीतना है; पांचवां कदम: सुबूत छिपाना' -यह देखना मुश्किल नहीं है कि महाराष्ट्र में भाजपा इतनी हताश क्यों थी। लेकिन हेराफेरी मैच फिक्सिंग की तरह है। जो पक्ष धोखा देता है, वह खेल जीत सकता है, लेकिन (यह) संस्थाओं को नुकसान पहुंचायेगा और नतीजों में जनता का विश्वास खत्म कर देगा। सभी चिंतित भारतीयों को सबूत देखना चाहिए। खुद ही फैसला करें। जवाब मांगें,' गांधी ने कहा।

अब कई अन्य विपक्षी नेताओं ने भी जवाब मांगे हैं। लोगों को सीधे चुनाव आयोग से जवाब चाहिए, लेकिन दुर्भाग्य से कथित तौर पर लाभार्थी पार्टी भाजपा और उनके नेता चुनाव आयोग की ओर से जवाब दे रहे हैं। फिर चुनाव आयोग की जवाबदेही कहां है? भारत को निश्चित रूप से संदेह से परे चुनाव आयोग की जरूरत है, जिसे उसे अब बहाल करना चाहिए।

# 'मुट्ठी' में शीतलपेय

जून में कायदे से गर्मी की, लू की, लू से मरने वालों की और गर्मी की बीमारियों की चर्चा होनी चाहिए, एसी-कूलर की बिक्री की चर्चा होनी चाहिए, पर हो रही है आंधी-तूफान-बारिश और जल-जमाव की। इससे भी कम चर्चा है, गर्मी में सर्दी के नाम पर आग लगाने वाली कोल्ड-ड्रिंक कंपनियों की लड़ाई की। गर्मी के साथ 'इंडियन प्रीमियर लीग' (आईपीएल) का सीजन भी बीत गया और जिस क्रिकेट और 'आईपीएल' को बहाना बनाकर पेप्सी और कोक महाभारत सी जंग लड़ा करते थे, उस ट्राफी का प्रायोजक बनने की लड़ाई लड़ते थे, वह न होने पर एक आभासी युद्ध लड़ते थे, विपणन और विज्ञापन जगत अपनी प्रतिभा को इस सीजन के लिए बचाकर रखता था, वह सब इस सीजन में कहीं नहीं दिख रहा।

एक खामोशी है, जबकि शीतल पेय बाजार तो झाग में, सनसनी में ही ज्यादा भरोसा करता है। उसके बिना न तो चार पैसे की चीज पंद्रह और बीस रुपए में बेची जा सकती है, न एक गैर-जरूरी और एक हद तक नुकसानदेह पेय को हम-आप शान से पी सकते हैं। इसी के सहारे दो बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियां हजारों करोड़ का कारोबार कर चुकी हैं और सारे देसी ब्रांड लगभग समाप्त कर चुकी हैं। शीतल-पेय गांव-देहात में भी मिलता है, फैशन की चीज बन गया है, पर इस बार की शांति एक और कारण से ज्यादा चुभने वाली है।



अरविन्द मोहन

**एक खामोशी है, जबकि शीतल पेय बाजार तो झाग में, सनसनी में ही ज्यादा भरोसा करता है। उसके बिना न तो चार पैसे की चीज पंद्रह और बीस रुपए में बेची जा सकती है, न एक गैर-जरूरी और एक हद तक नुकसानदेह पेय को हम-आप शान से पी सकते हैं। इसी के सहारे दो बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियां हजारों करोड़ का कारोबार कर चुकी हैं और सारे देसी ब्रांड लगभग समाप्त कर चुकी हैं।**

इस बार शीतल-पेय बाजार में एक नया खिलाड़ी उतरा है जिसने दमदार दखल दी है। बाजार में आने के साथ ही उसने एक बड़े हिस्से पर कब्जा किया है, स्थापित ब्रांडों को झकझोरा है, वितरकों को निहाल कर दिया है। ग्राहक भी पुरानी कीमत में पेय की मात्रा लगभग दोगुनी पाकर खुश हैं और लग रहा है कि देश का शीतल पेय बाजार बदलने जा रहा है। दशकों पहले मर से गए एक ब्रांड, 'कैम्पा कोला' को 'पार्ले ड्रिंक्स' वाले चौहान से मामूली कीमत पर खरीदकर मुकेश अंबानी और 'रिलायंस' ने एक नए कारोबार में पैर बढ़ाए हैं और वहां के सारे समीकरण बदल दिए है। प्रतिद्वंद्वी ब्रांडों ने कीमत कम की है, मात्रा बढ़ाने की कोशिश भी हो रही है, लेकिन ग्राहक और नीचे तक के वितरक दूसरे ब्रांड से पट जाएं तो काम आसान नहीं रहता। 'पेप्सी' और 'कोक' की तरफ से अभी जवाबी हमला नहीं हुआ है, लेकिन बाजार तो बदलता दिखता है। जानकार मानते हैं कि 'कैम्पा' का शेयर दहाई में आ चुका है।

जिस 'आईपीएल' के प्रसारण में 'कोक' और 'पेप्सी' तथा भारत में बिकने वाले उनके सबसे लोकप्रिय ब्रांड 'थम्सअप' के नए-नए विज्ञापनों की बाढ़ रहती थी, एक-दूसरे को 'गुलाब जामुन' और घटिया स्वाद वाला बताया जाता था, जिस लाल को अपना और नीले को दुश्मन बताया जाता था, वैसा इस बार कुछ नहीं है। दक्षिण के एक हीरो का बहुत औसत किस्म का विज्ञापन ही बार-बार दोहराया जा रहा था और सूचना दे रहा था कि 'कोक-पेप्सी' दौर के पहले जिस 'कैम्पा' का जलवा था, वह वापस लौट आया है। 'पेप्सी' ने 'पार्ले ड्रिंक्स' से काफी कुछ खरीदा था, लेकिन इन ब्रांडों को मरने के लिए छोड़ दिया था।

पुराने मालिक 'बिसलेरी' में ऐसे लग गए कि इन ब्रांडों को सचमुच भूल गए। उनको 'कोक-पेप्सी' की लड़ाई में गुंजाइश नहीं लगी। अब 'रिलायंस' ने नए क्षेत्र में उतरने के फैसले के साथ इस पुराने ब्रांड पर दांव लगाया है। जानकार मानते हैं कि 'रिलायंस' बड़े स्तर के व्यापार, ग्राहक और वितरक को ज्यादा-से-ज्यादा लाभ देने की रणनीति से धमका रहा है। सांसदों और सरकार के सहारे कायदे-कानून बदलवाना, बाजार और विज्ञापन जगत में मारकाट की 'पेप्सी' और 'कोक' वाली रणनीति उसने नहीं अपनाई है।

अपने पांव जमाने के लिए सरकार पर दबाव बनाने तथा बड़ी संख्या में सांसद जुटाकर अपना कानून बनवाने वाली 'पेप्सी' के लिए यह भी कहा जाता है कि उसने एक आयात के बदले तीन निर्यात वाला प्रलोभनकारी दांव भी धोखे वाला खेल किया और जाने किस प्रभाव में समाजवादी कहलाने वाले मंत्री शरद यादव ने उस करार पर दस्तखत कर दिए। उस करार में यह नहीं लिखा था कि-शीतलपेय का 'कन्संट्रेट' जितनी मात्रा में आयात होगा, निर्यात भी शीतलपेय का ही होगा। हमने देखा कि 'पेप्सी' ने किस तरह छोटे निर्यातकों को थोड़े ज्यादा पैसे देकर उनके बासमती, चाय, झींगा, मसाले और इसी तरह की चीजों की खेप पर अपना मोहरा लगाकर, अपने निर्यात का कोटा पूरा किया। उसने एक पैसे का भी शीतलपेय निर्यात नहीं किया।कानून बदलते ही 'कोक' भी पधार गया तथा स्वदेशी की ठेकेदारी करने वाले रमेश चौहान ने एक मोटा पैसा लिया और ज्यादातर धंधों से हाथ खींच लिया। उसके बाद काफी कुछ हुआ, लेकिन एक अजीब बात हुई कि 'थम्सअप' ही बाजार-लीडर बना रहा। यह एक अर्थ में शीतलपेय बाजार में देसी स्वाद के बने रहने का प्रमाण था। संभव है मुकेश अंबानी और उनकी टोली को यह चीज 'कैम्पा' के तीनों ब्रांड उतारने की बड़ी वजह लगी हो, पर उनसे भी पहले यह बात 'पेप्सी' जैसी कंपनी को समझ आ गई थी-लस्सी, नींबू पानी और सत्तू का शरबत पीने वालों से भी खतरा देखकर उसने पहले साल से ही आलू, टमाटर, कीनू, अमरूद, अन्नानास वगैरह की खेती और स्नैक्स के कारोबार में हाथ लगाया। नमकीन, भुजिया और चिप्स का धंधा भी जोर-शोर से शुरू किया।

देखा-देखी 'हल्दी राम' और 'बीकानेर वाला' टाइप स्थानीय स्नैक-निर्माताओं ने भी बाजार में प्रवेश किया और अब 'पेप्सी' वहां आराम की स्थिति में है। पिछले साल का उसका मुनाफा 883 करोड़ का रहा था, जबकि उसने शीतल पेय के धंधे से लगभग हाथ खींच लिया है। वह अब सिर्फ 'कन्संट्रेट' आयात करके अपने 'फ्रेंचाईजी' वालों को देता है। 'वरुण ब्रेवरीज' को ही लगभग पूरा काम दे दिया गया है। दूसरी ओर 'कोक' के बारे में यह माना जाता है कि उसको भी हिन्दुस्तानी बाजार से ज्यादा लाभ नहीं हो रहा है। उसका धंधा एशिया क्षेत्र में होता है जिसमें जापान जैसे लाभ वाले देश हैं, इसलिए उसका घाटा या कम मुनाफा छुपा रहता है। इन सबके मद्देनजर और बाजार के शुरुआती नतीजों से लगता है कि 'रिलायंस' ने एक और बाजार को मुट्ठी में करने की पहल कर दी है।

**( लेखक देश के वरिष्ठ पत्रकार है। )**

## आपके पत्र

### आओ हम देशवासी मिलकर सहेजे ये जीवन की बूंदें

भीषण गर्मी में पानी की कमी महसूस की जा रही है। वही मानसून आंख मिचौनी कर रहा है। आधा जून बीत जाने के बाद भी बारिश की राह ताकते किसानों को निराशा हाथ लगी है। पूर्वोत्तर राज्य जहा बाढ़ से कई घर बेघर हो गए है,वहां राहत कार्य जोरों पर है। जल संकट की जिम्मेदारी पूरी तरह कृषि क्षेत्र पर डालना अनुचित है। आज देश में पानी की जितनी खपत है,वहां अनुपात में जलस्त्रोतों को संरक्षित करने की कोई मजबूत व्यवस्था नही है। विशेषज्ञ के मुताबिक देश में उपलब्ध कुल 70 प्रतिशत हिस्सा सिंचाई में खर्च होता है। हालांकि जल संरक्षण की दिशा में उल्लेखनीय कार्य करने वाली सरकार का मानना है कि जल संकट की जिम्मेदारी पूरी तरह कृषि क्षेत्र पर डालना अनुचित है। भीषण गर्मी से जनजीवन प्रभावित है, वही नदी-तालाबों और कुएं में पानी का स्तर नीचे चला गया है। हकीकत में उद्योग-धंधे, फैक्टरियां व कारखाने अधिक पानी की खपत करते हैं और अपने अपशिष्ट से जल को प्रदूषित भी करते हैं। कई बार फैक्टरियां एक ही बार में उतना पानी जमीन से खींच लेती है,जितना एक गांव पूरे महीने में भी नहीं खींच पाता। गांवों में हैंडपम्पों और बोरिंग मशीनों से जमीन के निचले स्तर से पानी खींच कर उपयोग में लाया जा रहा है। यह प्रकृति के साथ छेड़छाड़ से प्रकृति का रौद्ररूप अतिवृष्टि, बाढ़ और भूकम्प में तब्दील होता है। उद्योगों के लिए 50 अरब क्यूबिक मीटर है जिसकी आपूर्ति भूगर्भीय जल संसाधनों से होती है मगर कुप्रबंधन के कारण अधिकांश पानी बर्बाद हो जाता है। सुरसा के मुंह की तरह बढ़ते जा रहे औद्योगिकीकरण और अवैध वन कटान से नदियां प्रदूषित हो रही है। भूजल संकट भी इसकी वजह से अत्यधिक दोहन के कारण आधे से अधिक शहरी गरीब प्रदूषित जल पीने को मजबूर है। हैंडपम्पों के पानी में लेड आर्सेनिक जैसे घातक रसायनों की मोजूदगी के चलते लोग लिवर व किडनी की बीमारी, हड्डियों का टेढ़ापन जैसी बीमारी से जूझ रहे है। यह याद रहे शुद्ध जल और शुद्ध खाना ही जीवन को लम्बी उम्र प्रदान करते हैं। भारत के हर व्यक्ति को औसतन साठ लीटर पानी मिलना चाहिए। देश में बढ़ती आबादी भूजल का अत्यधिक दोहन ग्लोबिंग वार्मिंग इत्यादि के कारण पानी ऐसी वस्तु बन जायेगा।जैसा कि आज हम दूध ,घी और तेल का करते हैं। हम सभी को समझना होगा कि जल जीवन की मूलभूत जरूरत है। यदि जल संकट गहरा गया तो सारा का सारा विकास धरा रह जायेगा। हमारी गलतियों के कारण बोरिंगों की खुदाई वैध और अवैध तरीको से हो रही है। भूमिगत जल स्तर का सीमा से अधिक दोहन हो रहा है।

नदियों के किनारे बसे शहरों ने अपने इस प्राकृतिक जलस्त्रोतों को इतना अधिक दोहत व प्रदूषित कर दिया है कि आज ये नदिया शहरों की प्यास नहीं बुझा पाती हैं। अंधाधुंध शहरीकरण और नागरिकों की लापरवाही व प्रशासनिक उपेक्षा ने देश मे कुएं,बावड़िया, झीलें आदि परम्परागत जलस्त्रोतों की अत्यंत समृद्ध विरासत को भी बेतरह नष्ट कर डाला है। मिट्टी गाद भर जाने अधिकांश प्राकृतिक जलस्त्रोत मृतप्राय हो चुके है। चेतना का वक्त है। बारिश जल का उपहार प्रकृति ने हमें हर साल देती है,पर हमारी लापरवाही से वह बेकार हो जाता है। जलग्रहण का मूल सिद्धांत है कि पानी पानी दौड़े नहीं बल्कि चले और जमीन की गहराइयों में ऐसा समा जाए। इस प्रकार न केवल जल संकट से जूझते शहर अपनी तत्कालीन जरूरतों के लिए पानी जुटा पाएंगे बल्कि भूमिगत जल भी रिचार्ज हो जाएगा। हमारी सभ्यता और संस्कृति नदियों के किनारे ही विकसित हुई है। जैव विविधता, पर्यावरणीय संतुलन की जीवनरेखा भी हमारी नदियों से जुड़ी हुई है। मनुष्यों की कारगुजारियों के चलते जल संकट आज देश की सर्वाधिक गम्भीर समस्या बनी हुई है। वर्षा जल संचय को समृद्ध संस्कृति को पुनर्जीवित करने का संकल्प करें।हमारी सरकार कृषि और जल संचय के सारे उपाय किये है। उसी के बदौलत किसान के चेहरे की मुस्कराहट देखी जा सकती है।

**-कांतिलाल मांडोत, सूरत**



## ललित सुरजन की कलम से

### देशबन्धु: चौथा खंभा बनने से इंकार- 20

*'मेरे निमंत्रण पर सिंधियाजी मायाराम सुरजन फाउंडेशन में व्याख्यान देने 1998 में रायपुर आए। उन्हें देखने-सुनने मेडिकल कॉलेज सभागार में भीड़ उमड़ पड़ी थी। इस कार्यक्रम में अजीत जोगी भी उनके साथ थे। कार्यक्रम के बाद सिंधियाजी हमारे घर भोजन के लिए आए, जहां नगर के अनेक बुद्धिजीवियों से उनका मिलना हुआ। यह दिलचस्प तथ्य है कि एक समय वह भी आया जब अर्जुनसिंह और सिंधिया दोनों नरसिंहराव के खिलाफ़ एकजुट हुए। अभी वह हमारी चर्चा का विषय नहीं है।'*

*'सिंधियाजी से मेरी आखिरी भेंट लोकसभा के उनके कक्ष में हुई। वे उस रोज मुझे बहुत उदास लगे। कॉफी पीते-पीते उन्होंने कहा- ललितजी, अब सब तरफ से मन ऊब गया है। लगता है जितना जीवन जीना था जी चुके हैं। मैंने उन्हें टोकते हुए कहा- ऐसा क्यों कहते हैं। आप और हम एक उम्र के हैं। अभी तो हमारे सामने लंबा समय पड़ा है। आपको तो अभी न जाने कितनी जिम्मेदारियां सम्हालना है। यह प्रसंग जून-जुलाई 2001 का है। दो माह बाद ही 30 सितंबर को विमान दुर्घटना में उनकी मृत्यु हो गई। मैं आज भी सोचता हूं कि क्या उन्हें मृत्यु का पूर्वाभास होने लगा था!!'*

**( देशबन्धु में 22 अक्टूबर 2020 को प्रकाशित )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2020/10/20.html

## पावन प्रसंग

### रुकें नहीं, बढ़ते रहें साधना के पथ

एक वृद्ध व्यक्ति , बीमार व्यक्ति और एक मृत व्यक्ति को देखकर सिद्धार्थ को लगा कि इस संसार में दु:ख-ही-दु:ख है और तभी उनके मन में वैराग्य की भावना जाग पड़ी और अचानक एक रात वे अपनी पत्नी यशोधरा, पुत्र राहुल सहित समस्त सगे-संबंधियों व राजमहल के सुख-वैभव का त्यागकर जीवन के सत्य की खोज में निकल पड़े। वर्षों तक तप-साधना करते हुए अंतत: उन्हें एक पीपल के वृक्ष के नीचे परम ज्ञान की प्राप्ति हुई और वे सिद्धार्थ से तथागत बुद्ध हो गए।

भगवान बुद्ध की यह कहानी सदियों से सुनी और सुनाई जा रही है और यह कोटिश: लोगों को प्रेरित करती रही है, पर बुद्ध की यह कहानी सुनने और सुनाने में, पढ़ने और पढ़ाने में तो बहुत सरल और आसान प्रतीत होती है, पर यह कहानी किसी के जीवन में उतनी ही सरलता से घटित नहीं होती। किसी के जीवन में जब ऐसी कहानी घटित होती है, तब वह पग-पग पर उस व्यक्ति की परीक्षा लेती है। प्रकृति पग-पग पर उसकी तपस्या की, साधना की, धैर्य की, पात्रता की परीक्षा लेती है। तब जाकर कोई सिद्धार्थ - बुद्ध बन पाता है।

साधक को, सिद्धार्थ को वर्षों तक साधना-पथ पर अगणित कठिनाइयों, प्रतिकूलताओं से होकर गुजरना पड़ता है और जो साधक, जो सिद्धार्थ साधना-पथ की चुनौतियों, कठिनाइयों, प्रतिकूलताओं, संघर्षों को धैर्य व संयमपूर्वक सहता हुआ आगे बढ़ता जाता है- अंतत: उसे ही विजयश्री प्राप्त होती है। उसे अपने लक्ष्य की प्राप्ति होती है।

सिद्धार्थ को बुद्ध बनने में भी अनगणित कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। घर-परिवार, राजमहल के सुख-वैभव को छोड़कर सिद्धार्थ ने सत्य की खोज में स्वयं को समर्पित किया तो स्वाभाविक ही था कि उन्हें अनेकों कष्ट-कठिनाइयों से मुकाबला करना पड़ा हो। राजसी सुविधाओं के अभ्यस्त सिद्धार्थ के लिए अरण्यवास वैसे ही असुविधाजनक रहा था और फिर ऊपर से कठिन तितिक्षा, साधनाएं और कठोर व्रत-उपवास। भोजन की मात्रा घटाते-घटाते एकदम निराहार रहने लगे, वस्त्र इतने कम हो गए कि दिशाएं ही वस्त्र बन गईं। फिर भी लक्ष्य अभी दूर ही रहा। कभी मन में यह विचार भी आता कि मन की शांति ही मृगतृष्णा है। साधना करने से क्या लाभ? पर इन विरोधी विचारों के बीच से गुजरते हुए भी वे लक्ष्य की ओर अग्रसर होते रहे।

सर्दी-गर्मी, धूप-बारिश, भूख-प्यास आदि को सहते हुए वे अग्रसर होते रहे, पर कठिनाइयां, विषम परिस्थितियां ऐसी थीं, जो समाप्त होने का नाम ही नहीं ले रही थीं। अस्तु आखिरकार लंबे समय तक कष्ट-कठिनाइयों को सहते हुए, झेलते हुए अब सिद्धार्थ का धैर्य भी जवाब देने लगा था।

जिस धैर्य का संबल पकड़कर वे साधना-समर में उतरे थे वह अब जवाब देने लगा और उनका मनोबल, संकल्प डगमगाने लगा और जो सिद्धार्थ साधना-पथ पर अब से पूर्व अग्रसर हुए जा रहे थे, वे विचलित होने लगे और घर वापस लौटने की तैयारी करने लगे। जब वे घर की ओर लौट रहे थे तो रास्ते में एक ठंडे जल की झील आई। किनारे खड़े होकर वे उसे देखने लगे। तभी उनकी दृष्टि एक गिलहरी पर पड़ी, जो बार-बार झील में डुबकी लगाती, बाहर आती, रेत पर लोटती पुन: झील में डुबकी लगाने के लिए दौड़ पड़ती। यह देखकर बुद्ध को बड़ा आश्चर्य हुआ। देर तक वे उसे देखते रहे, जब गिलहरी की क्रिया में कोई अंतर नहीं आया तो आखिर वे पूछ ही बैठे- नन्ही गिलहरी, यह तुम क्या कर रही हो? इस झील ने मेरे बच्चों को खा लिया है और अब मैं इसे खाली करके ही रहुंगी। गिलहरी ने उत्तर दिया। तब बुद्ध ने पूछा-यह भला कैसे संभव हो सकता है। मुट्ठी भर रेत ले लेकर तुम कब तक इसे सुखा पाओगी।

गिलहरी ने कहा-यह इस जनम में संभव नहीं है फिर भी मैं इस झील को सुखाना नहीं छोड़ूंगी और अब मेरे पास बात करने का समय नहीं है। मैं यह काम अधूरा नहीं छोड़ सकती। गिलहरी का जवाब सुनकर बुद्ध का आत्मविश्वास लौट आया। और पुन: वे साधना में लीन हो गए।

**-अखण्ड ज्योति**

उल्टा पुल्टा

मास्टर जी- बताओ, ताजमहल किसने बनाया था?
मिन्टू- मिस्त्री ने।
मास्टर जी- अरे बेवकूफ किसने बनवाया था?
मिंटू- तो फिर ठेकेदार ने बनवाया होगा।

# शासकीय विभागों के हर काम में दिखे सुशासन-पिंगुआ

## नशाखोरी एवं सड़क दुर्घटनाओं पर जतायी चिंता, दूर करने समन्वित प्रयास पर दिया जोर

### सोसायटियों में खाद-बीज की निरंतर उपलब्धता बनी रहे

### एसीएस एवं प्रभारी सचिव ने की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

### पीएम जनमन सहित फ्लेगशीप योजनाओं की उपलब्धियों की सराहना की




**बिलासपुर**, 12 जून (देशबन्धु)। अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं जिले के प्रभारी सचिव मनोज कुमार पिंगुआ ने आज अधिकारियों की बैठक लेकर राज्य सरकार की फ्लेगशीप योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सुशासन सीमित दिनों का अभियान नहीं है। यह सतत चलने वाली काम-काज की प्रक्रिया है। हमारे हर काम-काज में सुशासन परिलक्षित होना चाहिए। सरकारी योजनाओं का सुगमता से लोगों को लाभ दिलाकर उनका जीवन सरल एवं खुशहाल बनाना सुशासन का लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऑफिसों के काम-काज का असर मैदानी स्तर पर दिखना चाहिए। अगले दौरे पर फिल्ड का दौरा कर लोगों से योजनाओं का फिडबेक लेने के साथ एवं अच्छा काम देखना चाहेंगे। कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह सहित जिला स्तरीय विभागीय अधिकारी बैठक में उपस्थित थे।

प्रभारी सचिव श्री पिंगुआ ने बैठक में कहा कि सभी विभागों की योजनाओं से संबंधित मानक सूचकांक होते हैं। इस मानक को हासिल करने का प्रयास सभी करें। सभी विभागीय प्रमुखों को इन योजनाओं का राज्य स्तरीय और राष्ट्रीय स्तर की मौजूदा डेटा भी मालूम होने चाहिए। उन्होंने नशाखोरी, सड़क दुर्घटना और अनियमित यातायात व्यवस्था पर चिंता प्रकट की। उन्होंने कहा कि इसे किसी खास विभाग की जिम्मेदारी मानकर रोका नहीं जा सकता। इनके निवारण अथवा सीमित करने के लिए सभी विभागों को मिल जुलकर समन्वित रूप से काम करना होगा। लोगों के जागरूकता की इसमें बड़ी भागीदारी होगी। उन्होंने सरकारी कर्मचारियों को इस तरह के कामों में लीड करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कोई भी दुर्घटना पहले से बताकर नहीं आती। कभी भी और किसी के साथ भी दुर्घटना हो सकती हैं। इसलिए हमें सावधान होकर सभी एहतियाती उपाय सुनिश्चित करना चाहिए। दोपहिया वाहन में हेलमेट पहने और चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट जरूर बांधकर बैठें। प्रभारी सचिव ने कहा कि लोगों की जान-माल की सुरक्षा के लिए तो पर्याप्त रूप से नियम-कायदे बने हुएं है। लोगों की दिनचर्या एवं व्यवहार में इन सभी का पालन हो, इस पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए। प्रभारी सचिव श्री पिंगुआ ने एक पेड़ मॉ के नाम अभियान में उद्योगों और समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समुदाय यदि इस अभियान से जुड़कर पेड़ लगाए तो उसकी सुरक्षा के लिए वह भावनात्मक रूप से सामने आयेगा। उन्होंने बैठक में खाद-बीज की उपलब्धता एवं मौसमी बीमारियों से निपटने की रणनीति पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि डीएपी खाद की संभावित कमी के चलते इसके विकल्प के बारे में किसानों का समझाइश दी जाये। एसएसपी एवं एनपीके को मिलाकर उपयोग करने से डीएपी की कमी की पूर्ति हो जाती है।

कलेक्टर ने बैठक में आंगनबाड़ी के बच्चों में कुपोषण दूर करने के लिए संचालित पोंठ लईका अभियान से प्रभारी सचिव को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि जिले की ढाई सौ आंगनबाड़ी केन्द्रों के लगभग 4 हजार कुपोषित बच्चों को अगले छह महीने में इस दुष्चक्र से दूर निकालने का लक्ष्य रखा गया है। जनसहभागिता और लोगों के व्यवहार परिवर्तन के जनिए इस बड़े लक्ष्य को पूरा किया जायेगा। पीएम जनमन योजना के अंतर्गत अब तक हुए विकास कार्यों की जानकारी भी ली। उन्होंने विशेष उपलब्धियों पर संतोष प्रकट किया। बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री अमित कुमार ने शहर में संचालित विकास कार्यों और जिला पंचायत सीईओ ने प्रधानमंत्री आवास सहित जल संरक्षण के लिए किये जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। डीएफओ नीरज ने बैठक में बरसात में प्रस्तावित एक पेड़ मां के नाम अभियान की कार्य-योजना से प्रभारी सचिव को अवगत कराया।

## संपादकीय

### शेयर ठगी से बचें

*भारत सरकार द्वारा लोगों को बार-बार चेताया जा रहा है कि हर तरह की ऑनलाइन ठगी से उन्हें बचकर रहना चाहिये। इसमें गेमिंग, कम समय में कई गुना पैसा वापस मिलने या शेयर ट्रेडिंग के जरिये बड़ा मुनाफ़ा दिलाने के वादे किये जाते हैं। इसके बावजूद अधिक धन की चाहत में बड़ी संख्या में लोग झांसेबाजों के जाल में फंसते ही चले जाते हैं। खुद सरकार का दावा है कि हर रोज तकरीबन 6 हजार लोग ठगी का शिकार होते हैं। इन जालसाजों ने अनेक तरह के तरीके अपना रखे हैं। कोई बंद पड़े बैंक एकाऊंट को चालू करने के लिये खाते की पूरी जानकारी हासिल कर राशि हड़प कर जाते हैं तो कई घोटालेबाज लॉटरी लगने का लालच दिखाकर भोले-भाले लोगों को ठग लेते हैं।*

*ठगी का एक प्रकार ऑनलाइन ट्रेडिंग के जरिये भी बढ़ता जा रहा है। पिछले कुछ समय में शेयरों में पैसा लगाने वाले छोटे-बड़े निवेशकों की संख्या भी बढ़ी है। जब से बैंकों ने लोगों की जमा राशियों पर ब्याज की दरें घटाई हैं, अन्य तरीकों से लोग अधिक आय की कोशिश करते हैं। पहले व्यक्तिगत रूप से शेयरों की खरीद-बिक्री होती थी लेकिन अब यह कारोबार अधिकतर ऑनलाइन होता है। इसमें सहूलियत तो है पर इससे ठगी बहुत हो रही है। इसके लिये झांसेबाज वाट्सएप या टेलीग्राम ग्रुप से लोगों को जोड़ते हैं और विशेषज्ञ बनकर लोगों को निवेश से भारी मुनाफे का लालच दिखाते हैं। ऐसे ग्रुप में गैंग के सदस्य भी होते हैं जो स्वयं लाभान्वित होने की बात कर अन्य सदस्यों को उकसाते हैं। कई बार ठग निवेश की राशि क्रिप्टोकरेंसी में बदलकर विदेश भेज देते हैं।*

*गुढ़ियारी के एक व्यवसायी को बड़े मुनाफे का लालच देकर चार सदस्यीय गिरोह ने 2.66 करोड़ रुपये ठग लिये। ठगों को बाहरी राज्यों से गिरफ्तार किया गया। उनके 17 खाते बरामद किये गये जिनके जरिये करोड़ों रुपयों की राशि का लेन-देन हुआ दिखा। इसी प्रकार कुछ माह पहले रायपुर के ही एक चार्टर्ड एकाउंटेंट को भारी-भरकम फायदे का लालच दिखलाकर ठगों ने अपने नाम पर करीब 1.39 करोड़ रुपये की राशि शेयर ट्रेडिंग हेतु निवेश करा ली थी। बाद में वह राशि क्रिप्टोकरेंसी में बदलकर कंबोडिया भेज दी गई थी। पुलिस को उनके खातों से तकरीबन 5 लाख रुपये के लेन-देन का पता चला था। निशाने पर आये लोगों से पहले एक फ़र्जी एप डाउनलोड करवाया जाता है। उसके बाद उसमें राशि का निवेश कराया जाता है। रायपुर की साइबर पुलिस ने पश्चिम बंगाल के 24 परगना जिले के अब्दुल रहमान नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया था जिसने रायपुर के एक निवेशक से 94 लाख रुपये शेयर ट्रेडिंग के नाम से ठग लिये थे। शेयर ट्रेडिंग में सावधानी ज़रूरी है क्योंकि ठगों को पकड़ना आसान नहीं होता और राशि भी अक्सर डूबती है।*


## सार-संक्षेप

### साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर 14 को बिलासपुर प्रवास पर



**बिलासपुर**, 12 जून (देशबन्धु)। जय वंदे मातरम् संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राजू सलूजा व प्रदेश संयोजक राजेंद्र सिंह ने बताया कि संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर जी 14 जून को 11 बजे रायपुर पहुंचेंगी वहां 1 घंटे विश्राम के बाद बिलासपुर की ओर प्रस्थान करेंगी बिलासपुर पहुंच मार्ग पर जगह जगह स्वागत किया जायेगा। बिलासपुर शहर मे तिफरा , राजीव चौक , राजेंद्र नगर चौक , सत्यम चौक से अग्रसेन चौक में जय वंदे मातरम संगठन द्वारा भव्य स्वागत किया जायेगा तत्पश्चात वह होटल ग्रैंड अम्बा के लिये प्रस्थान करेंगे । 15 जून को दोपहर 3 बजे होटल ग्रैंड अम्बा मे कार्यकर्ता सम्मेलन मे सभी कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेंगी संगठन के सभी कार्यकर्ताओं मे अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष जी के आगमन पर बड़ा उत्साह नजर आ रहा है । इस कार्यक्रम की तैयारी मे संगठन के प्रमुख कार्यकर्ता प्रदेश सह मंत्री तरुण सरोज , सरदार पुष्पेंद्र सिंह , विभाग संयोजक आकाश यादव , नगर अध्यक्ष अतुल बजाज ,विभाग संयोजिका अन्नू दुबे, रिशु शर्मा , लक्ष्मी श्रीवास्तव, रूपेश यादव , विवेक पाण्डे , दुष्यंत सिंह, आकाश कच्छवाहा, गोपाल यादव, प्रकाश सिंह, निक्कू दुबे,निक्की कश्यप, दीप नारायण शुक्ला,रवि पासवान, जवाहर बांधेकर, रूपेश चौबे , विकास गुप्ता सोहन गुप्ता, मनीष श्रीवास्तव, सतीश चेलकर , कृष्णा कश्यप, माधव साहू हनी मिश्रा , कारण सारथी , अवधेश प्रसाद आदि सभी कार्यकर्ता उत्साह से तैयारी कर रहे हैं।

### शिवसेना बिलासपुर जिले इकाई की हुई बैठक



**बिलासपुर**, 12 जून (देशबन्धु)। शिवसेना आज बिलासपुर जिले इकाई की बैठक सर्किट हाउस मुंगेली नाका चौक पर प्रदेश महासचिव सुनील कुमार झा की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें आगामी दिनांक 16 जून को प्रदेश की राजधानी रायपुर में राष्ट्रीय सचिव अभिजीत अडसूल का होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई साथी बिलासपुर जिले के सभी पदाधिकारी रायपुर के लिए सुबह 8 बजे नेहरू चौक के पास से एक साथ सभी पदाधिकारी रायपुर के लिए बाई रोड कार के माध्यम से रायपुर में हो रहे कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे आज के बैठक में मुख्य रूप से सुनील कुमार झा धनंजय सिंह चौहान प्रभु वस्त्रकर संतोष कौशल मुकेश देवांगन नवीन यादव अशोक निषाद महिला सेना अनामिका अवस्थी माधुरी शर्मा रेवती यादव कविता शर्मा सुषमा साहू नीलमणि कौशिक रोमेश शर्मा श्यामू विश्वकर्मा परदेसी साहू अशोक निषाद उमेश साहू दिलीप देवांगन द्वारिका वस्त्रकार मुकेश कुमार निर्मलकर अनिल कौशिक सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे उक्त जानकारी मणि शंकर शर्मा व रोमेश शर्मा ने प्रेस को दी।

### स्थानांतरण के लिए आज किया जा सकता है आवेदन

**बिलासपुर**, 11 जून (देशबन्धु)। राज्य शासन द्वारा स्थानान्तरण नीति वर्ष 2025 घोषित की गई है। जिसमें जिला स्तर के स्थानान्तरण हेतु आवेदन प्राप्त करने एवं स्थानान्तरण आदेश जारी किए जाने हेतु समय सीमा निर्धारित की गई है। राज्य शासन द्वारा इस संबंध में सभी विभागाध्यक्ष, संभागायुक्त एवं कलेक्टरों को परिपत्र जारी कर दिशा निर्देश दिए गए है। जारी निर्देश अनुसार 14 जून 2025 से 25 जून 2025 तक जिला स्तर पर तृतीय श्रेणी (गैर कार्यपालिक) तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का स्थानांतरण जिले के प्रभारी मंत्री के अनुमोदन से कलेक्टर द्वारा किये जा सकेंगे। स्वैच्छिक स्थानांतरण हेतु आवेदन 13 जून 2025 तक संबंधित विभाग के जिला कार्यालय में प्राप्त किये जाएंगे। कलेक्टर द्वारा सभी कार्यालय प्रमुख को पत्र जारी कर निर्धारित प्रपत्र में जिला स्तर के स्थानांतरण प्रस्ताव की जानकारी स्थानांतरण हेतु आवेदन सहित उपलब्ध कराने कहा है।

## खेल प्रशिक्षण हेतु प्रवेश परीक्षा 21 को

**बिलासपुर**, 12 जून (देशबन्धु)। पिछड़ा वर्ग के छात्रों को खेल प्रशिक्षण देने के लिये नवीन बालक क्रीड़ा परिसर बिलासपुर में प्रवेश दिया जायेगा। जिसके लिये प्रवेश परीक्षा 21 जून को स्व. बी. आर. यादव राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र बहतराई में सवेरे 8 बजे से आयोजित की गई है। क्रीड़ा परिसर में एथलेटिक्स, हॉकी, कबड्डी एवं स्वीमिंग विधाओं में प्रशिक्षण दिया जाएगा। किसी भी विद्यालय में अध्ययनरत पिछड़ा वर्ग के ऐसे छात्र जिनकी उम्र 31.12.2025 को 14 वर्ष से कम हो सब जूनियर वर्ग एवं ऐसे छात्र जिनकी आयु 31.12.2025 को 18 वर्ष से कम हो वे वरिष्ठ वर्ग से क्रीड़ा परिसर की चयन परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। प्रवेश परीक्षा के द्वारा 27 छात्रों का चयन किया जायेगा। चयन 10 बैटरी टेस्ट लेकर मूल्यांकन द्वारा किया जायेगा। जिनमें 50 मीटर दौड़, उछाल परीक्षण, शटल रेस 4 गुना 10 मीटर, स्टैंडिंग ब्रांड जमा, गतिशील स्फूर्ति परीक्षण, अपर बॉडी बेंडिंग, पुश-अप, लेग रेसिंग, सिट-अप, 400 मीटर दौड़। इसके साथ ही 23 जून को उसी स्थान पर चयन सूची जारी की जाएगी। 24 जून तक चयनित छात्रों का चिकित्सकीय परीक्षण करवा कर क्रीड़ा परिसर में प्रवेश दिया जाएगा।

## खेल पुरस्कारों के लिए आवेदन 26 तक

**बिलासपुर**, 12 जून (देशबन्धु)। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष खिलाडियों, प्रशिक्षकों एवं निर्णायकों को खेल पुरस्कार प्रदान कर राज्य खेल अलंकरण से सम्मानित किया जाता है। इसी क्रम में वर्ष 2023-24 और वर्ष 2024-25 हेतु जिला कार्यालय एवं संचालनालय में राज्य खेल संघों से अनुशंसा सहित आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 26 जून 2025 कार्यालयीन समय तक निर्धारित की गई है। खिलाड़ी को एक से अधिक अंलकरण हेतु पृथक-पृथक आवेदन प्रस्तुत करना होगा। आवेदन पत्रों का प्रारूप सूचना विभाग की वेबसाईट पर उपलब्ध है।

पुरस्कार नियम में प्रावधानों के अनुरूप जिन खिलाड़ियों की मान्यता प्राप्त संघ द्वारा पुरस्कार के लिए अनुसंशा नहीं की गई है और तुलनात्मक रूप से उनकी उपलब्धि अधिक है, तो ऐसे खिलाडी तत्संबंधी विवरण प्रस्तुत कर, निर्धारित प्रारूप में अपना व्यक्तिगत विवरण लेख करते हुए दिनांक 23 जून 2025 तक, कार्यालयीन समय में संचालनालय, खेल एवं युवा कल्याण, सरदार वल्लभ भाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम, जी.ई. रोड, रायपुर या खेल विभाग के जिला कार्यालयों में अपना आवेदन सीधे जमा कर सकते हैं।

राज्य खेल अलंकरण के अंतर्गत सीनियर वर्ग के खिलाड़ियों को शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार, जूनियर वर्ग के खिलाड़ियों को शहीद कौशल यादव पुरस्कार, प्रशिक्षकों एवं निर्णायकों को वीर हनुमान पुरस्कार से अलंकृत किया जाता है। ऐसे खिलाड़ी जिन्होंने विगत 5 वर्षों में चार बार सीनियर वर्ग में राष्ट्रीय चौम्पियनशिप में छत्तीसगढ़ की ओर से प्रतिनिधित्व करने वाले महिला, पुरूष खिलाडियों को शहीद पंकज विक्रम सम्मान से सम्मानित किया जाता है। खेल से जुड़े 55 वर्ष या अधिक उम्र के अंतर्राष्टीय खेल प्रतियोगिता में भाग लिया हो या राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त किया हो या संबंधित ने ऐसी कोई उल्लेखनीय सेवा खेल के क्षेत्र में की हो, जिसके आधार पर उन्हें सम्मानित किये जाने हेतु विचार किया जाए, उन्हें शहीद विनोद चौबे सम्मान से अंलकृत किया जाता है। इसी प्रकार सीनियर व जूनियर वर्ग में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त दल को मुख्यमंत्री ट्रॉफी प्रदान की जाती है। पुरस्कार के नियम छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशित किए गए है, नियमों के अंतर्गत पात्रता रखने वाले आवेदकों को पुरस्कार के लिए प्रावीण्यता के आधार पर चयन किया जाएगा।

## आपदा से निपटने हमेशा तैयार रहें बचाव दल

## कलेक्टर ने की बाढ़ राहत तैयारियों की समीक्षा

**बिलासपुर**, 12 जून (देशबन्धु)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आगामी बरसात को देखते हुए बाढ़ राहत के लिए की जा रही प्रशासनिक तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आपदाएं किसी को पूर्व सूचना देकर नहीं आती, अचानक रूप से कहीं पर भी प्रकट हो सकती हैं। इसलिए हमें हर समय हर तरह की आपदा से निपटने के लिए पहले से तैयार रहना चाहिए। उन्होंने बाढ़ की स्थिति में प्रभावित लोगों को ठहराने के लिए राहत शिविर, सामुदायिक रसोई, नावों की व्यवस्था एवं स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी लेकर हमेशा तैयार रहने के निर्देश दिए। उन्होंने सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष एवं दूरभाष नम्बर 07752-251000 को सक्रिय रखने को कहा है।



कलेक्टर ने कहा कि हमेशा की तरह बाढ़ संभावित क्षेत्रों की पहचान कर लिया जाये। इन इलाकों में लोगों को ठहराने के लिए राहत शिविर एवं सामुदायिक रसोई के लिए स्थल का भी चयन कर लिया जाये। सरकारी और निजी स्तर पर नावों की उपलब्धता का आकलन कर लिया जाये। नाविकों को लाईफ जैकेट भी उपलब्ध कराया जाये। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए मोबाईल चिकित्सा यूनिट एवं चिकित्सा दलों का गठन अभी से कर लिया जाये। आपदा प्रबंधन के लिए एसडीआरएफ, एनडीआरएफ एवं होम गार्डस की टीमों को तैनात किया जायेगा। उन्हें अच्छी तरह से और अधिक प्रशिक्षित किया जाये उनकी मॉक ड्रिल भी समय-समय पर आयोजित होते रहना चाहिए ताकि वे तैयार एवं अपडेट रहें और लोगों में बचाव के प्रति जागरूकता भी आए। उन्होंने जल संसाधन विभाग को बांधों और नदियों में जल स्तर की सतत् निगरानी करते हुए लोगों को इसकी जानकारी देते रहने के निर्देश दिए हैं। जिला कार्यालय में बाढ़ एवं आपदा प्रबंधन के लिए नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर रजनी भगत मोबाईल नम्बर 9174755256 को बनाया गया है। बैठक में में जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, डोगरा रेजिमेन्ट के कैप्टन गजराज, जिला कमाण्डेन्ट दीपांकुर नाथ, जल संसाधन विभाग खारंग के ईई मधु चन्द्रा, जल संसाधन संभाग कोटा के ईई डी जायसवाल, अधीक्षक भू-अभिलेख खिलेन्द्र यादव उपस्थित थे।

## मरीजों को कम्प्यूटराईज्ड जांच रिपोर्ट देने संभागायुक्त ने दिए निर्देश

### सिम्स की स्वशासी समिति की बैठक में लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय




**बिलासपुर**, 12 जून (देशबन्धु)। सिम्स की स्वशासी समिति (प्रबंधकारिणी सभा) की तृतीय बैठक संभागायुक्त सुनील जैन की अध्यक्षता में सिम्स के नये कौंसिल कक्ष में संपन्न हुई। संभागायुक्त द्वारा 15 जुलाई तक समस्त प्रकार के जाँचों की कम्प्यूटराईज्ड रिर्पोट देने की सुविधा प्रारंभ करने निर्देश दिये गये हैं। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने बताया कि सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल व सिम्स चिकित्सालय के मध्य एक डेडिकेटेड बस का संचालन शीघ्र प्रारंभ किया जावेगा। बैठक में नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, अधिष्ठाता सिम्स डॉ. रमणेश मूर्ति, अधिष्ठाता शास. चिकित्सा महाविद्यालय अम्बिकापुर डॉ. अविनाश मेश्राम, चिकित्सा अधीक्षक सिम्स डॉ. लखन सिंह सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी बैठक में उपस्थित थे। बैठक की कार्यवाही पूर्व बैठक के पालन प्रतिवेदन वाचन से प्रारंभ की गई, साथ ही संभागायुक्त द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

संभागायुक्त श्री जैन ने विभिन्न उन्नयन कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के तीनों कार्यपालन अभियंताओं की सदस्यता में समिति गठित कर प्रतिवेदन में सुझाये बिन्दुओं के अनुरूप कार्य संपादित करने निर्देश दिये। बैठक में मुख्य रूप से बालक-बालिका छात्रावास में शेड निर्माण व मरम्मत कार्य, खेल मैदान एवं पीएसएम विभाग में सिविल मरम्मत कार्य, विद्युत सब-स्टेशन के संचालन व रखरखाव की व्यवस्था संबंधित कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त नवीन वातानुकुलित ब्लड कलेक्शन एवं ट्रांसपोटेशन वैन क्रय सहित पूर्व बैठक में स्वीकृत वाहन के क्रय हेतु प्रावधानित बजट में वृद्धि प्रस्ताव पर सहमति प्रदान की गई। इस क्रम में नवीन कम्प्युटर सिस्टम, मल्टीफंक्शन प्रिंटर व साफ्टवेयर क्रय की स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में कलेक्टर एवं आयुक्त, नगर निगम द्वारा जानकारी दी गई की सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल व सिम्स चिकित्सालय के मध्य एक डेडिकेटेड बस का संचालन प्रारंभकिया जावेगा।

बैठक के पूर्व कमिश्नर के द्वारा डीन डॉ रमणेश मूर्ति, नोडल अधिकारी डॉ भूपेंद्र कश्यप, डॉ लखन सिंह चिकित्सा अधीक्षक के साथ चिकित्सालय का आकस्मिक निरीक्षण भी किया गया। दवा वितरण केंद्र, निर्माणाधीन कैजुअल्टी, एवं ट्रायेज में भर्ती मरीजों से इलाज, मिलने वाली दवाई के संबंध में भी जानकारी ली। बैठक में डॉ. हेमलता ठाकुर, डॉ. सुरेश तिवारी, डॉ. प्रभात श्रीवास्तव, डॉ. मनोज गुप्ता, डॉ. प्रशांत निगम, डॉ. सुमन आर्या, सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## सार-संक्षेप

### हेलीपेड में जनप्रतिनिधियों ने किया स्वागत



**कोरबा,** 12 जून (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व उप मुख्यमंत्री अरूण साव का पुलिस लाइन हेलीपेड पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने आत्मीय स्वागत किया। कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन, पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर, विधायक कटघोरा प्रेमचंद पटेल, आईजी संजीव शुक्ला, कलेक्टर अजीत वसंत, एसपी सिद्धार्थ तिवारी, मुख्य वन संरक्षक प्रभात मिश्रा, डीएफओ कोरबा मयंक अग्रवाल, कटघोरा डीएफओ कुमार निशांत सहित अन्य अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने गुलदस्ता भेंट कर सीएम का स्वागत किया।

### मुख्यमंत्री ने रोपा सिंदूरी का पौधे



**कोरबा,** 12 जून (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने एक पेड़ माँ के नाम के तहत रिसदी के कन्वेन्शन सेंटर परिसर में सिंदूरी पेड़ का रोपण किया। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने मौलश्री, मंत्री लखनलाल देवांगन ने बादाम के पौधे का रोपण किया।

### अहिल्या बाई के जीवन को देखा प्रदर्शनी में



**कोरबा,** 12 जून (देशबन्धु)। कन्वेंशन हॉल के लोकार्पण अवसर पर मुख्यमंत्री सहित अन्य अतिथियों ने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के जीवनी पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इसमें चित्रों की श्रृंखला समिति द्वारा लगाई गई। हेमंत माहुलीकर व अन्य ने अतिथियों को जानकारी दी।

### विष्णुदेव ने अनावरण किया प्रतिमा का



**कोरबा,** 12 जून (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कन्वेन्शन सेंटर का नाम माता अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर करने के साथ ही प्रवेश द्वार पर उनकी प्रतिमा का अनावरण किया।

### सुनीता ने किया सीएम का स्वागत



**कोरबा,** 12 जून (देशबन्धु)। कन्वेंशन हॉल के लोकार्पण अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का भाजपा नेत्री सुनीता पाटले ने स्वागत किया।

### केशव भवन का हुआ लोकार्पण



**कोरबा,** 12 जून (देशबन्धु)। कोरबा में सरस्वती शिक्षण समिति के द्वारा सरस्वती विद्यालय सीएसईबी के परिसर में केशव भवन का निर्माण कराया गया है। यह विस्तार परियोजना का एक हिस्सा है। कोरबा प्रवास पर आए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पूजा-अर्चना के साथ इस परिसर का विधिवत्त लोकार्पण किया। इस अवसर पर उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, सरस्वती शिक्षण समिति के अध्यक्ष नानजी भाई पटेल, विद्या भारती के अध्यक्ष जुड़ावन सिंह ठाकुर, व्यवस्थापक जोगेश लाम्बा, जिला भाजपाध्यक्ष गोपाल मोदी सहित समिति के सदस्य, विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार देवांगन और आचार्य उपस्थित रहे।

### हादसे में मृत 2 लोगों का रूकवाया अंतिम संस्कार

**कोरबा,** 12 जून (देशबन्धु)। पुलिस की सतर्कता से लेपरा गांव में दो मृतकों का अंतिम संस्कार रूक गया। पुलिस ने मृतक के परिजनों को फोन कर शव अस्पताल भिजवाने कहा।

जानकारी के अनुसार इस गांव के रहने वाले हीरा यादव और बुधवार सड़क हादसे में घायल हो गए थे। जिला अस्पताल पहुंचने पर मध्य रात्रि को उनकी मौत हो गई। नाइट ड्यूटी कर्मियों ने इन मृतकों के शव मर्चुरी में शिफ्ट नहीं किया। मौका मिलते ही कुछ घंटे बाद परिजन लेकर अपने गांव चले गए। सुबह जब मेडिकल कॉलेज प्रबंधन प्रबंधन के द्वारा जब पुलिस को मेमो दिया गया तो शव की पड़ताल की। इसके बाद हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई। पता चला कि मृतकों के अंतिम संस्कार की तैयारी परिजन कर रहे थे, तभी सरपंच चंद्रकला और मेडिकल कॉलेज अस्पताल पुलिस ने उन्हें फोन कर अंतिम संस्कार रोकने को कहा। मेडिकल कॉलेज प्रबंधन इस मामले में कार्यवाही करेगा।

### उरगा बीजेपी मण्डल के संजय महामंत्री नियुक्त



**कोरबा,** 12 जून (देशबन्धु)। जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी कीअनुशंसा पर भारतीय जनता पार्टी उरगा मण्डल के पदाधिकारियों की घोषणा की गई है। संजय वैष्णव को उरगा मंडल के महामंत्री का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। पार्टी में सक्रिय व समर्पित संजय को महामंत्री बनाए जाने से मंडल कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है।

### केवी-2 एनटीपीसी में रिक्त सीटों पर सीधे प्रवेश 25 जून तक

**कोरबा,** 12 जून (देशबन्धु)। केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 एनटीपीसी कोरबा में सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 10वीं और 12वीं की रिक्त सीटों पर सीधे प्रवेश का अवसर दिया जा रहा है। प्रवेश की यह सुविधा केवल एनटीपीसी कर्मियों, केंद्र सरकार के विभागों, केंद्र सरकार के स्वायत्त निकायों जैसे सीआईएसएफ, बैंक, डाक विभाग, आयकर, एलआईसी, रेलवे में कार्यरत कर्मियों के बच्चों के लिए ही उपलब्ध है। केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 एनटीपीसी कोरबा के प्राचार्य एसके साहू ने बताया कि रिक्त सीटों में प्रवेश के लिए इच्छुक विद्यार्थी या उनके अभिभावक कार्यालयीन दिवस में सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक विद्यालय से पंजीयन प्रपत्र प्राप्त कर सकते हैं।

### राज्य महिला आयोग की सुनवाई 18 को

**कोरबा,** 12 जून (देशबन्धु)। जिले में छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग में महिलाओं के उत्पीड़न से संबंधित जिले से प्राप्त प्रकरणों की सुनवाई आयोग की गठित न्यायपीठ द्वारा अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक, संभाग प्रभारी श्रीमती सरला कोसरिया, सह प्रभारी श्रीमती प्रियवन्दा सिंह जूदेव द्वारा की जाएगी। यह सुनवाई कलेक्टोरेट सभाकक्ष कोरबा में 18 जून को प्रातः 11 बजे से की जाएगी।

# मुख्यमंत्री द्वारा 24 करोड़ के कार्य लोकार्पित, 50 कार्यों की आधारशिला रखी

## डीएमएफ की धनराशि से होगा क्रियान्वयन

कोरबा, 12 जून (देशबन्धु)। कोरबा जिले में अलग-अलग विभागों से संबंधित 24 कार्यों का लोकार्पण मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गुरुवार को किया। इसके साथ ही 50 कार्यों की आधारशिला रखी। लोकार्पित कार्यों पर 24 करोड़ 10 लाख की लागत आई है जबकि जो कार्य होने वाले है उस पर 200 करोड़ से ज्यादा की राशि खर्च होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि डीएमएफ विकास के लिए एक अच्छा माध्यम है और इसकी उपयोगिता तय करने की जिम्मेदारी प्रशासन की है।

पुलिस लाइन के पास अहिल्या बाई होलकर कन्वेन्शन हॉल के लोकार्पण अवसर पर पहुंचे मुख्यमंत्री ने 223 करोड़ की सौगात जिले को दी। इन कार्यों में नल-जल योजना के साथ-साथ सौर ऊर्जा पॉवर प्लांट, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, सिटी बस डिपो टर्मिनल कॉम्पलेक्स, जिला अस्पताल में एसएनसीयू हॉल के साथ-साथ भूजल स्त्रोत सुधार, जल संवर्धन और अन्य सोपान शामिल किए गए है। मुख्यमंत्री ने खनिज न्यास मद से जिन कार्यों का भूमिपूजन किया उनमें अनेक विद्यालयों में नवीन भवन, अस्पतालों के विस्तार, ग्रामीण क्षेत्रों में पुल-पुलिया निर्माण, सड़क चौड़ीकरण, स्टाप डेम, निरीक्षण गृह का सुधार आदि किया जाना है। उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि माता अहिल्याबाई ने महिलाओं की शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने, नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के साथ ही देश के तीर्थ स्थानों, धार्मिक स्थलों को संवारा।



उद्योग, वाणिज्य एवं श्रममंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि जिले में एल्युमिनियम पार्क की स्थापना के लिये मुख्यमंत्री से आवश्यक सहयोग की भी मांग रखी। कलेक्टर अजीत वसंत ने स्वागत उद्बोधन दिया। कलेक्टर ने राजमाता अहिल्याबाई होल्कर के शासन, शिक्षा आदि के योगदान को भी रेखांकित किया। समारोह में जिले के प्रभारी और उप मुख्यमंत्री अरूण साव, श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन, विधायक प्रेमचंद पटेल, गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव, महापौर संजूदेवी राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह कंवर, सभापति नूतन सिंह ठाकुर, पूर्व मंत्री ननकीराम कंवर, भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक चावलानी व प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

## युवती को छेड़ा, दीपक व सुरेन्द्र गिरफ्तार

कोरबा, 12 जून (देशबन्धु)। ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में मुख्य मार्ग पर अभद्र टिप्पणी करते हुए एक युवती से छेड़छाड़ करने के मामले में पुलिस ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी दीपक खूंटे सण्डैल उरगा और सुरेन्द्र कुर्रे चाम्पा जगदल्ला अंबेडकर चौक के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत धारा 183(1), 184, 146, 196 का प्रकरण दर्ज किया गया है। बताया गया कि दोनों युवक मोटर साइकिल क्रमांक सीजी-12बीएल-1770 पर सवार थे। इस दौरान इसी मार्ग से



एक युवती स्कूटी पर जा रही थी उसे देखकर युवकों ने अभद्र टिप्पणी की और आगे बढ़ गए। युवती ने उनका पीछा किया और ट्रांसपोर्ट नगर चौक पर रेड सिग्नल होने पर युवकों की गाड़ी की चॉबी छीन ली और फिर मौके पर सबक सिखाया। किसी ने इसका वीडियो बना लिया जो वायरल हुआ। पुलिस ने कहा कि इस पर संज्ञान लेने के साथ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उन्हें कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

## एंबुलेंस खंभे से टकराई, दो घायल



**कोरबा**, 12 जून (देशबन्धु)। कटघोरा थाना क्षेत्र के तहसीलभाठा मुख्य मार्ग पर एक तेज रफ्तार एंबुलेंस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंभे से टकरा गई और 15 फीट नीचे खाई में जा गिरी। हादसे में एंबुलेंस का ड्राइवर और अटेंडर गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

पुलिस के अनुसार एंबुलेंस आपातकालीन मरीज को लेने नजदीकी गांव जा रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सड़क पर मोड़ होने और सामने से आ रही गाड़ी को साइड देने के प्रयास में चालक ने नियंत्रण खो दिया। एंबुलेंस खंभे से टकराकर चार बार पलटते हुए खाई में गिर गई। हादसे की सूचना पर कटघोरा थाना पुलिस और 112 की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, दोनों की हालत गंभीर है और उनका इलाज जारी है। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचित कर बचाव में मदद की। कटघोरा पुलिस ने बताया कि तेज रफ्तार हादसे का प्रमुख कारण था। घटनास्थल का मुआयना कर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## ईओडब्ल्यू अधिकारी बताकर वन कर्मी को धमकाया

**कोरबा,** 12 जून (देशबन्धु)। इनोवा में आए तीन लोगों ने जल्के तनेरा क्षेत्र स्थित फारेस्ट बेरियर पहुंचकर मनमानी की। उन्होंने खुद को ईओडब्ल्यू, सीबीआई अधिकारी व पत्रकार बताकर बेरियर कर्मी को धमकाया। कोरबा चौकी पुलिस को इस बारे में शिकायत की गई।

5 जून को ताड़के यह घटना हुई। बताया गया कि दुर्गा प्रसाद यादव कोरबा जिले के आमाटिकरा थाना बांगो का निवासी है जो वर्ष 2017 में तनेरा फारेस्ट बेरियर में दैनिक वेतनभोगी के रूप में काम कर रहा है। इनोवा क्रिस्टा क्रमांक सीजी-30एवाय-0081 में सवार तीन व्यक्तियों के द्वारा गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी गई। दुर्गा यादव ने बताया कि बेरियर में वह अपना काम कर रहा था। उस समय नशे की हालत में तीन व्यक्ति आए। उन्होंने कर्मों को बाहर निकलने की धमकी दी। कर्मी के बाहर आने पर उन्होंने अभद्रता की। इनमें से एक व्यक्ति श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ का अध्यक्ष व ईओडब्ल्यू सीबीआई की बात कहते हुए धमकी दी। इसके बाद मोबाइल छीनकर कर्मी से मारपीट की। इस घटना के कारण जान-माल का खतरा बना हुआ है। फारेस्ट बेरियर में लगे सीसीटीवी कैमरे में यह मामला कैद हुआ था। घटना के दौरान मुरारीलाला साहू परिसर रक्षक भी यहां मौजूद था। पुलिस ने इस मामले में 296, 351 (2) बीएनएस का प्रकरण दर्ज किया है। चौकी प्रभारी सुरेश जोगी ने बताया कि मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है। संबंधित वाहन और उसमें सवार होकर आए लोगों की तलाश की जा रही है। डीटीओ को पत्र देकर संबंधित गाड़ी की जानकारी हासिल की जाएगी और फिर उसके मालिक को नोटिस जारी किया जाएगा। उक्तानुसार आगे की पड़ताल होगी।

## नए नियम से वितरण होगा खाद्यान्न का

कोरबा, 12 जून (देशबन्धु)। सरकार द्वारा जून, जुलाई और अगस्त माह का चावल एक साथ वितरित करने के लिए शुरू किए गए चावल उत्सव में नया नियम परेशानी का कारण बन रहा है। राशन वितरण के लिए अब अंगूठे के निशान की बजाय मोबाइल पर ओटीपी के माध्यम से प्रक्रिया पूरी की जा रही है, जिससे हितग्राहियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

नए नियम के तहत, तीन महीने के राशन के लिए हितग्राही के मोबाइल पर छह बार ओटीपी भेजी जा रही है। इस जटिल प्रक्रिया में कई लोग उलझ रहे हैं। जिन हितग्राहियों के मोबाइल नंबर आधार से लिंक नहीं हैं, उन्हें राशन दुकान से घर पर फोन करके ओटीपी मंगवाना पड़ रहा है, जिससे वित-द्धरण में देरी हो रही है। इस स्थिति ने राशन दुकानों पर लंबी कतारें और अव्यवस्था पैदा कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में कई जगहों पर नेटवर्क की समस्या है और कुछ लोग मोबाइल चलाना भी नहीं जानते। ऐसे में ओटीपी सिस्टम उनकी मुश्किलें बढ़ा रहा है। ओटीपी के बिना राशन न मिलने की शिकायतों के बीच लोग अपने मोबाइल नंबर को आधार से लिंक कराने के लिए लोक सेवा केंद्रों पर पहुंच रहे हैं, जहां भीड़ बढ़ती जा रही है। हितग्राहियों ने मांग की है कि सरकार इस नियम को सरल करे और ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं को ध्यान में रखकर वैकल्पिक व्यवस्था करे, ताकि राशन वितरण सुगम हो सके।

## कार नहर में, स्कार्पियो गिरी नाला में



**कोरबा,** 12 जून (देशबन्धु)। बरमपुर मुख्य मार्ग पर हुई घटना में एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सर्वमंगला चौकी क्षेत्र में 20 फीट गहरी नहर में जा गिरी। कार में सवार लोगों का अभी तक कोई पता नहीं चल सका है, और वे लापता बताए जा रहे हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और लापता लोगों की तलाश में जुटी है। वहीं दूसरी घटना में एक स्कार्पियो दादर मार्ग पर स्थित एक नाले में गिर गई। इससे पहले यह बेकाबू हुई और इसकी चपेट में आते-आते कई लोग बचे। घटना के दौरान कुछ लोगों ने इसके वीडियो बनाए। कहा जा रहा है कि चालक नशे की स्थिति में था। गनीमत रही कि इस मामले में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

## सहायक विस्तार अधिकारी भर्ती परीक्षा हेतु उड़नदस्ता दल गठित

**कोरबा,** 12 जून (देशबन्धु)। सहायक विस्तार अधिकारी भर्ती परीक्षा का आयोजन 15 जून को प्रातः 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक आयोजित होगी। कलेक्टर ने परीक्षा केंद्रों के आकस्मिक निरीक्षण हेतु 4 उड़नदस्ता दल के गठन हेतु आदेश जारी किए हैं।

जारी आदेश के अनुसार दल क्रमांक 01 अंतर्गत परीक्षा केंद्र 22001 से 22010 तक के निरीक्षण के लिए तहसीलदार दर्री श्री बजरंग लाल साहू, अधीक्षक भू-अभिलेख अमित झा और नायब तहसीलदार कोरबा श्रीमती सविता सिदार को शामिल किया गया है। इसी प्रकार दल क्रमांक 02 परीक्षा केंद्र 22011 से 22020 तक के लिये उप संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा श्रीमती दिशा शुक्ला, नायब तहसीलदार मधुसूदन, सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख श्रीमती श्रद्धा चंद्रा, दल क्रमांक 03 परीक्षा केन्द्र 22.21 से 22031 तक के लिए उप संचालक पंचायत सुश्री जुली तिर्की, नायब तहसीलदार विमल खांडेकर, खाद्य निरीक्षक श्रीमती उर्मिला गुप्ता और दल क्रमांक 4 परीक्षा केन्द्र 22032 से 22043 तक के निरीक्षण के लिए सहायक आयुक्त आबकारी श्रीमती आशा सिंह, तहसीलदार लीलाधर ध्रुव एवं अधीक्षक भू-अभिलेख श्रीमती पूजा अग्रवाल की ड्यूटी निर्धारित की गई है। उपरोक्त अधिकारी-कर्मचारियों को परीक्षा प्रारंभ होने के आधे घंटे पूर्व अपनी उपस्थिति कलेक्टर कार्यालय में नोडल अधिकारी को अनिवार्य रूप से देने के लिए निर्देशत किया गया है। साथ ही 13 जून को प्रातः 11 बजे शासकीय पीजी कालेज कोरबा में ब्रिफिंग हेतु बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने निर्देशित किया गया है।

## देश हमें देता है सब कुछ, हम भी तो कुछ देना सीखें-ममता सगदेव

**बिलासपुर**, 12 जून (देशबन्धु)। देश हमें बहुत कुछ देता है, हमारा भी कर्तव्य है कि हमें भी देना सीखना चाहिए। सूरज हमें रोशनी देता, हमारी भूख मिटाने के लिए धरती पर खेती होती है। तपती दोपहर में पेड़ पथिकों को छाया देती तो फूल सुगंध फैलाते हैं इन सबसे प्रेरणा लेकर हम भी दूसरों का हित हो, ऐसा कुछ करना सीखें। उक्त बातें ब्रहमाकुमारीज टिकरापारा में चल रहे उड़ान - बाल संस्कार शिविर के 6 वें दिन बच्चों को देशभक्ति गीत सिखाते हुए संगीत शिक्षिका बीके ममता सगदेव ने कही।



**देवतायी गुण हमारे आदि संस्कार हैं-बीके गौरी**

भारत के उत्थान और पतन के 84 जन्मों की कहानी सुनाते हुए बी के गौरी बहन ने कहा कि भारत में ही देवी देवताओं का राज्य था। सतयुग त्रेता में हमारे अंदर देवतायी गुण होने से हम देवी देवता कहलाते थे। द्वापर युग से हमारे अंदर बुराइयों के आ जाने से हम अपने देवतायी संस्कार को भूलते गए और अपने को मनुष्य कहलाने लगे। कलयुग के अंत आते आते हम आखरी सीढ़ी तक पहुंच गए। इस समय गीता में दिए वचन के अनुसार भगवान स्वयं इस धरा पर आते हैं और पुनः इस धरती पर आदि सनातन देवी देवता धर्म की स्थापना करते हैं। यह समय पुरुषोत्तम संगमयुग कहलाता है जहाँ हम अच्छे बच्चे बनकर भगवान को इस नेक कार्य में सहयोग दे सकते हैं। इससे पूर्व गौरी बहन ने दो गीतों के द्वारा सभी बच्चों को आसन प्राणायाम के पैकेज दिए।

**सड़क सुरक्षा नियमों का पालन कर हमें सुरक्षित रहना है-बीके राकेश**

राकेश भाई ने बच्चों को सुरक्षित यातायात के नियमों से अवगत कराते हुए कहा कि सड़क दुर्घटना में सबसे ज्यादा खतरा पैदल यात्री को होता है इसलिए हमें सड़क में शामिल होने से पूर्व पहले दाहिने देखना फिर बांये फिर दाहिने देखना चाहिए। सड़क पर चलते समय यदि फुटपाथ हो तब ही बांयी ओर चलें अन्यथा हमें सड़क के दाहिनी ओर चलना चाहिए. ऐसा करने से हमें सामने से आने वाली गाड़ी दिखती है और यदि वह असंतुलित है तो हम वहाँ से हट कर स्वयं को बचा सकते हैं।

## श्रमिक हितों पर हमारी प्रतिबद्धता : गोपाल

**कोरबा,** 12 जून (देशबन्धु)। इंडियन नेशनल ट्रेड यूनियन कांग्रेस इंटक संगठन ने कोरबा जिले के कोल फील्ड्स गेवरा क्षेत्र में अपनी कार्यकारिणी में आंशिक बदलाव किया है। इसके अंतर्गत पहले महामंत्री की जिम्मेदारी निभा रहे देवमन्त मिश्रा को अब अध्यक्ष बना दिया गया है जबकि जीवराखन चंद्र को महामंत्री की जिम्मेदारी दी गई है। संगठन क्षमता और स्थानीय स्तर पर कार्य विस्तार को देखते हुए संगठन की ओर से यह परिवर्तन किया गया।

इंडियन नेशनल ट्रेड यूनियन कांग्रेस के एसईसीएल केंद्रीय अध्यक्ष गोपाल नारायण सिंह ने बताया कि परिवर्तन के संबंध में सर्व संबंधितों को अवगत कराने के साथ आवश्यक सहयोग करने को कहा गया है। केंद्रीय अध्यक्ष ने बताया कि सभी क्षेत्रों में हम पूरी दमदारी से न केवल काम कर रहे हैं बल्कि श्रमिक हित को लेकर सक्रियता दिखा रहे हैं। सभी क्षेत्रों में काम विकास की समीक्षा और आगे की रणनीति को लेकर भी हमारे पास ब्लूप्रिंट पहले से तैयार है और इसके हिसाब से योजनाओं को अंजाम दिया जा रहा है।

## सुरक्षा नहीं तो करेंगे आंदोलन, सीएम से मिले आदिवासी नेता



**कोरबा**, 12 जून (देशबन्धु)। बांकीमोंगरा क्षेत्र में किसान बलवान सिंह कंवर के साथ भाजपा नेत्री ज्योति महंत और अन्य लोगों के द्वारा मारपीट के मामले पर जनजाति समाज के कुछ लोगों ने गुरुवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भेंट की। उन्हें सुरक्षा का वास्ता दिया। कहा गया कि उनकी रक्षा की जाए अन्यथा सड़क पर उतरना होगा। समाज की ओर से एक ज्ञापन मुख्यमंत्री को दिया गया जिसमें 7 जून को बांकीमोंगरा में हुई घटना की जानकारी दी गई। बताया गया कि पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है लेकिन इस मामले में ज्योति महंत को संरक्षण दिया जा रहा है। आरोप लगाया गया कि पुलिस थाना लाए जाने पर रुपयों की मांग की गई। पीड़ित जनजाति वर्ग से है फिर भी पुलिस ने उसकी रिपोर्ट पर एससी, एसटी एक्ट की धारा नहीं लगाई है। कहा गया कि थाना प्रभारी व अन्य लोग मूकदर्शक बने रहे इसलिए उन पर भी कार्यवाही की जाए।

## सार-संक्षेप



### मध्यप्रदेश में निर्मित 16.2 लीटर गोवा व 8 लीटर हाथ भट्टी अवैध शराब जब्त

**कोरिया,** 12 जून (देशबन्धु)। जिले में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो स्थानों से कुल 24.2 लीटर अवैध शराब जब्त की है। यह कार्रवाई सावला और छोटे साल्हि क्षेत्रों में की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस टीम ने मौके पर 8 लीटर हाथ भट्टी से बनी कच्ची शराब तथा 16.2 लीटर मध्यप्रदेश निर्मित गोवा ब्रांड की अवैध रूप से रखी गई अंग्रेजी शराब जब्त की। मामले में आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) एवं 36 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। कार्यवाही का नेतृत्व विवेचक अधिकारी श्रीमती सपना सिन्हा द्वारा किया गया, जिनके साथ मुख्य आरक्षक बबुआ राम, किसुनराम सहित आरक्षक नरेंद्र राजवाड़े, हेमंत राजवाड़े, नगर सैनिक रुमा सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहे। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि जिले में अवैध शराब के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### चक्रधरनगर पुलिस ने मारपीट मामले के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर

**रायगढ़** 12 जून (देशबन्धु)। चक्रधरनगर थाना क्षेत्र के महापल्ली गांव में मारपीट और धारदार हथियार से हमला करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।



जानकारी के अनुसार, बीते 29 मई को पतरापाली निवासी पुरुषोत्तम साहू ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपने जेसीबी ऑपरेटर अमित आसदा के साथ महापल्ली में खेत निर्माण का कार्य पिछले दो-तीन दिनों से करवा रहा था। इसी दौरान लोईग गांव का चंद्रशेखर सतनामी उर्फ सोनू अपने दो साथियों के साथ मौके पर पहुंचा और आक्रोशित होकर यह कहते हुए कि ष्तुम मेरे एरिया में कैसे काम करवा रहे हो कृ गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया।

आरोपी चंद्रशेखर सतनामी ने अपने हाथ में रखे लोहे के धारदार हथियार से पुरुषोत्तम साहू पर वार किया, जिससे उसे हाथ की उंगली और आंख के पास गंभीर चोट आई। पीड़ित का तत्काल मेडिकल परीक्षण कराया गया और आरोपी के विरुद्ध थाना चक्रधरनगर में तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 351(3), 115(3), 118(1) व 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच प्रारंभ की गई। घटना के बाद फरार चल रहे आरोपियों की पतासाजी करते हुए पुलिस ने मुख्य आरोपी चंद्रशेखर सतनामी उर्फ सोनू और उसके साथी रंजन सतनामी को गिरफ्तार कर लिया। दोनों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए शेष आरोपी की भी गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए हैं।

### युवती से छेड़छाड़, 24 घंटे के भीतर छेड़खानी के आरोपी को भेजा जेल

**रायगढ़** 12 जून (देशबन्धु)। महिला थाना रायगढ़ में दर्ज एक गंभीर शिकायत के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक युवती से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। घटना 9-10 जून की मध्यरात्रि करीब ढाई बजे की है, जब रायगढ़ के बीड़पारा निवासी मोहम्मद दानिश उर्फ चीकू ने एक स्थानीय युवती के घर में जबरन घुसकर छेड़छाड़ की।



युवती द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार, आरोपी ने घर का दरवाजा खटखटाया, जिसे उसकी मां ने खोला। उसी दौरान आरोपी ने उसे धक्का देकर घर में घुसते हुए युवती से अभद्र हरकत की। पीड़िता के विरोध और शोर मचाने पर घर के अन्य सदस्य जाग गए, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया।

घटना की शिकायत मिलते ही थाना प्रभारी उप निरीक्षक दीपिका निर्मलकर के नेतृत्व में त्वरित कार्रवाई की गई। आरोपी मोहम्मद दानिश उर्फ चीकू, उम्र 19 वर्ष, निवासी बीड़पारा रायगढ़ को गिरफ्तार कर भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2), 331(5), 74, 75 ठछै के अंतर्गत मामला पंजीबद्ध कर रिमांड पर भेजा गया है।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरीक्षक दीपिका निर्मलकर के साथ सहायक उप निरीक्षक सरस्वती महापात्रे, विल्फ्रेड मसीह, प्रधान आरक्षक संदीप भगत और आरक्षक राजेश उरांव की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पीड़िता को सुरक्षा और न्याय दिलाने की दिशा में तत्परता दिखाई है।

# देवस्नान से प्रारंभ हुआ श्री जगन्नाथ रथोत्सव का पावन पर्व

**रायगढ़,** 12 जून (देशबन्धु)। रायगढ़ में स्थित रियासतकालीन श्री जगन्नाथ मंदिर परिसर आज भक्ति, श्रद्धा और सांस्कृतिक उल्लास से सराबोर रहा। अवसर है महाप्रभु श्री जगन्नाथ, बलभद्र एवं देवी सुभद्रा के देवस्नान महोत्सव का, जो हर वर्ष रथयात्रा से पूर्व मनाया जाता है।

प्रातः काल, मंदिर के गर्भगृह से तीनों विग्रहों को विशेष वैदिक विधि द्वारा स्नान मंडप पर लाया गया। 108 पवित्र कलशों में संग्रहित जल, जो श्री महावीर हनुमान जी की अभिरक्षा में अभिमंत्रित किया गया जाता है, इनसे तीनों विग्रहों का विधिपूर्वक स्नान संपन्न हुआ। स्नान उपरांत भगवान को पुरी से मंगाए गए वारूणी वस्त्र पहनाए गए तथा पाटनी वस्त्रों से सज्जित कर पुष्पों से भव्य श्रृंगार किया गया।



### भोग का विशेष आयोजन

इस अवसर पर किरण पंडा द्वारा अर्पित छप्पन भोग महाप्रभु को समर्पित किया गया। पूरे मंदिर परिसर में जय जगन्नाथ और हरी बोल के गगनभेदी घोष से वातावरण गूंज उठा। हजारों श्रद्धालु इस अद्भुत दर्शन के साक्षी बने और महा-आरती पश्चात भगवान के महाप्रसाद का वितरण हुआ।

### भक्ति की धारा में सराबोर शाम

उड़ीसा के बोरझरिया ग्राम से आए भजन मंडली द्वारा प्रस्तुत मधुर कीर्तन और नृत्य ने पूरे परिसर को भक्तिरस में डुबो दिया। संध्या समय गुरु श्रीमती सुजाता मजूमदार जी के नेतृत्व में उनकी शिष्याओं दृ जनिशा विश्वाल, जागृति नायक, अभ्या श्री, निधि परासर, आराध्या महाराणा एवं प्रियांशी मिश्रा ने मंगला चरण नृत्य की प्रस्तुति दी। आराध्या महाराणा द्वारा ष्कीड़े छंद जानेलो सहीष् पर अभिनय एवं सुजाता जी द्वारा मधुराष्टकं पर ओडिशी नृत्य नाटिका की प्रस्तुति ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया।

### अनसर काल का आरंभ

देव स्नान के पश्चात भगवान 15 दिनों के अनसर में चले जाते हैं, जिसमें मंदिर के कपाट बंद रहते हैं। यह काल भगवान के अस्वस्थ होने का प्रतीक होता है। इस अवधि के बाद (26 जून) आषाढ़ शुक्ल प्रतिपदा को नेत्रोत्सव मनाया जाता है और अगले दिन (27 जून) से रथयात्रा का शुभारंभ होता है।

रथोत्सव की प्रथा रायगढ़ राजपरिवार की परंपरा अनुसार छेरापहरा के बाद भगवान रथ पर आरूढ़ होंगे और नगर भ्रमण पर निकलेंगे। तृतीया को महाप्रभु मौसी घर (गुंडिचा मंदिर) प्रस्थान करेंगे जहाँ वे 8 दिवस विश्राम करेंगे। दशमी (5 जुलाई) कोमहाप्रभु का रथ वापस मंदिर आएगा और 6 जुलाई को होगा सोनाभेष दर्शन कृ जब भगवान को स्वर्णाभूषणों एवं दिव्य आयुधों से अलंकृत किया जाता है। यह दर्शन वर्ष में केवल एक बार होता है।

### कार्तिक तक विराम

इसके पश्चात भगवान चार माह की योगनिद्रा में चले जाते हैं, जिसे चातुर्मास कहा जाता है। इस काल में विवाह सहित अन्य शुभ कार्य वर्जित रहते हैं, जो देव उठनी एकादशी से पुनः आरंभ होते हैं शुभ कार्य। श्री जगन्नाथ मंदिर रायगढ़ न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, अपितु हिंदू संस्कृति, परंपरा और अध्यात्म का जीवंत प्रतीक भी है। यह देवस्नान उत्सव न केवल महाप्रभु के स्नान का पर्व है, अपितु आंतरिक शुद्धि, भक्ति और समर्पण का महापर्व भी है।

# कांग्रेस ने घेरा थाना, कहा-खतरे में है लोकतंत्र

**रायगढ़** 12 जून (देशबन्धु)। युवा कांग्रेस के बैनर तले जिला कांग्रेस अध्यक्ष ग्रामीण नागेन्द्र नेगी, प्रदेश महासचिव युवा कांग्रेस राकेश पांडेय, पीसीसी अनिल अग्रवाल, डीसीसी यतीश गांधी, जिला एनएसयूआई आरिफ हुसैन, जिला युवा कांग्रेस अनुराग गुप्ता के आतिथ्य में घरघोड़ा में कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ नेताओं ने आज थाने का घेराव कर प्रशासन और पुलिस के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुरेंद्र चैधरी और अमित त्रिपाठी पर दर्ज कथित फर्जी मामले और लोढ़ाझर के युवक पर हुए जानलेवा हमले में निष्क्रियता के साथ घरघोड़ा थाने के संरक्षण में चल रहे अनैतिक गतिविधियों को लेकर किया गया।



प्रदर्शनकारी कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि पुलिस सत्ताधारी दल के दबाव में काम कर रही है और न्याय के बजाय अन्याय को संरक्षण दे रही है। कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ता कारगिल चैक से रैली की शक्ल में निकले और जय स्तंभ चैक पर पहले से तैयार पुलिस फोर्स से सीधा सामना हुआ। जैसे ही कांग्रेस की रैली जय स्तंभ चैक पर पहुंची, पुलिस ने भारी बेरिकेडिंग लगाकर उन्हें रोकने की कोशिश की। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पुलिस बल के बीच झूमाझटकी की स्थिति बनी रही, पर प्रदर्शनकारी पीछे नहीं हटे और पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इसमें पुलिस की पक्षपातपूर्ण कार्यशैली और फर्जी मुकदमों की जांच की मांग की गई।

घेराव के दौरान नगेंद्र नेगी, राकेश पांडेय, अनिल अग्रवाल चीकू, यतीश गांधी, सुरेंद्र चैधरी, किरोड़ी तायल समेत कांग्रेस नेताओं ने तीखा बयान देते हुए कहा कि लोकतंत्र की सुनियोजित हत्या घरघोड़ा पुलिस कर रही है। लोढ़ाझर के युवक पर जानलेवा हमला हुआ, कोई मामला दर्ज नहीं हुआ। कांग्रेस के नगर पंचायत उपाध्यक्ष ने जब न्याय की मांग की, तो उनके खिलाफ ही फर्जी मामला दर्ज कर लिया गया। थाना अब गरीबों को न्याय का मंदिर नहीं, सत्ता पोषितों की सेवा का केंद्र बन चुका है। विभिन्न अनैतिक गतिविधियों को पुलिस संरक्षण दे रही है।

रेत तस्करी से लेकर जुए तक सब पुलिस के साये में चल रहे। यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो एक महीने बाद एसपी कार्यालय का घेराव होगा।आंदोलन का नेतृत्व कर रहे युकां नेता उस्मान बेग के ऊर्जा से भरे कई बयान ने प्रदर्शन में और भी उबाल ला दिया। कार्यकर्ता लोढाझर के पीड़ित को न्याय दो, लोकतंत्र की हत्या बंद करो जैसे नारों के साथ गरजते रहे।

युवा कांग्रेस ने आंदोलन बाद एसडीएम एडिशनल एसपी को थाना प्रभारी के माध्यम से एसपी रायगढ़ को ज्ञापन दिया और कहा कि हम, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कार्यकर्ता, घरघोड़ा क्षेत्र की आम जनता, इस ज्ञापन के माध्यम से आपको अवगत कराना चाहते हैं कि घरघोड़ा क्षेत्र में इन दिनों कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। राजनीतिक द्वेषवश कांग्रेस नेता एवं नगर पंचायत उपाध्यक्ष अमित त्रिपाठी के विरुद्ध झूठे एवं फर्जी प्रकरण दर्ज कर उन्हें बदनाम करने का षड्यंत्र है। यह न केवल राजनीतिक साजिश है, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों पर भी सीधा प्रहार है।

## भाजपा सरकार का गरीबों के घर उजाड़ने का है पुराना इतिहास

### पूरे प्रदेश में चल रहा एक सूत्रीय कार्यक्रम- आशीष जायसवाल

**रायगढ़** 12 जून (देशबन्धु)। प्रदेश में भाजपा सरकार को सत्ता में आए हुए अभी पूर्ण रूप से दो वर्ष भी नहीं हुए हैं और भाजपा सरकार का द्वारा गरीबों के घरों को उजाड़ने का एकसूत्रीय कार्यक्रम चलाया जा रहा है,ताजा मामला रायगढ़ विधानसभा के नगर निगम अंतर्गत वार्ड क्रमांक 29 का है जहां पर कुछ दिन पहले नगर निगम द्वारा लगभग 200 परिवारों को घर तोड़ने का नोटिस जारी कर दिया गया है,और जल्द से जल्द घर खाली करने को कहा गया है, जिसके बाद से वार्ड ही नहीं बल्कि पूरे शहर में इसकी चर्चा होनी शुरू हो गई है। बताया जा रहा है शासन प्रशासन द्वारा वार्ड क्रमांक 29 के वार्ड वासियों को घर खाली करने के नाम पर इस प्रकार का डर सताया जा रहा है, और शासन प्रशासन का डर इस प्रकार है,कि यहां डर से एक महिला की मौत हो गई है।

उक्त मामले को देखते हुए युवा कांग्रेस शहर जिला अध्यक्ष आशीष जायसवाल ने पहले तो वार्ड क्रमांक 29 में घर तोड़े जाने के भय से मृत हुई महिला को नम आंखों से श्रद्धांजलि दी। वहीं उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य पर भाजपा की एनडीए सरकार है,ऐसे में भाजपा और इनके इशारों पर चलने वाली प्रशासन निडर हो गई है, उन्होंने बताया कि रायपुर जिला में विधायक बृजमोहन अग्रवाल के विधानसभा और धरसीवां विधानसभा के अलावा महासमुंद जिला के बसना में एवं अन्य स्थानों पर गरीबों के आशियानों को उजाड़ने का मामला सबके सामने है ,अब रायगढ़ जिले में भी कवायत चालू हो गई है,सत्ता में बैठे लोग गरीब विरोधी हैं। शहर को सुंदर बनाना ही है तो शहर में पूर्व से जो अव्यवस्था है,उसपर ध्यान दिया जाना चाहिए, पुराना मरीन ड्राइव हो या जिले में पर्यटक स्थल हो,वह अव्यवस्था और गुमनामी के कगार पर है। आशीष जायसवाल का यह भी कहना है कि भाजपा का यह पुराना इतिहास है,की जब भी वह सत्ता में आती है,गरीबों के साथ अत्याचार करती है। वर्तमान में तो भाजपा का गरीबों को बेघर करने का एक सूत्रीय कार्यक्रम चल रहा है,जो कि निंदनीय है। रायगढ़ में अगर वक्त रहते प्रशासन इस तरह के कृत्य पर गरीबों के हित में कार्य नहीं करती है,तो युवा कांग्रेस आंदोलन हेतु बाध्य रहेगी।

# लोक परलोक ढाबा के पीछे 35 लाख की चोरी

### पुलिस कर रही जांच पड़ताल

**कोरिया,** 12 जून (देशबन्धु)। जिले के ख्यातिप्राप्त ज्योतिषाचार्य एवं शिक्षक यादवेंद्र मिश्रा ( बंटी महाराज) के बैकुंठपुर स्थित घर में बुधवार रात अज्ञात चोरों ने बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने घर में घुसकर लगभग 30 से 35 लाख रुपये मूल्य के सोना-चांदी के आभूषण और बड़ी मात्रा में नकदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना के समय श्री मिश्रा अपने परिवार के साथ जैतहरी गए हुए थे और रात करीब डेढ़ बजे जब वे लौटे, तो घर का गेट बंद मिला, लेकिन मुख्य दरवाजे की कुंडी टूटी हुई थी। शयनकक्ष का दरवाजा भी टूटा मिला और अलमारी पूरी तरह से खाली थी।



गुरुवार सुबह घटना की सूचना पुलिस को दी गई। बताया जा रहा है कि चोरी जिस स्थान पर हुई, वह लोकपरलोक ढाबे के ठीक पीछे स्थित है और उसी सड़क पर आगे शराब दुकान भी है, जहां देर रात तक लोगों की आवाजाही बनी रहती है। ऐसे में भीड़भाड़ वाले इलाके में इतनी बड़ी चोरी की घटना ने स्थानीय सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं,

जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के लोकपरलोक ढाबा के पीछे स्थित प्रख्यात ज्योतिषाचार्य यादवेंद्र मिश्रा (बंटी महाराज) के घर हुई बड़ी चोरी की सूचना के बाद पुलिस तेजी से सक्रिय हुई है। सिटी कोतवाली प्रभारी विपिन लकड़ा मौके पर पहुंचे और साथ ही डॉग स्क्वॉड की टीम को भी जांच में लगाया गया। डॉग ने चोरी गए सामान की गंध सूंघते हुए घर से बाहर निकलकर सीधे एनएच की ओर दौड़ लगाई, जिससे आशंका जताई जा रही है कि चोर भागने के लिए नेशनल हाईवे का इस्तेमाल कर सकते हैं।

# संकल्प से सिद्धि तक कार्यक्रम का आयोजन आज

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 साल के जन कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने कार्यक्रम आयोजित

### मुख्य अतिथि श्रीमती जांगड़े समेत स्वास्थ्य मंत्री और पूर्व मंत्री रेणुका सिंह होंगी शामिल

**चिरमिरी,** 12 जून (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 साल पूर्ण होने पर पूरे देश में भाजपा संकल्प से सिद्धि तक कार्यक्रम आयोजित कर जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का बीड़ा उठाया है इस क्रम में पहले ही भाजपा ने पदाधिकारियो के नामों की घोषणा कर चुकी है और अब इसी को जमीनीस्तर पर लागू करने के लिए 13जून 2025 दिन शुक्रवार को दोपहर 2बजे से एसईसीएल तानसेन भवन, जीएम काम्प्लेक्स चिरमिरी में माननीय नरेन्द्र मोदी जी के शानदार 11 वर्ष के कार्यकाल के जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन-तक पहुचाने के लिए संकल्प से सिद्धी तक का कार्यक्रम आयोजित है।

जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जांजगीर-चांपा की सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े, छत्तीसगढ़ सरकार में स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल जी, भरतपुर विधायक एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्रीमती रेणुका सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती चम्पा देवी पावले, प्रणव चक्रवर्ती, चिरमिरी नगर निगम के राम नरेश राय महापौर एवं सभापति संतोष सिंह तथा कार्यक्रम के जिला संयोजक जमुना पांडे, चिरमिरी मंडल अध्यक्ष पुरूषोत्तम सोनकर की उपस्थिति में सम्पन्न होगा और अध्यक्षता जिलाध्यक्ष एमसीबी चंपा देवी पावले करेंगी वही शाम 05 बजे सांसद श्रीमती कमलेश जागडे और पूर्व जिलाध्यक्ष सूरजपुर बाबूलाल अग्रवाल एसई सीएल जीएम कॉम्प्लेक्स श्यामली रेस्ट हाउस में पत्रकार वार्ता लेंगे ।

उक्त कार्यक्रम को लेकर चिरमिरी मंडल में निवासरत सभी भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश जिला एवं मंडल पदाधिकारी एवं कार्यसमिति सदस्य सभी मोर्चों प्रकोष्ठ के प्रदेश जिला एवं मंडल पदाधिकारी सभी सम्मानित पार्षद गण सभी शक्ति केन्द्रों के संयोजक सह-संयोजक सभी शक्ति केन्द्रों के प्रभारी एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता को जिला और भाजपा मंडल चिरमिरी की ओर से आमंत्रित किया गया है। इस कार्यक्रम आयोजन एमसीबी भाजपा द्वारा आयोजित है।

# मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में शिक्षक विहीन विद्यालयों की स्थिति में ऐतिहासिक सुधार

### युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया से शिक्षा व्यवस्था को मिली नई मजबूती

**एमसीबी**,12 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेशभर में संचालित युक्तियुक्तकरण अभियान के सकारात्मक परिणाम अब ज़मीनी स्तर पर नज़र आने लगे हैं। मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में शिक्षक विहीन एवं एकल शिक्षकीय विद्यालयों की संख्या में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। यह उपलब्धि शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है,शासन के निर्देशानुसार जिले में संचालित विद्यालयों की व्यापक समीक्षा की गई, जिसमें यह पाया गया कि युक्तियुक्तकरण से पहले जिले में कुल 3 प्राथमिक शालाएं पूर्णतः शिक्षक विहीन थीं। इसके अलावा 1 हाई स्कूल भी ऐसा था जहाँ एक भी शिक्षक पदस्थ नहीं था। इन सभी विद्यालयों में युक्तियुक्तकरण के तहत त्वरित कार्रवाई करते हुए शिक्षकों की नियुक्ति की गई है। अब जिले में कोई भी प्राथमिक या हाई स्कूल शिक्षक विहीन नहीं है, जो प्रशासनिक सजगता और शिक्षा विभाग की तत्परता को दर्शाता है। हालांकि अभी भी 2 प्राथमिक शालाएं एकल शिक्षकीय स्वरूप में संचालित हो रही हैं, जहां केवल एक-एक शिक्षक कार्यरत हैं।




शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि इन विद्यालयों को भी शीघ्र बहु-शिक्षक विद्यालयों में परिवर्तित करने के लिए आवश्यक प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

विकासखंड मनेंद्रगढ़, चिरमिरी और भरतपुर के ग्रामीण व वनांचल क्षेत्रों में स्थित इन विद्यालयों में पहले शिक्षक नहीं होने के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित होती थी। अब, युक्तियुक्तकरण के बाद इन शालाओं में नियमित पठन-पाठन प्रारंभ हो चुका है, जिससे छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो रही है।

शिक्षा विभाग ने जानकारी देते हुए बताया कि शिक्षकों की तैनाती में असंतुलन को समाप्त करने के लिए राज्य सरकार ने जो नीति अपनाई है, उसका सकारात्मक प्रभाव सामने आने लगा है। अब हम प्रयासरत हैं कि शेष एकल शिक्षकीय शालाओं को भी बहु-शिक्षकीय बनाया जाए ताकि शिक्षकों पर कार्य का भार संतुलित हो और विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके। उन्होंने आगे बताया कि युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया में जिले के सभी विकासखंडों से प्राप्त डेटा का गहन विश्लेषण कर प्राथमिकता के आधार पर रिक्त शालाओं में शिक्षकों की पदस्थापना की गई है। साथ ही, जहां आवश्यकता है, वहां पर त्वरित समाधान की दिशा में भी कार्य हो रहा है।

# व्हाटसअप हैक करके बीएमओ की बेटी के नाम पर 46 हजार रूपये की ठगी ?

### सिटी कोतवाली सारंगढ़ में अपराध पंजीबद्ध

रायगढ़ 12 जून (देशबन्धु)। सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला के सारंगढ़ निवासी तथा सारंगढ के सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र में पदस्थ बीएमओ डां.आर.एल.सिदार के सुपुत्री के व्हाटसअप को हैंक करके परिचितो से 46 हजार रूपये मांग कर धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। पिडिता की शिकायत पर सिटी कोतवाली पुलिस ने अज्ञात हैकर के खिलाफ बीएनएस 318,319, 66 क ,66ग, 66घ आईटी एक्ट का अपराध दर्ज कर लिया है।

इस संबंध में मिली जानाकरी के अनुसार आवेदिका कु. गरिमा सिदार पिता डॉ. आर.एल. सिदार वर्तमान पता दृ कुशल नगर रायगढ़ रोड सारंगढ़ की निवासी है उसने बताया कि उसका एयरटेल मोबाईल नंबर है, जिसमें व्हाट्सएप सोशल नेटवर्क चलाती हूँ। उक्त व्हाट्सएप नंबर को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा हैक कर लिया गया है तथा उसके परिचित व्यक्तियों एवं रिश्तेदारों से रूपये की मांग व्हाट्सएप के माध्यम से किया जा रहा है। 09 जून की दोपहर के समय मोबाईल नंबर से मुझे कॉल आया, उक्त व्यक्ति ने मुझे ब्लू डॉर्ट डिलीवरी से संबंधित व्यक्ति बताया। उसने कहा कि डिलीवरी एजेंट को पता ढूंढने में दिक्कत हो रही है। जिसके लिए मुझे स्टार 21स्टार हैश पर कॉल कर डिलीवरी एजेंट से बात करने को कहा गया।



जैसे ही मैनें उक्त नंबर पर कॉल किया, मेरे फोन की सेटिंग में बदलाव हुआ और मेरा व्हाट्सएप स्वयं ही लॉग आउट हो गया। इसके 10 मिनट के भीतर उसके परिचित व्यक्तियों द्वारा उसके दुसरे नंबर पर कॉल कर अवगत कराया गया कि उन्हें मेरे व्हाट्सएप नंबर द्वारा मैसेज कर 46000.00 एवं 43000.00 रूपये की मांग की जा रही है ।उसके कुछ देर बाद उसकी मित्र सृष्टि का कॉल उसके दूसरे नंबर पर आया और उसने उसे बताया कि उसके नाम से तथाकथित व्हाट्सएप मैसेज कर न्च्प् मोबाईल नंबर पर दिनांक 09.06.2025 को 46000.00 रूपये धनराशि की मांग की गई, जिसके बाद उसकी मित्र सृष्टि ने अपने गूगल पे एप नंबर से 09.06.2025 को 04रू33 बजे शाम को 20000.00 रूपये फिर 04६36 बजे शाम को 26000.00 रूपये से किसी देवेन्द्र सिंह नामक कुल 46000.00 रूपये यूपीआई के माध्यम से भेज दिया। पीडिता गरिमा सिदार की शिकायत पर सिटी कोतवाली पुलिस ने अज्ञात हैकर के खिलाफ बीएनएस 318,319, 66 क ,66ग, 66घ आईटी एक्ट का अपराध दर्ज कर लिया है।

## 'कन्नपा' की टीम ने ट्रेलर रिलीज की डेट टाली

**चेन्नई।** अहमदाबाद में गुरुवार को हुए एयर इंडिया विमान हादसे में मारे गए लोगों के प्रति संवेदना जताते हुए पैन-इंडिया फिल्म 'कन्नप्पा' की टीम ने अपकमिंग फिल्म के ट्रेलर की रिलीज को एक दिन के लिए टाल दिया है। इसके साथ ही निर्माताओं ने शुक्रवार को इंदौर में होने वाले प्री-रिलीज इवेंट को भी रद्द कर दिया है। फिल्म के मुख्य अभिनेता विष्णु मांचू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर पीड़ित परिवारों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने लिखा कि अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान हादसे में जान गंवाने वालों के लिए प्रार्थना। इस खबर से मेरा दिल टूट गया है। गहरे दुख के साथ हम 'कन्नप्पा' के ट्रेलर रिलीज को एक दिन के लिए टाल रहे हैं और इंदौर में होने वाले प्री-रिलीज इवेंट को भी रद्द कर रहे हैं।

# शारीरिक सहनशक्ति बढ़ाने में भी मदद करती हैं ये जड़ी बूटियां

**नई दिल्ली,** 12 जून (एजेंसियां)। क्या आप भी ऐसी आयुर्वेदिक दवा की तलाश में हैं, जिसमें गोखरू, शिलाजीत, कौंच बीज, सफेद मूसली, और अश्वगंधा जैसी शक्तिशाली जड़ी-बूटियों का मिश्रण हो, तो आप बिल्कुल सही जगह पर हैं। आयुर्वेद के मुताबिक ये जड़ी-बूटियां सदियों से स्वास्थ्य, शारीरिक ताकत, स्टैमिना और सेहत से जुड़े ढेरों फायदों के लिए उपयोग की जा रही हैं।

ये आयुर्वेदिक हर्ब्स ऊर्जा, मांसपेशियों की ताकत, और इम्यूनिटी को बढ़ाने में मदद करते हैं।



**गोखरू :** आयुर्वेद में गोखरू को एक महत्वपूर्ण जड़ी-बूटी माना जाता है, जिसका उपयोग मूत्र और किडनी स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के साथ-साथ टेस्टोस्टेरोन लेवल को सपोर्ट करने के लिए किया जाती है। यह शारीरिक सहनशक्ति बढ़ाने में भी मदद करता है।

**शिलाजीत :** आयुर्वेद में शिलाजीत को एक महत्वपूर्ण औषधि के रूप में माना जाता है, जो हिमालय के पहाड़ों से प्राप्त होता है। यह शरीर को ऊर्जा प्रदान करने, शारीरिक और मानसिक शक्ति बढ़ाने और विभिन्न रोगों से लड़ने में मदद करता है। यह थकान को कम करता है और शरीर को रिचार्ज करता है।

**कौंच बीज :** हार्मोनल बैलेंस, यौन स्वास्थ्य, और मूड को बेहतर बनाने में मदद करता है। यह डोपामाइन लेवल को भी बढ़ा सकता है।

**सफेद मूसली :** शारीरिक कमजोरी को दूर करने और मांसपेशियों की ताकत बढ़ाने के लिए प्रसिद्ध है। यह पुरुषों के स्वास्थ्य के लिए एक टॉनिक की तरह काम करता है। अश्वगंधा तनाव को कम करने, नींद की गुणवत्ता सुधारने, और मांसपेशियों की रिकवरी में मदद करता है। यह एक शक्तिशाली एडाप्टोजेन है।

बाजार में भी ऐसे कई सारे सप्लीमेंट मौजूद हैं, जो इन जड़ी-बूटियों का मिश्रण प्रदान करते हैं। हालांकि किसी भी तरह के आयुर्वेदिक सप्लीमेंट को शुरू करने से पहले एक बार अपने डॉक्टर या आयुर्वेदिक चिकित्सक से सलाह लें, खासकर अगर आप पहले से कोई दवा ले रहे हैं। स्वस्थ आहार, नियमित व्यायाम, और अच्छी नींद को अपनी दिनचर्या में शामिल करने पर सप्लीमेंट का फायदा मिलेगा। आयुर्वेदिक दवाएं धीरे-धीरे असर दिखाती हैं, इसलिए नियमित रूप से और सही तरीके से उपयोग करें।

## त्वचा की बीमारियों में है खास प्रियंगु

आयुर्वेद में कई पौधे अपने औषधीय गुणों के लिए जाने जाते हैं। इनमें से एक है प्रियंगु, जिसे हिंदी में बिरमोली या धयिया भी कहते हैं। यह पौधा गुणों से भरपूर होता है और इसके कई स्वास्थ्य लाभ हैं। चरक संहिता के मुताबिक प्रियंगु को मुख्य रूप से वात, पित्त, और कफ दोषों को संतुलित करने के लिए उपयोगी माना गया है। प्रियंगु का वैज्ञानिक नाम कैलिकारपा मैक्रोफिला वाहल है। अंग्रेजी में इसे सुगंधित चेरी या ब्यूटी बेरी कहा जाता है। भारत की विभिन्न भाषाओं में इसे अलग-अलग नामों से जाना जाता है। संस्कृत में इसे वनिता, प्रियंगु, लता, शुभा, सुमङ्गा के नाम से जाना जाता है। हिंदी में बिरमोली, धयिया के नाम से, बंगाली में मथारा के नाम से, मराठी में गहुला के नाम से, तमिल में नललु के नाम से, मलयालम में चिमपोपिल के नाम से, गुजराती में घंऊला के नाम से और नेपाली में इसे दयालो के नाम से जाना जाता है। आयुर्वेद के मुताबिक प्रियंगु का उपयोग पेट दर्द, दस्त, पेचिश और यूटीआई के इलाज में किया जाता है।



# फिटनेस फ्रीक दिशा पाटनी, फैंस को अक्सर सिखाती हैं नए-नए ट्रिक्स

### हरी सब्जियों, फलों और अन्य हेल्दी चीजों को खाने में करें शामिल

**मुंबई,** 12 जून (एजेंसियां)। पहली हिंदी फिल्म 'एमएस धोनी द अनटोल्ड स्टोरी' में सीधी-सादी लड़की यानी 'प्रियंका झा' का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री दिशा पाटनी डेब्यू के साथ ही दर्शकों के दिलों में जगह बनाने में कामयाब रहीं। हालांकि, 'हिट कम और फ्लॉप ज्यादा' की जकड़ में आई अभिनेत्री के लिए अभिनय का सफर भले ही मुश्किल भरा रहा हो, वह एक सफल फिटनेस फ्रीक हैं।

13 जून को अभिनेत्री का 32वां जन्मदिन है। दिशा फिटनेस फ्रीक हैं और सोशल मीडिया पर अक्सर फिटनेस और हेल्थ से जुड़े वीडियोज को शेयर करती रहती हैं। वह प्रतिदिन जिम में वर्कआउट करने के साथ ही खास डाइट प्लान को भी अपनाती हैं और अक्सर प्रशंसकों को इसकी सलाह देती हैं।



दिशा बेहतरीन किक बॉक्सिंग भी करती हैं। वह कार्डियो एक्सरसाइज जैसे डांसिंग, जिम्नास्टिक में भी ट्रेंड हैं। अभिनेत्री ने एक पोस्ट के जरिए बताया कि वह सिर्फ जिम ही नहीं जातीं बल्कि, मेंटल फिटनेस पर भी काम करती हैं और इसके लिए उन्होंने मेडिटेशन को अपनी रूटीन का हिस्सा बनाया है। एक अन्य पोस्ट में अभिनेत्री ने बताया कि वह जंक फूड और प्रोसेस्ड चीजों से कोसों दूर रहती हैं। उनका मानना है कि ऐसी चीजों को खाने से बेहतर है कि हम हरी सब्जियों, फलों और अन्य हेल्दी चीजों को डाइट में शामिल करें।

हेल्दी डाइट के साथ ही दिशा जिम में हार्डकोर वर्कआउट भी करती हैं। वह डांस, जिम्नास्टिक, किक बॉक्सिंग के साथ ही वेट लिफ्ट का अभ्यास भी करती हैं। इसके अलावा उन्हें स्विमिंग करना बेहद पसंद है, जिसके लिए वह समय निकालती हैं। दिशा खुद को शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रखने के लिए योग और ध्यान का भी सहारा लेती हैं। दिशा का जन्म 13 जून 1992 को उत्तर प्रदेश के बरेली में हुआ। उन्होंने पढ़ाई भी बरेली से ही पूरी की। उनकी मां जहां मेडिकल सेक्टर में हैं, वहीं पिता पुलिस में हैं। दिशा की गिनती उन हस्तियों में की जाती है, जो फिट रहती हैं और अपने फिगर को भी मेंटेन रखती हैं। दिशा ने अभिनय की शुरुआत साल 2015 में तेलुगू फिल्म 'लोफर' से की थी, जिसमें अभिनेता वरुण तेज मुख्य भूमिका में थे। इसके बाद उन्होंने साल 2016 में स्पोर्ट्स बायोपिक 'एमएस धोनी द अनटोल्ड स्टोरी' के साथ बॉलीवुड में डेब्यू किया।

# एमी जैक्सन से रकुल प्रीत तक, एयर इंडिया विमान हादसे से आहत सितारों ने जताया शोक

**मुंबई/चेन्नई,** 12 जून (एजेंसियां)। अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया विमान हादसे ने पूरे देश को झकझोर दिया। अभिनेत्री एमी जैक्सन, रकुल प्रीत सिंह, बेलमकोंडा श्रीनिवास, आत्मिका, रेबा मोनिका जॉन और साउंड डिजाइनर रेसुल पूकुट्टी समेत अन्य सितारों ने इस दुखद घटना पर शोक व्यक्त किया।

हादसे की खबर मिलते ही ब्रिटिश-भारतीय अभिनेत्री एमी जैक्सन ने एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा कि एयर इंडिया हादसे की खबर से स्तब्ध हूं। मेरी प्रार्थनाएं यात्रियों, क्रू और उनके परिवारों के साथ हैं। बचाव टीमों को ताकत मिले।

ऑस्कर विजेता साउंड इंजीनियर रेसुल पूकुट्टी ने एक्स पर लिखा, अहमदाबाद में एयर इंडिया हादसे की खबर से दिल टूट गया। प्रार्थना है कि सभी सुरक्षित हों।

तेलुगू अभिनेता बेलमकोंडा श्रीनिवास ने लिखा कि अहमदाबाद का विमान हादसा राष्ट्रीय त्रासदी ही नहीं, बल्कि कई परिवारों के लिए व्यक्तिगत दुख है। मां, बच्चे, सपने... इस खबर से आहत हूं। इस अंधेरे में रोशनी और शांति की प्रार्थना।

सिनेमैटोग्राफर एस. आर. कथिर ने कहा कि अहमदाबाद हादसे में जान गंवाने वालों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना।

अभिनेत्री आत्मिका ने लिखा कि हादसे की खबर दिल दहलाने वाली है। सभी यात्रियों के लिए प्रार्थना।

अभिनेत्री सिमरन ने कहा कि अहमदाबाद-लंदन फ्लाइट हादसे की खबर दुखद करने वाली है। सभी की सुरक्षा के लिए प्रार्थना।

रकुल प्रीत सिंह ने लिखा कि इस दुखद पल में कोई शब्द सांत्वना नहीं दे सकते। एआई-171 हादसे से प्रभावित यात्रियों, क्रू और परिवारों के लिए प्रार्थना।



पैन-इंडियन फिल्म 'कन्नप्पा' की टीम ने भी शोक जताते हुए ट्रेलर रिलीज को एक दिन टालने और इंदौर में होने वाले प्री-रिलीज इवेंट को रद्द करने की घोषणा की।

अभिनेता विष्णु मांचू ने एक्स पर पोस्ट कर इस विषय में जानकारी दी।

गुजरात के अहमदाबाद में गुरुवार को एयर इंडिया का प्लेन क्रैश हो गया। इस खबर पर दुख जताते हुए अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया।

उन्होंने कहा कि इस दर्द को शब्दों में बयां करना मुश्किल है। इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर जान्हवी कपूर ने पोस्ट किया, जिसमें लिखा है, 'अहमदाबाद से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद एयर इंडिया की फ्लाइट के दुर्घटनाग्रस्त होने की खबर सुनकर मैं स्तब्ध हूं। ऐसी त्रासदियों का दर्द शब्दों में बयां करना मुश्किल है।'

अभिनेत्री ने अपने दर्द को बयां करने के साथ ही पीड़ितों और उनके परिवार के प्रति भी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने आगे लिखा, मैं यात्रियों, क्रू और पीड़ितों के परिवार के लिए प्रार्थना कर रही हूं।

बता दें, 242 यात्रियों को लेकर लंदन जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-171 अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे की जांच शुरू हो चुकी है।

सेलेब्स ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इस दुखद घटना पर शोक जताया और पीड़ितों के लिए प्रार्थना की।

अभिनेता सनी देओल ने लिखा कि अहमदाबाद में विमान दुर्घटना की खबर सुनकर स्तब्ध हूं। मैं हादसे में बचे लोगों के लिए प्रार्थना कर रहा हूं। उन्हें ढूंढ लिया जाए और वह देखभाल मिले, जिसकी उन्हें जरूरत है। जिन लोगों ने अपनी जान गंवाई है, उनकी आत्मा को शांति मिले और उनके परिवारों को इस दुख को सहने की ताकत मिले।

अभिनेत्री और सांसद कंगना रनौत ने एक्स पर लिखा, अहमदाबाद विमान हादसे का समाचार अत्यंत दुखद एवं पीड़ादायक है। ईश्वर से सभी के सकुशल होने की कामना करती हूं, ईश्वर इस संकट की घड़ी में सभी प्रभावित परिवारों को संबल प्रदान करें।

अक्षय कुमार ने एक्स पर लिखा कि एयर इंडिया हादसे की खबर से स्तब्ध हूं। इस समय केवल प्रार्थनाएं।

आलिया भटट ने पोस्ट में कहा कि यह खबर दिल तोड़ने वाली है! मेरी संवेदनाएं यात्रियों, क्रू और उनके परिवार के साथ हैं।

परिणीति चोपड़ा ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा कि इस हादसे से प्रभावित परिवारों का दर्द सोचकर मन दुखी है। भगवान उन्हें ताकत दे।

विक्की कौशल ने लिखा कि एयर इंडिया विमान हादसे की खबर दिल दहला देने वाली है। 242 यात्रियों की खबर सुनकर मन बैठ गया। सभी की सुरक्षा और ठीक होने की प्रार्थना करता हूं। शिल्पा शेट्टी ने कहा कि हादसे की खबर से स्तब्ध और दुखी हूं। यात्रियों और उनके परिवारों के लिए प्रार्थना करती हूं।

# विटामिन, मिनरल्स व पोषक तत्वों से भरपूर 'सी बकथॉर्न'

### हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, लेह और लद्दाख में पाया जाने वाला पहाड़ी फल

**नई दिल्ली,** 12 जून (एजेंसियां)। आज की भागदौड़ वाली जिंदगी में हम अपने खाने-पीने पर ठीक से ध्यान नहीं दे पाते, जिससे हमारे शरीर में विटामिन, मिनरल्स और पोषक तत्वों की कमी हो जाती है। ऐसे में 'सी बकथॉर्न' एक बहुत ही खास फल है, जो हमारे शरीर को जरूरी पोषण देता है। सी बकथॉर्न का नाम सुनते ही अगर आपको लग रहा है कि यह समुद्र में पाया जाने वाला कोई पौधा है, तो आप गलत हैं। दरअसल, यह पौधा समुद्र में नहीं, बल्कि एक औषधीय पौधा है। यह भारत के पहाड़ी इलाकों जैसे कि हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, लेह और लद्दाख में पाया जाता है। इसके छोटे-छोटे नारंगी रंग के फल बहुत ही पोषक होते हैं और इनका उपयोग आयुर्वेद, यूनानी और आधुनिक चिकित्सा में भी किया जाता है। यह फल हजारों सालों से सेहत के लिए उपयोग में लाया जा रहा है। सी बकथॉर्न दिखने में



बेहद छोटा सा फल है, लेकिन फायदे बहुत सारे हैं।

अमेरिका के नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन के मुताबिक, सी बकथॉर्न में बायोएक्टिव कंपाउंड्स नामक मौजूद तत्व होता है, जो शरीर के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। यह दिल की सुरक्षा करता है, जिससे हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा कम होता है। यह शुगर कंट्रोल करता है और कैंसर से बचाव में मदद कर सकता है। यही नहीं, यह लीवर की भी सुरक्षा करता है।

सी बकथॉर्न में विटामिन सी, ई, बीटा-कैरोटीन, ओमेगा फैटी एसिड और बहुत से एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं, जो शरीर को कई बीमारियों से बचाने में मदद करते हैं। यह फल खासतौर पर त्वचा के लिए बहुत अच्छा माना जाता है। यह झुर्रियां कम करता है, त्वचा को चमकदार बनाता है और एक्जिमा या ड्राई स्किन जैसी समस्याओं में राहत देता है। सूरज की तेज धूप से बचाने में भी यह मददगार होता है। इसके अलावा, यह हमारी इम्यूनिटी की ताकत को भी बढ़ाता है। जो लोग बार-बार बीमार पड़ते हैं, उनके लिए यह बहुत फायदेमंद है। सी बकथॉर्न दिल की सेहत का भी ख्याल रखता है। यह कोलेस्ट्रॉल और ब्लड प्रेशर को भी कंट्रोल में रखता है और दिल की धमनियों को स्वस्थ बनाए रखता है।


सी बकथॉर्न पाचन की परेशानी जैसे गैस, कब्ज और अपच में भी राहत देता है। यह आंतों की सूजन को कम करता है और खाना पचाने में मदद करता है। इसमें मौजूद ओमेगा-7 आंखों की सूखापन की समस्या में भी बहुत उपयोगी है।

# 'द बंगाल फाइल्स' में 'कश्मीरी पंडित' का किरदार निभाना एक बड़ी जिम्मेदारी : दर्शन कुमार

**मुंबई,** 12 जून (एजेंसियां)। फिल्म निर्माता-निर्देशक विवेक रंजन अग्निहोत्री की अपकमिंग फिल्म 'द बंगाल फाइल्स' का टीजर गुरुवार को जारी हो गया। फिल्म में अभिनेता दर्शन कुमार दमदार भूमिका में हैं। उन्होंने बताया कि इस बार उनका किरदार और भी शानदार है। फिल्म 5 सितम्बर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में दर्शन कुमार के किरदार का नाम 'पंडित शिवा' है। टीजर दर्शकों को भावनात्मक रूप से झकझोरने वाला और सच्चाई को बेबाकी से दिखाने वाला है। फिल्म में अभिनेता दर्शन कुमार के साथ अनुपम खेर, मिथुन चक्रवर्ती, पुनीत इस्सर, बब्बू मान और पल्लवी जोशी जैसे सितारों के किरदारों की झलक दिखाई गई है। दर्शन कुमार फिल्म में एक बार फिर से कश्मीरी पंडित की भूमिका में हैं। उन्होंने इस किरदार को निभाने को एक जिम्मेदारी बताया।

दर्शन ने बताया कि मैं 'द बंगाल फाइल्स' के टीजर को लेकर उत्साहित और थोड़ा नर्वस हूं। मेरा किरदार एक पूरी कम्युनिटी के दर्द, ताकत और हिम्मत को दिखाता है। 'द कश्मीर फाइल्स' के बाद फिर से कश्मीरी पंडित का किरदार निभाना सिर्फ एक रोल नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है। इस बार यह किरदार और भी गहरा, भावनात्मक और सच्चाई से भरा है। मैंने इस किरदार को निभाने में खूब मेहनत की है, जिससे अनसुनी आवाजों को इंसाफ मिल सके। उन्होंने उम्मीद जताई कि दर्शक उनके किरदार की यात्रा और फिल्म के संदेश से जुड़ेंगे। दर्शन ने कहा कि कुछ कहानियां सिर्फ सुनाने के लिए नहीं, बल्कि महसूस करने के लिए होती हैं। दर्शकों को यह फिल्म पसंद आएगी। अनुपम खेर, पल्लवी जोशी, मिथुन चक्रवर्ती और पुनीत इस्सर जैसे एक्टर्स के साथ काम करने के बारे में दर्शन ने कहा कि इन दिग्गजों के साथ स्क्रीन शेयर करना मेरे लिए प्रेरणादायक और सम्मान की बात है।

# 'शहंशाह-ए-गजल' : मेहदी हसन की आवाज की दुनिया मुरीद,



**मुंबई,** 12 जून (एजेंसियां)। 'मोहब्बत करने वाले कम न होंगे, तिरी महफिल में लेकिन हम न होंगे' यही नहीं, 'अब के हम बिछड़े तो शायद कभी ख्वाबों में मिलें' ये पंक्तियां जितनी खूबसूरत और इमोशंस से भरी हैं, उतनी ही खूबसूरती से इसे अपनी आवाज में 'शहंशाह-ए-गजल' के नाम से मशहूर मेहदी हसन ने उतारा था।

उन्हें आम जन के साथ ही गजल प्रेमी कभी भूल नहीं सकते और 'अजीम' गजल के जरिए उनकी लाइन्स अक्सर लोगों की जुबां पर आ जाती हैं। कभी 'दिल-ए-नादां' बनकर तो कभी 'शोला था जल-बुझा हूं' बनकर।

शहंशाह-ए-गजल मेहदी हसन एक मिल्कियत के मालिक थे, जिनकी आवाज को सुकून का दूसरा पहलू कहें तो ज्यादा न होगा। 13 जून 2012 में वह 84 वर्ष की आयु में दुनिया से रुखसत हो गए थे और छोड़ गए अपनी मौसिकी, अपने गाए गजल जो कभी नहीं भुलाए जा सकते।

बचपन से ही उनका संगीत से गहरा रिश्ता बन गया था। उन्होंने पिता उस्ताद अजीम खान और चाचा उस्ताद इस्माइल खान से आठ वर्ष की उम्र से संगीत की तालीम लेनी शुरू कर दी थी। खास बात है कि 18 वर्ष की उम्र तक आते-आते वह ध्रुपद, ठुमरी और ख्याल की चाशनी में खुद को डुबो चुके थे, जिसकी मिठास को आज भी उनके प्रशंसक महसूस करते हैं।

उनकी मौसिकी सरहदों के दायरों को पारकर श्रोताओं को अपनी ओर आकर्षित कर लेती थी। खास बात है कि उनकी शायरी में दर्द भी एक अलग रंग में गहराई से मिलती थी, जो बरबस ही एक अलग दुनिया में ले जाती थी।

18 जुलाई 1927 के दिन राजस्थान के झुंझनू जिले के लूना गांव में मेहदी हसन का जन्म हुआ। 1947 में भारत के विभाजन के बाद वह 20 वर्ष की आयु में परिवार के साथ पाकिस्तान चले गए थे। जानकारी के अनुसार वहां पर उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा था।


मेहदी हसन ने कई गजलों को आवाज दी, जो आज भी सुनी जाती हैं। इनमें 'रंजिश ही सही दिल ही दुखाने के लिए आ', 'अब के हम बिछड़े तो शायद कभी ख्वाबों में मिलें', 'दिल-ए-नादां तुझे हुआ क्या है', 'गुलों में रंग भरे बाद-ए-नौ-बहार चले', 'कू-ब-कू फैल गई बात शनासाई की', 'मोहब्बत करने वाले कम न होंगे', 'बात करनी मुझे मुश्किल कभी ऐसी तो न थी', 'शोला था जल-बुझा हूं हवाएं मुझे न दो', 'फिर मुझे दीदा-ए-तर याद आया' जैसे गजल शामिल हैं।

# तनाव और चिंता से राहत पाने का सरल उपाय अधोमुख श्वानासन

**नई दिल्ली,** 12 जून (एजेंसियां)। योग तन, मन और आत्मा को संतुलित करने का तरीका सिखाता है। यह न केवल शरीर को लचीला और मजबूत बनाता है, बल्कि मानसिक शांति भी देता है। आज की भागती-दौड़ती जिंदगी में योग अपनाना बेहद जरूरी हो गया है, क्योंकि यह तनाव कम करता है और सेहत बेहतर बनाता है। योग में कई तरह के योगासन होते हैं, जो अलग-अलग तरीकों से शरीर को लाभ देते हैं। इन्हीं में से एक है- अधोमुख श्वानासन। यह आसन अष्टांग योग का महत्वपूर्ण हिस्सा है और सूर्य नमस्कार के सात आसनों में भी शामिल है।

अधोमुख श्वानासन में 'अधोमुख' का अर्थ है नीचे की तरफ मुंह करना और 'श्वान' का अर्थ है कुत्ता यानी इस आसन में कुत्ते की भांति शरीर की आकृति होती है। इसे अंग्रेजी में 'डाउनवर्ड फेसिंग डॉग पोज' कहते हैं।

इस आसन के बहुत फायदे हैं। इसको नियमित तौर पर करने से कंधे, हाथ, पैर और रीढ़ की हड्डी मजबूत होती है। यह थकान मिटाने में मदद करता है। एक एथलीट के लिए भी यह शानदार



लाभ देने वाला साबित हो सकता है। यहां तक कि ओलंपिक की ऑफिशियल वेबसाइट पर भी अधोमुख श्वानासन के फायदे बताए गए हैं।

यह शरीर और मन दोनों के लिए अच्छा है। अधोमुख श्वानासन रोजाना करने से मानसिक

## कंधे, हाथ, पैर और रीढ़ की हड्डी होगी मजबूत

### आसन गहरी नींद पाने के लिए बहुत असरदार

शांति मिलती है और ऊर्जा बनी रहती है। यह आसन खासतौर पर तनाव को कम करने में मदद करता है। यह मन को शांत करता है और चिंता को दूर करता है।

यह ऐसा योगासन है जो शरीर के सभी अंगों में रक्त संचार को सही करता है। इसे करने से खासतौर पर सिर की ओर रक्त का प्रवाह बढ़ता है, जिससे दिमाग को आराम मिलता है और मानसिक शांति महसूस होती है। जब मानसिक तनाव कम होता है, तो नींद अपने आप अच्छी आने लगती है। इसे रोज करने से नींद न आने की समस्या धीरे-धीरे दूर होने लगती है। इस तरह से यह आसन गहरी नींद पाने के लिए बहुत असरदार है।

अधोमुख श्वानासन करने से पाचनतंत्र भी मजबूत होता है और पेट से जुड़ी समस्याएं कम होती हैं। यह आसन पेट पर हल्का दबाव डालता है, जिससे ब्लोटिंग, कब्ज और अपच जैसी समस्याओं में राहत मिलती है। इसे नियमित रूप से करने से पाचन क्रिया बेहतर होती है और पेट साफ रहता है। यह योगासन शरीर के अंदरूनी अंगों को सक्रिय करता है, जिससे पेट से जुड़ी बीमारियों को दूर करने में मदद मिलती है और शरीर स्वस्थ रहता है।

अधोमुख श्वानासन करने के लिए सबसे पहले पैरों के बीच थोड़ी दूरी बनाकर सीधे खड़े हो जाएं। फिर धीरे-धीरे सांस भरते हुए दोनों हाथों को ऊपर की ओर उठाएं। इसके बाद सांस छोड़ते हुए शरीर को आगे झुकाएं और हाथों को नीचे लाकर फर्श पर रखें, ताकि शरीर 'वी' के आकार में आ जाए। इस पोज में आने के बाद सामान्य रूप से सांस लेते रहें और लगभग 5 मिनट तक इसी स्थिति में बने रहने की कोशिश करें।

# देश विदेश

## दक्षिण कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति यून की बढ़ी मुश्किलें, जांच के लिए विशेष अभियोजकों की सिफारिश

**सियोल,** 12 जून (एजेंसियां)। दक्षिण कोरिया की सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक पार्टी (डीपी) ने पूर्व राष्ट्रपति यून और उनकी पत्नी के खिलाफ भ्रष्टाचार से जुड़े मामले की जांच के लिए तीन विशेष अभियोजकों के नाम की सिफारिश की है। यह मामला पूर्व राष्ट्रपति यून सुक योल के असफल मार्शल लॉ प्रयास, उनकी पत्नी किम कीन ही के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों और एक मरीन की मौत की जांच से जुड़ा है। राष्ट्रपति कार्यालय ने डीपी और रीबिल्डिंग कोरिया पार्टी से तीन विधेयकों के पारित होने के बाद इन जांचों के लिए नामांकन देने को कहा था। डीपी ने यून के खिलाफ 11 आरोपों की जांच के लिए बोर्ड ऑफ ऑडिट एंड इंस्पेक्शन के पूर्व कार्यवाहक प्रमुख चो यून-सुक के नाम सिफारिश की है।

### अमेरिका ने मध्य पूर्वी देशों से अपने कुछ कर्मचारियों को वापस बुलाने का किया फैसला, कहा

# अब संभावित रूप से खतरनाक बन गया है यह इलाका

■ **इराक से कर्मचारियों को हटाने के पीछे की सुरक्षा चिंताएं स्पष्ट नहीं**



**वाशिंगटन,** 12 जून (एजेंसियां)। अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु वार्ता के रुक जाने और बढ़ते क्षेत्रीय तनाव को देखते हुए व्हाइट हाउस ने कुछ मध्य पूर्वी देशों से अपने कुछ कर्मचारियों को वापस बुलाने का फैसला किया है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि यह फैसला एहतियात के तौर पर लिया गया है, क्योंकि यह इलाका अब संभावित रूप से खतरनाक बन गया है।

जब ट्रंप से पूछा गया कि क्या अमेरिका अपने सैनिकों को मध्य पूर्व से हटाने की योजना बना रहा है, तो उन्होंने मीडिया से कहा कि हम अपने लोगों को वहां से हटा रहे हैं, क्योंकि वह इलाका खतरनाक हो सकता है। हम देखेंगे आगे क्या होता है। हमने वहां से हटने का नोटिस दे दिया है।

जब उनसे पूछा गया कि क्या तनाव कम करने के लिए कोई कदम उठाए जा सकते हैं, तो राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर अपना सख्त रुख दोहराया। ट्रंप ने ईरान को लेकर कहा कि उनके पास परमाणु हथियार नहीं होने चाहिए। यह बहुत सीधी बात है। हम उन्हें परमाणु हथियार बनाने की इजाजत नहीं देंगे। ट्रंप का यह बयान उन रिपोर्टों के बाद आया है, जिनमें कहा गया है कि अमेरिका इराक में अपने दूतावास को आंशिक रूप से खाली करने की तैयारी कर रहा है।

अमेरिकी विदेश विभाग ने बुधवार को एक बयान में कहा कि हमारे हालिया विश्लेषण के आधार पर हमने इराक में अपने मिशन की उपस्थिति को कम करने का फैसला किया है। बयान में कहा गया है कि हम अपने सभी दूतावासों में कर्मचारियों की स्थिति की लगातार समीक्षा कर रहे हैं।

बुधवार को ही अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने मध्य पूर्व में तैनात अमेरिकी सैनिकों के परिवारों को वहां से स्वेच्छा से लौटने की मंजूरी दे दी। इराक से कर्मचारियों को हटाने के पीछे की सुरक्षा चिंताएं अभी पूरी तरह स्पष्ट नहीं हैं।

तनाव को और बढ़ाते हुए अर्कांसस के अमेरिकी सीनेटर टॉम कॉटन ने गुरुवार को कहा कि रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने यह पुष्टि की है कि ईरान सक्रिय रूप से परमाणु हथियार बनाने की कोशिश कर रहा है। यह बयान ऐसे समय पर आया है, जब अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु समझौते को दोबारा शुरू करने की बातचीत लंबे समय से रुकी हुई है।

## ट्रंप ने मस्क की माफी को किया स्वीकार, तनाव खत्म करने के दिए संकेत



**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस ने बताया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टेस्ला के सीईओ एलन मस्क की ओर से हाल ही में की गई टिप्पणियों के लिए मांगी गई माफी को स्वीकार कर लिया है। इससे दोनों मशहूर हस्तियों के बीच चल रहा तनाव कम होने का संकेत मिला है। बुधवार (अमेरिकी समय) को मीडिया से बात करते हुए प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि राष्ट्रपति ने आज सुबह एलन के बयान को स्वीकार किया है और उसकी सराहना करते हैं। हम अमेरिका के लोगों के काम और कारोबार पर ध्यान देना जारी रखेंगे। जब उनसे पूछा गया कि क्या ट्रंप प्रशासन ने मस्क के सरकारी अनुबंधों की समीक्षा शुरू कर दी है, जिसके बारे में राष्ट्रपति ने पहले विचार करने का संकेत दिया था, तो लेविट ने साफ कहा कि जहां तक मुझे पता है, अभी तक इस दिशा में कोई काम नहीं किया गया है। सीएनएन की एक रिपोर्ट के मुताबिक, मस्क ने सोमवार रात ट्रंप को खुद फोन किया और बाद में बुधवार को एक सार्वजनिक बयान जारी किया। इसमें उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी टिप्पणियों के लिए माफी मांगी।

## ट्रंप ने की 5 मिलियन डॉलर की गोल्ड कार्ड इमिग्रेशन वेबसाइट लांच

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने धनी विदेशियों के लिए एक नया इमिग्रेशन कार्यक्रम शुरू किया है, जिसे 'गोल्ड कार्ड' नाम दिया गया है। इस योजना के तहत, आवेदक 5 मिलियन डॉलर (लगभग 43 करोड़ रुपए) का भुगतान करके स्थायी निवास हासिल करने की राह पर चल सकते हैं। लंबे समय से चर्चित इस कार्यक्रम का बुधवार को एक नए सरकारी वेबसाइट के माध्यम से 'गोल्ड कार्ड' का अनावरण किया गया। इस वेबसाइट पर, इच्छुक व्यक्ति अपनी जानकारी दर्ज कर प्रतीक्षा सूची में शामिल हो सकते हैं। बताया जा रहा है, यह ट्रंप कार्ड पांच मिलियन डॉलर में आ रहा है, वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा कि हजारों लोग पूछ रहे हैं कि वे दुनिया के सबसे महान देश और बाजार तक पहुंचने के लिए एक सुंदर रास्ते पर कैसे साइन अप कर सकते हैं। ट्रंप इस कार्यक्रम को एक फ़ास्ट-ट्रैक इमिग्रेशन विकल्प के रूप में बढ़ावा दे रहे हैं, जिसका उद्देश्य उच्च वर्गीय लोगों को आकर्षित करना है, जो संयुक्त राज्य अमेरिका में रहना चाहते हैं और वहां की नागरिकता लेना चाहते हैं।

## सुडोकू 6942

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 2 | 3 | | 7 | | | |
| 3 | | 5 | | 9 | | | | |
| | | | 6 | | | | | |
| | 7 | 9 | | | | | 3 | 5 |
| | 2 | | 7 | | 4 | | 9 | |
| 5 | 4 | | | | | 2 | 8 | |
| | | | | | 3 | | | |
| | | | | 6 | | 7 | | 1 |
| | | | 5 | | 9 | 8 | 6 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : शुक्रवार 13 जून, 2025 आषाढ़ कृष्ण पक्ष 2**

### राशिफल

मेष - आज आप सभी कार्य अच्छी तरह से पूरी कर सकेंगे, परंतु आपने जो दिशा पसंद की है, ऐसा भी हो सकता है कि वह गलत हो। आप किसी धार्मिक कार्यक्रम से जुड़ सकते हैं। किसी तीर्थ यात्रा पर जाने की संभावना है।

वृषभ - आप जो कार्य हाथ में लेंगे, वह समय से पूरा न होने पर निराशा का अनुभव करेंगे। काम सफल होने में थोड़ा समय लगेगा। आहार में ध्यान न देने के कारण तबीयत खराब हो सकती है।

मिथुन - आज दिन की शुरुआत आरामदायक, प्रसन्नतापूर्वक और स्फूर्ति के साथ करेंगे। मेहमानों और मित्रों के साथ पार्टी पिकनिक और समूह भोजन का आयोजन करेंगे। नए कपड़े, गहने और वाहन की खरीदारी का योग है।

कर्क - आज का दिन खुशी और सफलता का है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। नौकरीपेशा लोगों को ऑफिस में अनुकूल वातावरण रहेगा। नौकर वर्ग और ननिहाल पक्ष से लाभ होगा। स्वास्थ्य बना रहेगा। आर्थिक लाभ होगा।

सिंह - आज के दिन आप तन-मन से स्वस्थ रहेंगे। आपकी रचनात्मकता नया स्वरूप प्रदान कर सकेगी। प्रिय व्यक्ति के साथ की मुलाकात सुखद रहेगी। संतान की प्रगति का समाचार मिलेगा।

कन्या - आज के दिन सभी कामों में प्रतिकूलता का अनुभव होगा। स्वास्थ्य खराब होगा। मन चिंताग्रस्त रहेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ अनबन होने से अशांति रहेगी। सार्वजनिक रूप से मानहानि होने की संभावना रहेगी।

तुला - नए काम शुरू करने के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है। आप अधिक भाग्यशाली बनेंगे और आर्थिक लाभ होने की संभावना है। किसी सामाजिक समारोह में उपस्थित रहने के लिए बाहर जाना पड़ेगा।

वृश्चिक - पारिवारिक कलह- द्वेष का अवसर न आएं, इसका ध्यान रखें। पारिवारिक सदस्यों के साथ गलतफहमियों से बचें। मन में उत्पन्न नकारात्मक विचारों को दूर करें। विद्यार्थियों को विद्या प्राप्ति में अवरोध आएगा।

धनु - आज आप निर्धारित कामों में सफलता तथा आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकेंगे। आप परिवार सहित शुभ अवसर में उपस्थित हो सकेंगे। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाने की संभावना है।

मकर - आज सावधानी बरतें। अधिक परिश्रम में कम सफलता मिलने से निराशा की भावना पैदा होगी। पारिवारिक वातावरण भी अशांत रहेगा। स्वास्थ्य संबंधी शिकायत रहेगी। दुर्घटना से बचें। व्यावसायिक कामों में सरकारी हस्तक्षेप बढ़ेगा।

कुंभ - आज आप नए काम की शुरुआत या उसकी योजना बना सकेंगे। नौकरी या व्यवसाय में लाभ की प्राप्ति होगी। मित्र आपकी प्रगति में सहायक होंगी। आर्थिक लाभ की दृष्टि से आज का दिन बहुत अच्छा रहेगा।

मीन - नौकरी या व्यवसाय में सफलता मिलने तथा उच्च अधिकारियों के अच्छे व्यवहार से आप प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। व्यापारियों के व्यापार में वृद्धि होगी और बकाया राशि प्राप्त होगी। पिता तथा बुजुर्गों से लाभ मिलेगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## संयुक्त राष्ट्र ने हैती में बढ़ते विस्थापन पर जताई चिंता

**संयुक्त राष्ट्र,** 12 जून (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय संगठनों ने हैती में बढ़ती हिंसा के कारण आंतरिक विस्थापन में बड़े पैमाने पर हो रही वृद्धि पर चिंता जताई है। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (ओसीएचए) ने अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) के आंकड़ों का हवाले से बुधवार को बताया कि हैती में अब तक लगभग 13 लाख लोग हिंसा की वजह सेविस्थापित हो चुके हैं। यह विस्थापित लोगों की तादाद में दिसंबर 2024 से 24 प्रतिशत की बढ़ोतरी है।



यह आंकड़ा अब तक का सबसे अधिक है। राजधानी पोर्ट-ओ-प्रिंस हिंसा का मुख्य केंद्र बना हुआ है, लेकिन यह संकट अब केन्द्र और आर्टिबोनाइट जैसे अन्य क्षेत्रों में भी फैल गया है, जिससे बड़े पैमाने पर लोग विस्थापित हो रहे हैं। विस्थापित लोगों की संख्या कुछ ही महीनों में 68 हजार से बढ़कर 1.45 लाख हो गई है। आर्टिबोनाइट क्षेत्र में दिसंबर 2024 से अब तक 90 हजार से अधिक लोग घर छोड़ चुके हैं, जबकि उत्तरी विभाग में विस्थापन में लगभग 80 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। संयुक्त राष्ट्र कार्यालय ने बताया कि विस्थापित परिवारों को अस्थायी शिविरों या भीड़भाड़ वाले घरों में रहना पड़ रहा है, जहां बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी है। दिसंबर 2024 से, अब तक स्वत: बने विस्थापन स्थलों की संख्या 142 से बढ़कर 246 हो गयी है, जिनमें सबसे बड़ी वृद्धि सेंटर डिपार्टमेंट में हुई है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, 83 प्रतिशत विस्थापित लोग परिवारों के पास रह रहे हैं, जिससे पहले से ही कमजोर ग्रामीण समुदायों पर अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है।

### बलूच मानवाधिकार संस्था का दावा

## पाकिस्तानी सेना ने की जबरन गायब दो लोगों की हत्या



**क्वेटा,** 12 जून (एजेंसियां)। बलूच नेशनल मूवमेंट के मानवाधिकार संगठन पाक ने गुरुवार को बलूचिस्तान के अवारन जिले के मशकई में पाकिस्तानी सेना द्वारा जबरन गायब किए गए दो और लोगों की हत्या की कड़ी निंदा की। मानवाधिकार संस्था की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि पाकिस्तानी सेना ने मशकई कैंटोनमेंट में अली मुहम्मद और निजार की हत्या कर दी। वे दोनों पहले भी जबरन गायब किए गए थे और उनके शवों को मशकई अस्पताल में भेज दिया गया। हकीम के बेटे अली मुहम्मद को 1 फरवरी 2025 को मशकाई खांदरी में सैन्य छापेमारी के दौरान अगवा किया गया और हिरासत में यातना दी गई। 11 जून को उनकी हत्या कर शव अस्पताल में फेंक दिया गया।

मानवाधिकार संस्था ने कहा कि निजार 23 दिसंबर 2024 को मशकई मजाराबाद से जबरन गायब हो गया और 11 जून को उसी छावनी में उसकी हत्या कर दी गई थी। इस बीच, उसका भाई गुलदाद भी लापता है।

मानवाधिकार संस्था ने इन हत्याओं को अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कानूनों का उल्लंघन बताया और अंतरराष्ट्रीय संगठनों से जांच और दोषियों को जवाबदेह बनाने की मांग की।

वहीं, बलूच यकजहती कमेटी (बीवाईसी) ने बलूच जेल में अपने नेताओं के उत्पीड़न की निंदा की और पाकिस्तानी अधिकारियों से इसे तुरंत रोकने की मांग की।

## अमेरिका के बारे में बात करते समय शांत दिमाग और सही संदर्भ अहम : शिनबाम




**मेक्सिको सिटी,** 12 जून (एजेंसियां)। मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने लॉस एंजिल्स, कैलिफोर्निया में प्रवासी विरोध प्रदर्शनों के संबंध में एक वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि लोगों को अमेरिका के साथ व्यवहार करते समय हमेशा शांत रहना चाहिए और हर चीज को उसके उचित संदर्भ में महत्व देना चाहिए। नेशनल पैलेस में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान, यह बात उन्होंने तब कही जब एक वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी ने उन पर लॉस एंजिल्स, कैलिफ़ोर्निया में प्रवासी विरोध प्रदर्शनों को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। यह आरोप अमेरिकी गृह सुरक्षा सचिव क्रिस्टी नोएम और मैक्सिको में राजनीतिक विपक्ष द्वारा लगाया गया है।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, शिनबाम ने कहा कि तीन हफ्ते पहले अमेरिकी धन प्रेषण पर कर लगाने के प्रयास का शांतिपूर्ण विरोध करने के बारे में उनके बयान को गलत संदर्भ में लिया गया था।

शिनबाम ने कहा कि हमने अपने पूरे जीवन में कभी भी हिंसक प्रदर्शन का आह्वान नहीं किया है। मंगलवार को व्हाइट हाउस के एक कार्यक्रम में नोएम ने कहा कि क्लाउडिया शिनबाम सामने आईं और उन्होंने एलए में और अधिक विरोध प्रदर्शनों को प्रोत्साहित किया, और मैं इसके लिए उनकी निंदा करती हूं।


लॉस एंजिल्स में अमेरिकी आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) द्वारा स्कूलों और व्यवसायों पर किए गए छापों और अवैध प्रवासियों के बड़े पैमाने पर निर्वासन ने हिंसक विरोध प्रदर्शनों को भड़का दिया है। इसमें कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है। शिनबाम ने कहा कि कल जब होमलैंड सुरक्षा सचिव ने यह बयान दिया, तो हमने तुरंत कहा कि यह पूरी तरह से झूठ है। हमने लॉस एंजिल्स में (हिंसक) कार्रवाई का कभी आह्वान नहीं किया।

## पाकिस्तान ने आईएमएफ की मांगों के अनुरूप दिया बजट को अंतिम रूप



**इस्लामाबाद,** 12 जून (एजेसियां)। पाकिस्तान ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की मांगों के अनुरूप अपने बजट को अंतिम रूप देने में कामयाबी हासिल की है। पाकिस्तान के वित्त सचिव इमदादुल्लाह बोसल ने कहा कि आईएमएफ ने कृषि क्षेत्र पर कर न लगाने के पाकिस्तान के अनुरोध को स्वीकार कर लिया है। उन्होंने इसे पाकिस्तान के लिए 'बड़ी उपलब्धि' बताया। उन्होंने कहा कि उर्वरकों और कृषि रसायनों पर कर मूल रूप से पिछले वित्तीय वर्ष (2024) के लिए निर्धारित किया गया था, लेकिन प्रधानमंत्री के निर्देश के तहत हमने इसे स्थगित करने के लिए आईएमएफ के साथ बातचीत की। इस साल हम कर लगाने के लिए प्रतिबद्ध थे, फिर भी हम एक और छूट हासिल करने में कामयाब रहे। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की दक्षता को अनुकूलित करने के उद्देश्य से संघीय सरकार के चल रहे प्रयासों के लाभ भविष्य में स्पष्ट हो जाएंगे। गौरतलब है कि आईएमएफ ने पाकिस्तान को कमजोर होती अर्थव्यवस्था को स्थिर करने के लिए कर आधार को व्यापक बनाने और राजकोषीय समेकन जैसे कड़े सुधार की शर्तें लागू करने का निर्देश दिया था।

## वर्ग पहेली 6942




**बायें से दायें:-**

१.वह स्त्री जिसने हाल ही में बच्चे को जन्म दिया हो
४. कर्ण
६. मेघ, बादल
७. रहना, रहने की जगह
८. विघ्न, बाधा
९. नस, खून को सारे शरीर में प्रवाहित करने वाली शिरा
१२. बांटने नाला
१३. जलजला
१४. प्रश्न (उर्दू)
१५. जांचना, भले-बुरे की पहचान करने वाला
१७. घ्वनि, आवाज
१९. पुरस्कार (उर्दू)
२१. एक प्रसिद्ध पक्षी
२२. टेढ़ी-मेढ़ी, चतुराई भरी चाल चलने वाला
२४. कुआं आदि खोदने पर निकलने वाला प्रारंभिक पानी

**ऊपर से नीचे:-**

१. दिवालिया
२. प्रयत्नशील
३. ऊष्मा के प्रभाव को रोकने वाला
४. भीतरी, आंतरिक
५. नीरज, कमल
९. उंगलियों से छूकर पता लगाना
११. जिसकी पत्नी का देहांत हो गया हो
१२. बनाना, निर्माण करना
१३. विभाजन
१४. बरदास्त करना
१५. पका हुआ 'मेच्योर्ड'
१६. वह जगह जहां खेतों से फसल काटकर रखी जाती है
१८. गर्जना
१९. आविष्कार (उर्दू)
२०. बुद्धि
२३. मछली

### वर्ग पहेली-6941



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### सुडोकू 6942 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 8 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 3 | 8 | 5 | 2 | 9 | 1 | 6 | 7 | 4 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 2 | 8 |
| 6 | 7 | 9 | 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 8 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 3 | 6 | 2 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 1 | 3 | 9 | 4 | 2 |
| 9 | 3 | 8 | 4 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 5 | 7 | 9 | 8 | 6 | 3 |

## आज का इतिहास

1290-खिलजी प्रमुख जलालुद्दीन फिरोजशाह दिल्ली की गद्दी पर बैठा और इसके साथ ही गुलाम वंश के शासन का अंत हुआ। लंबे समय से अफगानिस्तान में बसे खिलजी कबीले ने 1320 तक शासन किया।
1719-दसवाँ मुग़ल बादशाह रफ़ीउद्दाराजात का निधन।
1731-स्वीडिश ईस्ट इंडिया कंपनी की स्थापना।
1888-अमेरिकी कांग्रेस ने श्रम विभाग का गठन किया।
1909-केरल के पालाघाट में ई एम एस नंबूदरिपाद का जन्म।
1922-अंग्रेज़ों का विरोध करने वाले क्रांतिकारी विचारों के व्यक्ति नानक भील का निधन।
1932-ब्रिटेन ने 72 वर्षों तक स्वेज नहर का नियंत्रण अपने कब्जे में रखने के बाद उसे मिस्र को सौंपा।
1940-जलियाँवाला बाग़ हत्याकांड के समय पंजाब के गवर्नर रहे माइकल ओ डायर की हत्या कर उस हत्याकांड का बदला लेने वाले भारतीय ऊधमसिंह को लंदन में फाँसी दे दी गई।
1943-नेताजी सुभाष चंद्र बोस जर्मनी से टोक्यो पहुंचे।
1944-संयुक्त राष्ट्र संघ के आठवें महासचिव बान की मून का जन्म।
1964-भारतीय जनता पार्टी के नेता पीयूष गोयल का जन्म।
1967-भारत के प्रसिद्ध मूर्तिकार विनायक पांडुरंग करमरकर का निधन।
1993-किम कैंपबेल कनाडा की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं।
1994-भारतीय महिला तीरंदाज दीपिका कुमारी का जन्म।
1997-दिल्ली के उपहार सिनेमाघर में आग लगने से 59 लोगों की मृत्यु हो गई तथा 100 से अधिक लोग घायल हो गए।
1999-'महावीर चक्र' से सम्मानित भारत के जांबाज सैनिक मेजर विवेक गुप्ता का निधन।

### कार्यक्रम | विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने की राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात

# आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में समर्थन के लिए जताया आभार

**पेरिस,** 12 जून (एजेंसियां)। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गुरुवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से पेरिस में मुलाकात की। मुलाकात के दौरान विदेश मंत्री ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख का समर्थन करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से उनका आभार जताया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जयशंकर ने लिखा कि फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मिलकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिवादन उन तक पहुंचाया और आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई में फ्रांस के मजबूत संदेश के लिए धन्यवाद दिया।

■ **14 जून तक फ्रांस, बेल्जियम व यूरोपीय संघ की यात्रा पर हैं विदेश मंत्री**

हमारी चर्चा में रणनीतिक साझेदारी की विश्वास, सहजता और महत्वाकांक्षा की झलक स्पष्ट रूप से देखने को मिली। उल्लेखनीय है कि पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन किया था और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में मजबूती से भारत के साथ खड़े रहने की बात कही थी। भारत और फ्रांस रणनीतिक साझेदारी के 25 वर्ष पूरे कर चुके हैं। यह संबंध गहरे विश्वास और प्रतिबद्धता पर आधारित है।

विदेश मंत्री 8 से 14 जून तक फ्रांस, बेल्जियम और यूरोपीय संघ की आधिकारिक यात्रा पर हैं। इस दौरान वह मैत्रीपूर्ण संबंधों को और



मजबूत करने तथा अलग-अलग क्षेत्रों में जारी सहयोग कार्यक्रम को बढ़ाने पर जोर देंगे।

बुधवार को भारत और यूरोपीय संघ ने त्रिपक्षीय सहयोग पर एक समझौते पर हस्ताक्षर किए, जो संयुक्त प्राथमिकताओं पर केंद्रित है और तीसरे देशों में पायलट परियोजनाओं का समर्थन करता है।

यूरोपीय संघ की ओर से विदेश मंत्री ने यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन और यूरोपीय संसद की अध्यक्ष रॉबर्टा मेत्सोला से मुलाकात की। उन्होंने यूरोपीय संघ के उच्च प्रतिनिधि और उपाध्यक्ष काजा कालास के साथ पहली भारत-यूरोपीय संघ रणनीतिक वार्ता की सह-अध्यक्षता भी की। कनेक्टिविटी, भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईसी), हरित शिपिंग और स्वच्छ ऊर्जा में भारत-यूरोपीय संघ की भागीदारी को आगे बढ़ाने वाले समझौते पर विदेश मंत्री जयशंकर और अंतर्राष्ट्रीय भागीदारी के लिए यूरोपीय आयुक्त जोसेफ सिकेला की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। दोनों पक्षों ने कहा कि त्रिपक्षीय सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर से ग्लोबल साउथ को लाभ होगा। विदेश मंत्री जयशंकर ने 9-11 जून तक ब्रुसेल्स की अपनी यात्रा के दौरान बेल्जियम के राजा फिलिप, प्रधानमंत्री बार्ट डी वेवर से भी मुलाकात की और उपप्रधानमंत्री तथा विदेश मंत्री मैक्सिम प्रीवोट के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की थी।

## दुनिया को जानें

### मंगल ग्रह पर मिला धरती से भी बड़ा ज्वालामुखी, मौना लोआ से भी दोगुनी है ऊंचाई

**नई दिल्ली,** 12 जून (एजेंसियां)। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने मंगल ग्रह की एक शानदार तस्वीर शेयर की है। इसमें मंगल पर मौजूद 20 किलोमीटर ऊंचा ज्वालामुखी देखा जा सकता है। आसपास बादलों से घिरा यह ज्वाला

हवाई के मौना लोआ को धरती का सबसे ऊंचा ज्वालामुखी कहा जाता है। समुद्रतल से इसकी ऊंचाई 9 किलोमीटर है। वहीं 120 किलोमीटर की चौड़ाई के साथ यह धरती का सबसे बड़ा ज्वालामुखी है। हालांकि मंगल पर मिले ज्वालामुखी के सामने मौना लोआ भी बौना नजर आ रहा है। नासा के द्वारा 2001 में लॉन्च किया गया ओडिसी ऑर्बिटर ने मंगल ग्रह की यह तस्वीर शेयर की है। नासा ने 2 मई को थर्मल एमिशन इमेजिंग सिस्टम से मंगल ग्रह के इस ज्वालामुखी की तस्वीर खींची थी। यह पहली बार है जब मंगल ग्रह से इतने बड़े ज्वालामुखी की फोटो सामने आई है।

जॉनथन हिल के अनुसार हमने अर्सिया मान्स को इस उम्मीद से चुना था कि सुबह-सुबह हम बादलों के ऊपर से ज्वालामुखी के शिखर को देख सकेंगे और इसने हमें निराश नहीं किया।

# खेल जगत

## खिलाड़ियों को तराशने के लिए टेनिस बाल क्रिकेट है अहम: वेंकटेश प्रसाद



**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय तेज़ गेंदबाज़ और लेजेंजजी टी10 लीग के चेयरमैन वेंकटेश प्रसाद ने टेनिस बॉल क्रिकेट की अहम भूमिका पर ज़ोर देते हुए कहा कि यह प्रारूप भविष्य के सितारों को तराशने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। टेनिस बॉल क्रिकेट लीग लेजेंजजी टी10 का शुभारंभ दो जून को हुआ था। टेनिस बॉल क्रिकेट को लेकर वेंकटेश प्रसाद ने बताया कि कैसे दुनिया के कई शीर्ष खिलाड़ियों ने अपने शुरुआती दिनों में टेनिस बॉल क्रिकेट खेलकर अपनी तकनीक निखारी। उन्होने कह कि टेनिस बॉल क्रिकेट खिलाड़ियों को तराशने में बड़ी भूमिका निभाता है। दुनिया के कई टॉप खिलाड़ियों ने इसी प्रारूप में कट, पुल जैसे शॉट्स और तेज़ रिफ्लेक्स जैसी स्किल्स सीखी हैं, बल्कि मैं खुद भी टेनिस बॉल क्रिकेट खेलकर बड़ा हुआ हूं, और मुझे पता है कि ज़मीन स्तर पर कितना जबरदस्त टैलेंट छुपा हुआ है।

# गौतम गंभीर ने नए चेहरों का टेस्ट टीम में किया वेलकम

- सात बरस बाद वापसी करने वाले करुण नायर के जीवट का कायल
- नवोदित सुदर्शन और अर्शदीप से टेस्ट में भी कमाल की उम्मीद

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



**नई दिल्ली,** 12 जून (देशबन्धु)। भारत के चीफ कोच गौतम गंभीर ने मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से लीड्स में शुरू हो रहे पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले टेस्ट से पूर्व पूरी भारतीय टीम के खिलाड़ियों से रूबरू हुए सभी का स्वागत किया। गंभीर ने पूरी टीम के पहले टेस्ट से पहले हरेक का स्वागत किया। गंभीर ने कहा कि वह मौजूदा भारतीय टीम के साथ बतौर चीफ कोच पहले भी काम कर चुके है और कुछ के साथ केकेआर के चीफ कोच के रूप में सात बरस काम किया। मैं पूरी भारतीय क्रिकेट टीम का स्वागत करता हूं। भारतीय टीम अपने इंग्लैंड दौरे का आगाज उसके खिलाफ 20 से 24 तक हेडिंग्ले, लीड्स में पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले टेस्ट से करेगी।

गंभीर ने बीसीसीआई द्वारा जारी वीडियो में टीम हडल के दौरान कहा, 'मैं बस इतना कहना चाहता हूं कि इस दौरे को दो तरीको से देखा जा सकता है। एक तो यह हम अपने अब टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह चुके तीन सबसे अनुभवी खिलाड़ियों रोहित शर्मा, विराट कोहली और आर अश्विन के बिना इस दौरे पर है और इन तीनों की कमी एक झटका है भारतीय टीम को इस देश के लिए कुछ खास करने के मौके के रूप में देखना चाहिए। मैं कोहली और शर्मा जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की कमी एक झटका है, लेकिन इससे टीम को बेहतर प्रदर्शन करने का एक अनूठा मौका भी मिला। टीम अगर त्याग कर सकती है और अपने कम्फर्ट जोन से बाहर आ सकती है तो यह दौरा खास हो सकता है।

## इंग्लैंड दौरे पर 'मौके को दोनों हाथों से भुनाने के लिए उत्साहित' हैं करुण नायर



**नई दिल्ली।** आठ साल के अंतराल के बाद लाल गेंद की टीम में वापसी कर रहे भारतीय बल्लेबाज करुण नायर 20 जून से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू हो रही पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में इस मौके का पूरा फायदा उठाने के लिए उत्साहित हैं। नायर शानदार फॉर्म में हैं और उन्होंने कैंटरबरी में पहले अनौपचारिक टेस्ट में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दोहरा शतक जड़ा। हाल ही में समाप्त हुए आईपीएल 2025 सीजन में उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के लिए आठ मैच खेले और एक अर्धशतक सहित 198 रन बनाए। 33 वर्षीय खिलाड़ी ने 2016 में मोहाली में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया और चेन्नई में अपने तीसरे टेस्ट में नाबाद 303 रन बनाकर सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। हालांकि, उस ऐतिहासिक पारी के बाद, उन्होंने 2017 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ केवल तीन घरेलू टेस्ट मैच खेले और फिर लगातार कम स्कोर के कारण टीम से बाहर हो गए।

## देश की सेवा के लिए तैयार: ऋषभ पंत



नई दिल्ली। इंडियन क्रिकेट टीम के विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत ने इंग्लैंड के खिलाफ आगामी पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए उत्साह व्यक्त किया है और उन्होंने सोशल मीडिया पर टेस्ट जर्सी पहने अपनी एक तस्वीर साझा की। पंत ने टेस्ट क्रिकेट की सफेद जर्सी में अपनी तस्वीर पोस्ट की और कैप्शन लिखा, देश की सेवा के लिए तैयार। 2018 में इंग्लैंड में टेस्ट डेब्यू करने वाले पंत ने इंग्लैंड के खिलाफ 12 मैच खेले और 781 रन बनाए हैं, जिसमें उनका उच्चतम स्कोर 146 रहा है, जो 2022 में बर्मिंघम में आया था। 12 मैचों में से, उन्होंने इंग्लैंड की धरती पर नौ मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 32.70 की औसत से 556 रन बनाए हैं। हालांकि, पंत को पिछली बार ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान टेस्ट खेलने में संघर्ष करना पड़ा था।

# सिफ्त ने म्यूनिख में लगातार दूसरे साल जीता कांस्य पदक




- भारत के नाम अब तक इस प्रतियोगिता में दो कांस्य पदक हो चुके हैं

**नई दिल्ली,** 12 जून (एजेंसियां)। विश्व रिकॉर्ड धारक सिफ्त कौर समरा ने इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन (आईएसएसएफ) वर्ल्ड कप (राइफल/पिस्टल), म्यूनिख के तीसरे दिन महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन (3पी) स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर भारत को प्रतियोगिता का दूसरा पदक दिलाया। पूर्व विश्व नंबर एक सिफ्त ने ओलंपिक शूटिंग रेंज में हुए फाइनल में 453.1 का स्कोर किया। स्विट्जरलैंड की एमिली जेगी ने 464.8 के स्कोर से रजत पदक और नॉर्वे की स्टार जीनैट हेग डुएस्टाड ने 466.9 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता। भारत के नाम अब तक इस प्रतियोगिता में दो कांस्य पदक हो चुके हैं।

सिफ्त का यह लगातार दूसरा 3पी कांस्य म्यूनिख में पिछले साल के कांस्य के बाद आया है। इससे पहले उन्होंने इस वर्ष अप्रैल में ब्यूनस आयर्स में आयोजित वर्ल्ड कप में स्वर्ण पदक जीता था। गुरुवार को म्यूनिख में उन्होंने क्वालिफिकेशन में हमेशा की तरह सशक्त और स्थिर प्रदर्शन करते हुए नीलिंग (197), प्रोन (199) और स्टैंडिंग (196) में शानदार स्कोर किए और कुल 592 के स्कोर के साथ शीर्ष खिलाड़ियों के बीच दूसरा स्थान हासिल किया।

फ्रांस की अगाथे गिरार्ड ने समान 592 के स्कोर पर ज्यादा इनर 10 के आधार पर पहला स्थान हासिल किया। वहीं ओलंपिक चैंपियन स्विट्जरलैंड की चियारा लियोन और भारत की आशी चौकसे फाइनल में जगह नहीं बना पाईं — आशी ने 589 के स्कोर के साथ नौवां स्थान हासिल किया 3पी स्पर्धा में स्टैंडिंग स्थिति में सशक्त प्रदर्शन के लिए जानी जाने वाली सिफ्त ने प्रोन की दूसरी 15-शॉट सीरीज के बाद चौथा स्थान हासिल किया था, जब वह पेरिस की रजत पदक विजेता सैगन मैडलेना से पीछे थीं।

डुएस्टाड और एमिली के बीच स्वर्ण और रजत पदक के लिए मुकाबला शुरुआत से ही स्पष्ट था। इसके बाद स्टैंडिंग की पहली सीरीज में सैगन लड़खड़ा गईं, और सिफ्त ने मौके का पूरा फायदा उठाते हुए तीसरे स्थान पर जगह बना ली, जिसे उन्होंने सटीक और निरंतर स्कोरिंग के साथ 44वीं शॉट तक कायम रखा - जहां उन्होंने कई बार हल्के से लेकर मिड और हाई 10 स्कोर किए। शुक्रवार, प्रतियोगिता के चौथे दिन, महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल और पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धाओं के फाइनल प्रस्तावित हैं।

# कमिंस की घातक गेंदबाजी से दक्षिण अफ्रीका 138 पर ढेर

- कमिंस ने 181 ओवर में 28 रन देकर छह विकेट लिए और 300 टेस्ट विकेट भी पूरे कर लिए




**लंदन,** 12 जून (एजेंसिसयां)। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने घातक गेंदबाजी करते हुए मात्र 28 रन पर छह विकेट लेकर दक्षिण अफ्रीका को पांच दिवसीय 2025 आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दूसरे दिन गुरुवार को लंच के बाद 138 रन पर ढेर कर दिया और पहली पारी में 74 रन की बढ़त हासिल कर ली। दक्षिण अफ्रीका लंच तक 49 ओवर में 121/5 रन बनाकर संघर्ष कर रहा था लेकिन लंच के बाद उसने 17 रन जोड़कर शेष पांच विकेट गंवा दिए। कमिंस ने 181 ओवर में 28 रन देकर छह विकेट लिए और 300 टेस्ट विकेट भी पूरे कर लिए। मिचेल स्टार्क को 41 रन पर दो और जोश हेजलवुड को 27 रन पर एक विकेट मिला। कमिंस ने लंच के बाद पांच में से चार विकेट निकाले जबकि केशव महराज रन आउट हुए। दक्षिण अफ्रीका के लिए सुबह का सत्र अच्छा रहा था लेकिन दूसरे सत्र में कहानी पूरी तरह बदल गई। 43/4 से आगे खेलते हुए, दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे दिन सुबह के सत्र में 78 रन जोड़े, जिसमें कमिंस ने अपने प्रोटियाज समकक्ष टेम्बा बावुमा को आउट किया। लंच के समय 39 रन पर नाबाद डेविड बेडिंघम 45 रन बनाकर कमिंस का शिकार बन गए। बेडिंघम ने 111 गेंदों पर छह चौके लगाए।

## पोंटिंग ने की ब्यू वेबस्टर की सराहना

**लंदन।** ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने ब्यू वेबस्टर की प्रशंसा की है। वेबस्टर ने लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की पहली पारी में टीम के लिए 72 रनों की शानदार पारी खेली। उनकी पारी की वजह से ऑस्ट्रेलिया दक्षिण अफ्रीका के सामने पहली पारी में 212 रनों तक पहुंच सकी। वेबस्टर ने इस वर्ष की शुरुआत में भारत के खिलाफ सिडनी में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के निर्णायक टेस्ट मैच में डेब्यू किया था। दक्षिण अफ्रीका के सामने इस खिलाड़ी ने 92 गेंदों पर 72 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए पहली पारी में यह किसी भी बल्लेबाज का सर्वोच्च स्कोर था। खिलाड़ी के इस प्रदर्शन को पूर्व कप्तान पोंटिंग ने सराहा है। ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी के बाद, आईसीसी डिजिटल से बात करते हुए पोंटिंग ने कहा कि आप उन रनों को हटा दें, तो स्कोरकार्ड बिल्कुल अलग दिखता है।

## पोंटिंग ने रबाडा और यानसन जमकर तारीफ की

**लंदन।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी लाइन-अप को तहस-नहस करने के लिए दक्षिण अफ्रीका के कैगिसो रबाडा और मार्को यानसन की शानदार तेज गेंदबाजी जोड़ी की जमकर तारीफ की। इन दोनों तेज गेंदबाजों ने बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस टेस्ट में मिलकर आठ विकेट चटकाए, जिसमें रबाडा ने खास तौर पर प्रभावशाली प्रदर्शन किया, उन्होंने टेस्ट मैचों में 17वीं बार पांच विकेट चटकाए और एक बार फिर लंदन के प्रतिष्ठित मैदान पर प्रसिद्ध ऑनर्स बोर्ड पर अपना नाम दर्ज कराया। पोंटिंग रबाडा और यानसन के प्रयासों से प्रभावित हैं।

## एलन डोनाल्ड से आगे निकले रबाडा

**लंदन।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप में पांच विकेट लेकर पूर्व क्रिकेटर एलन डोनाल्ड से आगे निकल गए हैं। साउथ अफ्रीका के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने की लिस्ट में शामिल होने पर रबाडा ने कहा कि महान खिलाड़ियों की सूची में शामिल होने पर विशेष गर्व महसूस करते हैं। रबाडा ने लॉर्ड्स में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 विकेट लिए। उनके इस प्रदर्शन के साथ ही उनके नाम 332 टेस्ट विकेट हो गए हैं, जिससे वे एलन डोनाल्ड को पीछे छोड़कर दक्षिण अफ्रीका के सर्वकालिक विकेटों की सूची में चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। उनसे आगे केवल डेल स्टेन, शॉन पोलक और मखाया नतिनी ही हैं।

## निकितेंको ने पाइचाद्जे को हराया, अभिजीत गुप्ता की बराबरी पर पहुंचे




- 24 ग्रैंडमास्टर्स सहित 20 से अधिक देशों के 2,500 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं

**नई दिल्ली,** 12 जून (एजेंसियां)। बेलारूसी ग्रैंडमास्टर मिहेल निकितेंको ने 21वें दिल्ली इंटरनेशनल ओपन ग्रैंडमास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट (दिल्ली जीएम ओपन) 2025 के राउंड 8 में जॉर्जियाई जीएम लुका पाइचाद्जे को हराकर लीडरबोर्ड में अभिजीत गुप्ता के साथ संयुक्त बढ़त हासिल कर ली है। कैटेगरी ए में अब केवल दो राउंड बचे हैं, निकितेंको और गुप्ता दोनों ही सात-सात अंकों के साथ प्रतियोगिता में सबसे आगे हैं। 21वां दिल्ली जीएम ओपन एशिया का प्रमुख ओपन शतरंज टूर्नामेंट बना हुआ है, जिसमें 24 ग्रैंडमास्टर्स सहित 20 से अधिक देशों के 2,500 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में 1.21 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि है और यह भारत के शतरंज कैलेंडर का आधार बना हुआ है। अब तक एकमात्र लीडर गुप्ता, जो दिल्ली जीएम ओपन के तीन बार के पूर्व चैंपियन हैं - प्रतियोगिता के इतिहास में अब तक का एक बेजोड़ रिकॉर्ड - बुधवार को शीर्ष बोर्ड पर अर्मेनियाई जीएम मैनुअल पेट्रोसियन से भिड़े, जिसका लक्ष्य अपने अंकों में इजाफा करना था। हालांकि, इस कठिन मुकाबले में, जिसमें दोनों ने बढ़त हासिल करने के प्रयास में बार-बार मुकाबला किया, ड्रॉ हो गया, जिससे उनके अंकों में आधा अंक जुड़ गया।

## इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम में चोटिल शुचि की जगह राधा यादव शामिल



- शुचि ने पिछले महीने महिला त्रिकोणीय श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपना वनडे डेब्यू किया

**मुंबई,** 12 जून (एजेंसियां)। ऑलराउंडर राधा यादव इस महीने के अंत में शुरू होने वाले इंग्लैंड के आगामी व्हाइट-बॉल दौरे के लिए भारतीय महिला टीम में चोटिल शुचि उपाध्याय की जगह लेंगी। भारत इंग्लैंड के खिलाफ पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय और तीन वनडे मैच खेलेगा, जिसमें नैट साइवर-ब्रंट और चार्लोट एडवर्ड्स के रूप में नए कप्तान और मुख्य कोच हैं।

बीसीसीआई ने एक बयान में कहा कि महिला चयन समिति ने इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम में शुचि उपाध्याय की जगह राधा यादव को शामिल किया है। इसमें कहा गया, शुचि को बाएं पिंडली में चोट लगने के कारण दौरे से बाहर कर दिया गया था, जिसका निदान बेंगलुरु में बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में दौरे से पहले शिविर के दौरान किया गया था। शुचि श्री चरणी और क्रांति गौड़ के साथ टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम में चुनी गई तीन नई खिलाड़ियों में शामिल थीं। उन्होंने पिछले महीने महिला त्रिकोणीय श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपना वनडे डेब्यू किया, जो भारत की ओर से उनका एकमात्र मैच है। दौरे के लिए भारत की टीम की घोषणा में शेफाली वर्मा को मुख्य भूमिका में रखा गया, जिन्होंने भारत की टी20 टीम में वापसी की। हालांकि शेफाली को दौरे के केवल टी20 चरण के लिए चुना गया था, लेकिन तेज गेंदबाज सयाली सतघरे ने दोनों टीमों में जगह बनाई, जिससे रेणुका सिंह ठाकुर और तीतास साधु की चोटों के कारण कम हुए भारत के तेज गेंदबाजी स्टॉक में कुछ मजबूती आई।

## एमबापे, मैसी और रामोस क्लब विश्व कप के लिए तैयार



- अमेरिका के 11 शहरों में होने वाले इस टूर्नामेंट में दुनिया भर की 32 टीमें हिस्सा लेंगी

**लंदन,** 12 जून (एजेंसियां)। क्लब विश्व कप का आयोजन इस साल पहले से कहीं बड़ा होगा, जिसमें फुटबॉल के सबसे बड़े नाम शामिल होंगे। अमेरिका के 11 शहरों में होने वाले इस टूर्नामेंट में दुनिया भर की 32 टीमें हिस्सा लेंगी। महीने भर चलने वाला यह मुकाबला 15 जून से शुरू होगा और 13 जुलाई को समाप्त होगा। आठ बार बैलन डी ओर जीतने वाले लियोनेल मेस्सी इंटर मियामी में बार्सिलोना के पूर्व खिलाड़ियों की एक शानदार चौकड़ी का हिस्सा हैं, जिसमें लिवरपूल के पूर्व स्ट्राइकर लुइस सुआरेज़, मिडफील्डर सर्जियो बुस्केट्स और लेफ्ट-बैक जोर्डी अल्बा शामिल हैं। 2010 में स्पेन के साथ विश्व कप विजेता टीम के सदस्य डिफेंडर सर्जियो रामोस मैक्सिकन टीम मॉन्टेरी के कप्तान हैं, जबकि स्ट्राइकर ओलिवर गिरौद और गोलकीपर ह्यूगो लोरिस लॉस एंजिल्स एफसी की टीम में हैं। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, विश्व कप विजेता किलियन एमबाप्पे और एंटोनी ग्रिज़मैन क्रमशः रियल मैड्रिड और एटलेटिको मैड्रिड की टीमों में हैं। मैनचेस्टर सिटी ने अपनी टीम में तिजानी रेइंडर्स, रेयान ऐट-नूरी, मार्कस बेटिनेली और रेयान चेर्की को चुना है, जबकि चेल्सी के लियाम डेलाप, डारियो एस्सुगो और मामादौ सार भी शामिल होंगे। मध्य-टूर्नामेंट पंजीकरण विंडो के भाग के रूप में, 27 जून से 3 जुलाई के बीच, क्लब दो अतिरिक्त खिलाड़ियों को जोड़ सकते हैं, जिससे उनकी टीम का आकार संभावित रूप से 35 से 37 तक हो सकता है। टीम में अधिकतम छह बदलाव किए जा सकते हैं।

# मेहदी हसन को सौंपी गई बांग्लादेश की कमान



> राष्ट्रीय टीम की कप्तानी करना एक सपने के सच होने जैसा है। बोर्ड ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, उससे मैं बेहद सम्मानित महसूस कर रहा हूं : **मेहदी हसन मिराज**

**ढाका,** 12 जून (एजेंसियां)। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने अगले 12 महीनों के लिए ऑलराउंडर मेहदी हसन मिराज को पुरुष वनडे इंटरनेशनल (वनडे) टीम का कप्तान नियुक्त किया है। 27 वर्षीय मिराज अगले महीने श्रीलंका में होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज से टीम की कमान संभालेंगे और नजमुल हुसैन शांतो की जगह लेंगे। बल्ले और गेंद दोनों से बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले मिराज ने पहले ही नेतृत्व की जिम्मेदारियों का अनुभव कर लिया है, शांतो की अनुपस्थिति में उन्होंने चार वनडे मैचों में बांग्लादेश की कप्तानी की है। शीर्ष पद पर उनकी औपचारिक पदोन्नति अब उनकी निरंतरता, परिपक्वता और नेतृत्व क्षमताओं में बोर्ड के विश्वास को दर्शाती है। घोषणा के बाद मिराज ने कहा कि राष्ट्रीय टीम की कप्तानी करना एक सपने के सच होने जैसा है। बोर्ड ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, उससे मैं बेहद सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यह मेरे और मेरे परिवार के लिए गर्व का क्षण है। मुझे इस समूह पर पूरा भरोसा है - हमारे पास निडर क्रिकेट खेलने के लिए कौशल और मानसिकता है। मैं चाहता हूं कि हम आत्मविश्वास से भरे रहें, प्रतिबद्ध रहें और देश के लिए दिल से खेलते रहें। वर्तमान में आईसीसी रैंकिंग में वनडे ऑलराउंडरों में चौथे स्थान पर काबिज मिराज ने 105 वनडे मैचों में 1617 रन और 110 विकेट हासिल किए हैं। वह बांग्लादेशी खिलाड़ियों के एक विशिष्ट क्लब में शामिल हो गए हैं-मोहम्मद रफीक, मशरफे मुर्तजा और शाकिब अल हसन जैसे दिग्गजों के साथ - जिन्होंने वनडे में 1000 रन और 100 विकेट का डबल पूरा किया है। बीसीबी क्रिकेट संचालन समिति के अध्यक्ष नजमुल अबेदीन ने नियुक्ति की प्रशंसा की, निर्णय के पीछे मिराज के कौशल, स्वभाव और टीम पर प्रभाव के संतुलन को मुख्य कारण बताया। अबेदीन ने कहा कि मिराज ने बल्ले और गेंद दोनों से लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है और टीम में एक जुझारू भावना और संक्रामक ऊर्जा लेकर आए हैं।

## रूसी जिमनास्ट अंतरराष्ट्रीय खेलों में वापसी करेंगे : खेल महासंघ



**मॉस्को,** 12 जून (एजेंसियां)। रूसी जिमनास्ट और जज तटस्थ प्रतिभागियों के रूप में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में वापसी करेंगे। स्थानीय मीडिया ने रूसी जिमनास्टिक महासंघ का हवाला देते हुए यह रिपोर्ट दी है। बुधवार को तास समाचार एजेंसी के जरिये महासंघ के एक बयान के अनुसार, रूसी एथलीट और जज अंतरराष्ट्रीय जिमनास्टिक प्रतियोगिताओं में भागीदारी कर सकेंगे। उन्होने कहा कि रूसी एथलीटों को अंतरराष्ट्रीय खेलों में पूर्ण रूप से भागीदारी फिर से शुरू करने के लिए प्रयास जारी हैं। गौरतलब है कि मार्च 2022 में, अंतर्राष्ट्रीय जिमनास्टिक महासंघ (एफआईजी) ने रूसी और बेलारूसी जिमनास्टिक को अपने टूर्नामेंटों से निलंबित कर दिया था।

## सार संक्षेप

### आयुष बदौनी के शतक से कोलाज ग्रुप सेमीफाइनल में

**नई दिल्ली।** आयुष बदौनी (132) के तूफानी शतक से कोलाज ग्रुप ने एलबी शास्त्री क्रिकेट क्लब को आसानी से हराकर 5वें गोस्वामी गणेश दत्त मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट (रजि.) के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। सेंट स्टीफंस क्रिकेट ग्राउंड, पर गुरुवार को तीसरे क्वार्टरफाइनल में कोलाज ग्रुप ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। एलबी शास्त्री क्लब ने 2 ओवर में 28/3 का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। नितीश राणा ने शानदार 8 रन (6 गेंदों में) बनाए जिसमें 4 चौके और 6 छक्के शामिल थे। हितेन दलाल ने तूफानी अंदाज में 78 रन (38 गेंदों में) बनाए जिसमें 4 चौके और 8 छक्के शामिल थे। कोलाज ग्रुप की तरफ से अरुण चपराणा ने 2 विकेट 26 रन देकर लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए बदौनी ने चौकों-छक्कों की बारिश करते हुए मात्र 46 गेंदों में 132 रन ठोक डाले।

### एमपीएल टी-2 का दूसरा सीजन ग्वालियर में शुरू

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश लीग (एमपीएल) टी2 का दूसरा संस्करण ग्वालियर में 12 जून से 24 जून तक श्रीमंत माधवराव सिंधिया क्रिकेट स्टेडियम में शुरू हो चुका है। कमेंट्री पैनल की घोषणा के साथ ही रोमांच और बढ़ गया है, जो टेलीविजन और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर टूर्नामेंट को कवर करेगा। कमेंट्री पैनल का नेतृत्व पद्मश्री सुशील दोशी कर रहे हैं, जो इंदौर के प्रतिष्ठित हिंदी कमेंटेटर हैं, जिनकी आवाज दशकों से भारतीय क्रिकेट का पर्याय रही है। उनके साथ भारत के पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और मध्य प्रदेश क्रिकेट जगत में एक सम्मानित व्यक्ति अमय खुरासिया भी शामिल हैं। पैनल में भारतीय महिला टीम की पूर्व ऑलराउंडर और खेल में एक नियमित आवाज रीमा मल्होत्रा भी शामिल हैं। सुहास वेधम अपनी मजाकिया और आकर्षक शैली के साथ-साथ सभी प्रारूपों में ज्ञानवर्धक कमेंट्री के लिए खेल प्रसारण में एक प्रमुख नाम हैं, जो पैनल में गहराई जोड़ते हैं।

### रोमानिया ने विश्व कप क्वालीफायर में साइप्रस को 2-0 से हराया

**बुखारेस्ट।** रोमानिया ने 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफायर के ग्रुप एच में बुखारेस्ट के नेशनल एरिना में साइप्रस पर 2-0 से जीत हासिल की। पहले हाफ में फ्लोरिन तानसे और डेनिस मैन के गोल ने रोमानिया की जीत को आसान बना दिया। वह ग्रुप में शीर्ष स्थान के लिए दावेदारी में बना हुआ है। तानसे ने 43वें मिनट में मैन द्वारा शुरू किए गए तेज जवाबी हमले के बाद स्कोरिंग खोली। हाफटाइम से ठीक पहले, मैन ने डेनिस ड्रैगस के साथ एक शांत फिनिश के साथ बढ़त को दोगुना कर दिया। रोमानिया ने शुरुआती मौके बनाए, जिसमें मिहाई पोपेस्कु द्वारा एक नजदीकी प्रयास और मैन द्वारा एक लंबी दूरी का शॉट शामिल था, दोनों को साइप्रस के गोलकीपर जोएल मॉल ने बचा लिया। कुछ रक्षात्मक चूकों के बावजूद, रोमानिया ने क्लीन शीट बनाए रखी, गोलकीपर स्टीफन मोल्दोवन ने साइप्रस को रोकने के लिए महत्वपूर्ण बचाव किए।

# [अर्थ जगत]

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| अपोलो हॉस्पिटल | 0.97 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 0.73 प्रतिशत |
| एयू स्मॉल फिनान्स | 0.47 प्रतिशत |
| एशियन पेंट्स | 0.43 प्रतिशत |
| थ्री एम इंडिया | 0.33 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| टाटा मोटर्स | 2.89 प्रतिशत |
| टाइटन | 2.52 प्रतिशत |
| इटरनल | 2.28 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 2.25 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 2.24 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 97,455 |
| बिटुर | 88,730 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,05,498 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.85 | 90.26 |
| पौड स्टर्लिंग | 105.22 | 122.04 |
| यूरो | 88.88 | 103.09 |
| चीन युआन | 8.4 | 13.63 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**शुगर**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 5700-5900 |
| दाल चना | 6700-6800 |
| मसूर काली | 7500-7600 |
| उड़द दाल | 9200-9300 |
| मूंग दाल | 9500-9600 |
| अरहर दाल | 8600-8700 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# भारत रियल टाइम पेमेंट में सबसे आगे : सीतारमण

■ **एक दशक में डीबीटी में 90 गुना से अधिक का उछाल**

**नई दिल्ली,** 12 जून (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के तहत महज एक दशक में प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) में 90 गुना से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है। इसके साथ ही वित्त मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि भारत रियल टाइम पेमेंट में दुनिया में सबसे आगे है, जहां 2024-25 में 260 लाख करोड़ रुपए से अधिक के लेनदेन किए गए।

वित्त मंत्री सीतारमण ने एक पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महज एक दशक में 2013-14 के 7,368 करोड़ रुपए से लेकर 2024-25 में 6.83 लाख करोड़ रुपए तक, डीबीटी हस्तांतरण में 90 गुना से अधिक की वृद्धि हुई है, जिससे यह सुनिश्चित हुआ है कि हर रुपया हर नागरिक तक पहुंचा।



**पिछले 11 वर्षो में भारत की तकनीकी यात्रा किसी क्रांति से कम नहीं रही : निर्मला सीतारमण**

उन्होंने आगे कहा कि भारत रियल टाइम पेमेंट में दुनिया में सबसे आगे है। जहां, 2024-25 में 260 लाख करोड़ रुपए से अधिक के लेनदेन दर्ज किए गए और मात्रा के हिसाब से सालाना आधार पर लगभग 18,600 करोड़ लेनदेन किए गए।


वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के अनुसार, पिछले 11 वर्षों में भारत की तकनीकी यात्रा किसी क्रांति से कम नहीं रही। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत डिजिटल इनोवेशन, टेक आधारित शासन और ग्लोबल ट्रस्ट का हब बन गया है। मैन्युफैक्चरिंग से लेकर स्पेस टेक तक, डिजिटल पेमेंट से लेकर ग्रामीण कनेक्टिविटी तक, परिवर्तन स्पष्ट, प्रभावशाली और स्थायी है।

उन्होंने आगे कहा कि यह बदलाव केवल डिवाइस और प्लेटफॉर्म को लेकर नहीं है, यह निर्बाध शासन, नागरिक सशक्तीकरण और टेक-फर्स्ट विकसित भारत के निर्माण को लेकर भी है। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर एम राजेश्वर राव के अनुसार, भारत में 55.44 करोड़ जन धन खाते खोले गए हैं, जिनमें से 56 प्रतिशत खाते महिलाओं के हैं। इसी के साथ इन खातों में जमा कुल राशि इस वर्ष 21 मई तक 2.5 लाख करोड़ रुपए के आंकड़े को पार कर गई है।

वित्त वर्ष 2024-25 में, डिजिटल पेमेंट में सालाना आधार पर 35 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई और यह प्रतिदिन 60.81 करोड़ लेनदेन तक पहुंच गया, जिसमें यूपीआई का योगदान 83.73 प्रतिशत रहा। उन्होंने आगे कहा कि यूपीआई का इस्तेमाल वित्तीय समावेशन को आगे बढ़ाने में सहायक रहा है।

## सरकार ने यूपीआई लेनदेन पर एमडीआर से किया इनकार

**मुंबई।** फिनटेक कंपनी पेटीएम की प्रवर्तक कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस के शेयर गुरुवार को शुरुआती कारोबार में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 10 प्रतिशत गिरकर 864.20 रुपए पर पहुंच गए थे।




हालांकि, बाद में शेयर में रिकवरी देखने को मिली और यह 53.70 रुपए या 5.59 प्रतिशत की गिरावट के साथ 906.75 रुपए पर था। पेटीएम के शेयर में गिरावट की वजह सरकार की ओर से यूपीआई पेमेंट्स पर मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) को दोबारा से लागू करने के इनकार को माना जा रहा है। एमडीआर एक शुल्क है जो बैंक या पेटीएम जैसे पेमेंट सर्विस प्रोवाइडर डिजिटल भुगतान के प्रोसेस के लिए व्यापारियों से लेते हैं। मौजूदा समय में डिजिटल पेमेंट को प्रमोट करने के लिए सरकार ने एमडीआर को यूपीआई लेनदेन से हटा दिया है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि सरकार उच्च मूल्य वाले यूपीआई लेनदेन पर एमडीआर लगाने पर विचार कर रही है। इन रिपोर्ट्स ने निवेशकों में हलचल पैदा कर दी थी। वित्त मंत्रालय ने कड़े शब्दों में बयान जारी कर इन दावों को निराधार और सनसनीखेज बताया। मंत्रालय ने कहा कि ऐसी अफवाहें लोगों में भय और भ्रम पैदा करती हैं और ये सच नहीं हैं। इससे पहले मार्च में डिजिटल भुगतान में शामिल कंपनियों का प्रतिनिधित्व करने वाली पेमेंट्स काउंसिल ऑफ इंडिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा था। उद्योग निकाय ने सरकार से यूपीआई और रुपे डेबिट कार्ड लेनदेन पर एमडीआर वापस लाने का अनुरोध किया था।

उद्योग निकाय ने यूपीआई का उपयोग करने वाले बड़े व्यापारियों पर 0.3 प्रतिशत एमडीआर और रुपे डेबिट कार्ड के सभी लेनदेन पर एक छोटा शुल्क लगाने का सुझाव दिया था।

## एनपीसीआई व आईडीआरबीटी ने किए एमओयू पर हस्ताक्षर

**नई दिल्ली,** 12 जून (एजेंसियां)। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) और इंस्टीट्यूट फॉर डेवलपमेंट एंड रिसर्च इन बैंकिंग टेक्नोलॉजी (आईडीआरबीटी) ने गुरुवार को भारत के तेजी से बढ़ते डिजिटल पेमेंट इकोसिस्टम में साइबर सिक्योरिटी को मिलकर मजबूत करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस साझेदारी का उद्देश्य प्रशिक्षण, जागरूकता और प्रोएक्टिव रिस्क मैनेजमेंट पर ध्यान केंद्रित कर डिजिटल ट्रांजैक्शन की सुरक्षा को बेहतर बनाना है। एनपीसीआई के एमडी और सीईओ दिलीप असबे ने कहा कि आईडीआरबीटी के साथ यह सहयोग तकनीक के साथ-साथ लोगों और तैयारियों के माध्यम से साइबर सिक्योरिटी को मजबूत बनाने की दिशा में एक कदम है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ट्रेनिंग, सर्टिफिकेशन और साझा खुफिया जानकारियां सुरक्षा मानकों को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।




■ **डिजिटल ट्रांजैक्शन की सुरक्षा को बेहतर बनाना है साझेदारी का उद्देश्य**

आईडीआरबीटी के निदेशक डॉ. दीपक कुमार ने कहा कि संस्थान ने हमेशा बैंकिंग और फाइनेंस सेक्टर को टेक्नोलॉजी अपनाने में मदद करने की दिशा में काम किया है। उन्होंने कहा कि यह औपचारिक साझेदारी सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देगी और डिजिटल पेमेंट इकोसिस्टम में मजबूत रिस्पॉन्स सिस्टम का निर्माण करेगी। समझौता ज्ञापन के तहत, दोनों संगठन संयुक्त रूप से बैंकिंग और डिजिटल पेमेंट सेक्टर में टेक्नोलॉजी और साइबर सुरक्षा पेशेवरों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम पेश करेंगे।

## आईएमडी ने अनौपचारिक श्रमिक संघों से की साझेदारी

**नई दिल्ली,** 12 जून (एजेंसियां)। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मौसम की जानकारी सीधे वर्कर्स तक पहुंचाने के लिए अनौपचारिक श्रमिक संघों के साथ साझेदारी की। ग्रीनपीस इंडिया की क्लाइमेट और एनर्जी कैंपेनर अमृता की ओर से जानकारी दी गई।



■ **वर्कर्स को मिलेगी समय पर मौसम की जानकारी**

अमृता ने कहा कि आज हमने भारत और पूरे विश्व में क्लाइमेट कम्यूनिकेशन में एक बड़ी सफलता हासिल की है। आईएमडी ने अनौपचारिक श्रमिक संघों के साथ साझेदारी की, जिससे आसानी से वर्कर्स को क्लाइमेट की जानकारी दी जा सके। अमृता ने कहा कि आईएमडी एक कदम और आगे जा रहा है और अनौपचारिक श्रमिक संघों के साथ सहयोग करके काफी फ्यूचरिस्टिक बन रहा है जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि मोबाइल फोन, व्हाट्सएप ग्रुप आदि के माध्यम से सूचना के प्रसारण में जो भी छूट गया है, हम उन तक सीधे पहुंच सके। उन्होंने आगे कहा कि हम सभी जानते हैं कि आईएमडी दुनिया की सर्वश्रेष्ठ जलवायु मौसम डेटा प्रसारण एजेंसियों में से एक है।

## भारत की एनर्जी सिक्योरिटी हुई मजबूत : पुरी

**नई दिल्ली,** 12 जून (एजेंसियां)। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने गुरुवार को कहा कि पिछले 11 वर्षों में भारत के ऑयल और गैस सेक्टर का काफी विस्तार हुआ है, जिसमें आधुनिक रिफाइनरियों और पाइपलाइनों के निर्माण से लेकर भंडार सुरक्षित करने और स्वच्छ ईंधन को बढ़ावा देना शामिल हैं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की ग्रोथ स्टोरी में इन्फ्रास्ट्रक्चर केंद्र में रहा है और पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस सेक्टर में इन प्रयासों ने देश की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत किया है और आत्मनिर्भर भविष्य की नींव रखी है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस सेक्टर की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए पुरी ने कहा कि देश में अब 23 आधुनिक रिफाइनरियों का



परिचालन हो रहा है, जिनकी कुल क्षमता 257 मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष है, जो पेट्रोल, डीजल, जेट ईंधन और एलपीजी जैसे पेट्रोलियम उत्पादों का उत्पादन करती हैं। देश में घरेलू रसोई के लिए ग्रीन कुकिंग फ्यूल उपलब्ध कराने वाले पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) इन्फ्रास्ट्रक्चर का विस्तार कर अब देश भर के 733 जिलों में कर दिया गया है। इसके अलावा वाहनों को ईंधन देने के लिए कम्प्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) देश भर में 8,000 खुदरा स्टेशनों पर उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराई जा रही है।

■ **पिछले 11 वर्षों में ऑयल व गैस इन्फ्रा में हुआ काफी सुधार**

उन्होंने आगे कहा कि मंत्रालय की कम्प्रेस्ड नेचुरल गैस (सीबीजी) पहल के परिणामस्वरूप 625 टीपीडी की संयुक्त क्षमता वाले 106 संयंत्र स्थापित किए गए हैं।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि पुदुर की भंडारण क्षमता 2.25 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) है, विशाखापत्तनम सुविधा में 1.33 एमएमटी कच्चे तेल के भंडारण की क्षमता है, जबकि मैंगलोर की भंडारण क्षमता 1.5 एमएमटी है।

इसके अलावा चंडीखोल में एक और रणनीतिक रिजर्व सुविधा बनाई जा रही है, जो समुद्र तट पर ही है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों ने छह कौशल विकास संस्थान स्थापित किए हैं।

**सार संक्षेप**

### विशाखापट्टनम में उन्नत कैंसर केयर ब्लॉक की आधारशिला रखी

**विशाखापट्टनम।** आईसीआईसीआई बैंक ने टाटा मेमोरियल सेंटर (टीएमसी) के साथ साझेदारी में होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र (एचबीसीएचआरसी) में उन्नत कैंसर केयर ब्लॉक के निर्माण की आधारशिला रखी। बैंक ने लगभग 3.9 लाख वर्गफुट क्षेत्र में अत्याधुनिक चिकित्सा तकनीक से युक्त भवन के निर्माण के लिए 55 करोड़ रुपये से अधिक की राशि दी है। निर्माणाधीन आठ मंज़िला भवन 'आईसीआईसीआई फाउंडेशन ब्लॉक फॉर चाइल्ड एंड ब्लड कैंसर' प्रति वर्ष लगभग 3, मरीजों का उपचार करेगा। वर्तमान में एचबीसीएचआरसी की क्षमता 6,2 मरीजों की है। यह नया भवन पूर्वी भारत के सबसे बड़े विशेषीकृत कैंसर उपचार केंद्रों में से एक होगा, जिसमें 215 से अधिक बेड होंगे। इसके 227 तक पूर्ण होने की संभावना है।

### सेम्बकॉर्प को भारत में पहली राउंड-द-क्लॉक परियोजना हासिल

**सिंगापुर।** सेम्बकॉर्प इंडस्ट्रीज (सेम्बकॉर्प) को उसकी पूर्ण स्वामित्व वाली अक्षय ऊर्जा सहायक कंपनी सेम्बकॉर्प ग्रीन इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड (एसजीआईपीएल) के माध्यम से सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एसईसीआई) से पहली 5 मेगावाट की राउंड-द-क्लॉक परियोजना का ठेका मिला है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि यह बिल्ड-ओन-ऑपरेट परियोजना अंतरराज्यीय ट्रांसमिशन सिस्टम से जुड़ी अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं से राउंड-द-क्लॉक (आरटीसी) बिजली के लिए एसईसीआई की 1.2 गीगावाट निविदा का हिस्सा है। सेम्बकॉर्प अनुबंधित क्षमता को पूरा करने के लिए सौर, पवन और बैटरी ऊर्जा भंडारण समाधान सहित लगभग 3 मेगावाट स्थापित क्षमता को एकीकृत करेगा।

### टेफाल के प्रीमियम कुकवेयर व स्मार्ट होम अप्लायंसेस का विस्तार

**नई दिल्ली।** प्रीमियम कुकवेयर और होम अप्लायंसेज़ बनाने वाली कंपनी टेफाल ने वर्ष 225-26 में 4 से अधिक नए उत्पाद लांच करने की योजना के साथ भारत के लिए अपनी अब तक की सबसे व्यापक और नवाचार-प्रेरित प्रोडक्ट पोर्टफोलियो का अनावरण किया। ग्रुप एसईबी इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आशीष कक्कड़ ने अभिनेत्री दीया मिर्जा के साथ नए उत्पादों का अनावरण किया। इस मौके पर श्री कक्कड़ ने कहा कि स्थानीयकरण और टिकाऊपन पर विशेष ज़ोर देते हुए टेफाल ने भारतीय उपभोक्ताओं की बदलती आवश्यकताओं के अनुसार अपने नवीनतम उत्पाद प्रस्तुत किए हैं। उन्होंने कहा कि इन उत्पादों को टेफाल प्रीमियर ब्रांड के तहत उतारा गया है। 225-26 में 4 से अधिक नए उत्पाद लांच करने की योजना के साथ टेफाल श्रेणियों का विस्तार व स्थानीय नवाचार को गति दे रहा है।

# इजरायल-ईरान तनाव से बाजार में कोहराम


■ **सेंसेक्स 1.00 प्रतिशत का गोता लगाकर 81,691.98 अंक पर**

■ **निफ्टी 1.01 प्रतिशत लुढ़ककर 24888.20 अंक पर बंद**

**मुंबई,** 12 जून (एजेंसियां)। इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव से विश्व बाजार में आई गिरावट से हतोत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा भारी बिकवाली से शेयर बाजार में कोहराम मैच गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 823.16 अंक अर्थात 1.00 प्रतिशत का गोता लगाकर 81,691.98 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 253.20 अंक यानी 1.01 प्रतिशत लुढ़ककर 24888.20 अंक पर आ गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 1.52 प्रतिशत की गिरावट के साथ 45,827.04 अंक और स्मॉलकैप 1.38 अंक लुढ़ककर 53,531.47 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान बीएसई में कुल 4151 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2729 में बिकवाली जबकि 1282 लिवाली वहीं 140 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2969 कंपनियों के शेयरों में से 2112 में गिरावट जबकि 783 में तेजी रही वहीं 74 में टिकाव रहा।

बीएसई के 21 समूहों में जबरदस्त बिकवाली




हुई। इससे कमोडिटीज 1.22, सीडी 1.67, ऊर्जा 1.76, एफएमसीजी 1.24, वित्तीय सेवाएं 1.01, हेल्थकेयर 0.11, इंडस्ट्रियल्स 1.98, आईटी 1.04, दूरसंचार 0.93, यूटिलिटीज 2.18, ऑटो 1.71, बैंकिंग 0.82, कैपिटल गुड्स 1.95, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 2.02, धातु 1.63, तेल एवं गैस 2.10, पावर 2.19, रियल्टी 2.07, टेक 0.97, सर्विसेज 1.50 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.93 प्रतिशत गिर गए।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इससे ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.13, जर्मनी का डैक्स 1.00, जापान का निक्केई 0.65 और हांगकांग का हैंगसेंग 1.36 प्रतिशत लुढ़क गया वहीं चीन के शंघाई कंपोजिट 0.01 प्रतिशत बढ़ गया।

शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 57 अंक बढ़कर 82,571.67 अंक पर खुला और लिवाली के दम पर 82,661.04 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली शुरू होने से यह लगातार गिरता हुआ 81,523.16 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 82,515.14 अंक के मुकाबले 1.00 प्रतिशत टूटकर 81,691.98 अंक पर आ गया।

इसी तरह निफ्टी 23 अंक की बढ़त के साथ 25,164.45 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 25,196.20 अंक के उच्चतम जबकि 24,825.90 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 25,141.40 अंक की तुलना में 1.01 प्रतिशत की गिरावट लेकर 24,888.20 अंक पर बंद हुआ।

इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली कंपनियों में टाटा मोटर्स 2.89, टाइटन 2.52, इटरनल 2.28, पावरग्रिड 2.25, टाटा स्टील 2.24, एलटी 2.20, महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.09, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.76, एक्सिस बैंक 1.53, इन्फ़ोसिस 1.43, एनटीपीसी 1.36, अल्ट्रासिम्को 1.32, नेस्ले इंडिया 1.29, आईटीसी 1.21 और एसबीआई 1.14 प्रतिशत शामिल रही।

## एफटीए मजबूत आर्थिक संबंध बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है : गोयल

**स्टॉकहोम,** 12 जून (एजेंसियां)। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि प्रस्तावित व्यापक और सार्थक भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) मजबूत आर्थिक संबंध बनाने और समावेशी विकास के भविष्य के लिए सामूहिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

इंडिया-स्वीडन हाई-लेवल ट्रेड एंड इन्वेस्टमेंट पॉलिसी फोरम में कनफेडरेशन ऑफ स्वीडिश एंटरप्राइज के अलावा, प्रमुख स्वीडिश और भारतीय व्यवसायों की उपस्थिति में केंद्रीय मंत्री गोयल ने दोनों पक्षों के बीच सहयोग की अपार संभावनाओं पर चर्चा की। केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान प्रस्तावित भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते पर रिलीज किया गया संयुक्त पत्र मजबूत आर्थिक संबंध बनाने और समावेशी विकास के भविष्य के लिए हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता को दिखाता है। उन्होंने आगे कहा कि भारत-स्वीडन साझेदारी इस बात का एक मॉडल है कि कैसे दो विविध अर्थव्यवस्थाएं



■ **विचार-विमर्शो को ठोस अवसरों में बदलने की उम्मीद**

साझा दृष्टिकोण और सहयोग के माध्यम से परस्पर लाभ पैदा कर सकती हैं। इन विचार-विमर्शों को ठोस अवसरों में बदलने की उम्मीद है।

केंद्रीय मंत्री गोयल ने टेट्रा पैक स्वीडन की प्रबंध निदेशक मारिए सांडिन से भी मुलाकात की और सस्टेनेबल पैकेजिंग सॉल्यूशंस में सहयोग बढ़ाने पर विचारों का आदान-प्रदान किया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, इसके अलावा भारत में रिसर्च एंड डेवलपमेंट पहलों के विस्तार और एडवांस्ड इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरिंग में क्षमताओं को मजबूत करने के अवसरों पर चर्चा की।

## चुनिंदा दालों में नरमी, खाद्य तेलों में उबाल व मीठे में टिकाव

**नई दिल्ली,** 12 जून (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर आज मांग निकलने से खाद्य तेलों में उबाल आ गया और इस दौरान चुनिंदा दाल दलहन में नरमी रही। इस दौरान मीठे के बाजार में टिकाव रहा।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा 40 रिंगिट उतरकर 3880 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.15 सेंट की तेजी के साथ 47.53 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में सरसों तेल 182 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 330 रुपए प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 512 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 365 रुपए प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 1620 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 1318 रुपए प्रति क्विंटल उबल गया। **गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। **दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में चुनिंदा दाल दलहनों में तेजी रही। इस दौरान मूंग दाल 100 रुपए प्रति क्विंटल, उड़द दाल 100 रुपए प्रति क्विंटल और अरहर दाल 100 रुपए प्रति क्विंटल टूट गई जबकि चना, चना दाल और मसूर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 5700-5900, दाल चना 6700-6800, मसूर काली 7500-7600, मूंग दाल 9500-9600, उड़द दाल 9200-9300, अरहर दाल 8600-8700 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

## भारत में दो तिहाई रिक्रूटर अपने हायरिंग बजट का 7 प्रतिशत तक एआई पर कर रहे खर्च : रिपोर्ट

**नई दिल्ली,** 12 जून (एजेंसियां)। भारत में 75 प्रतिशत रिक्रूटर अपने हायरिंग बजट का 70 प्रतिशत तक रिक्रूटमेंट टेक और एआई टूल्स पर निवेश कर रहे हैं। यह जानकारी गुरुवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई।

लिंक्डइन के नए रिसर्च के अनुसार, रिक्रूटमेंट के लिए तीन प्रमुख प्राथमिकताएं देखी गई हैं। 57 प्रतिशत रिक्रूटर्स के लिए ट्रांसफर होने वाली स्किल्स के साथ हाई-क्वालिटी कैंडीडेट्स को खोजना उनकी प्राथमिकता है। 52 प्रतिशत रिक्रूटर्स के लिए स्मार्टर हायरिंग टेक को अपनाना उनकी प्राथमिकता में आता है, जबकि 46 प्रतिशत रिक्रूटर्स के लिए सी-सूट लीडर्स को हायरिंग इंवेस्टमेंट का रिटर्न ऑन इंवेस्टमेंट (आरओआई) साबित करना उनकी प्राथमिकता है। काम में एआई को अपनाने के लगभग तीन साल बाद, भारतीय रिक्रूटर्स क्विक हायरिंग से क्वालिटी हायरिंग की ओर बढ़ रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 64 प्रतिशत




रिक्रूटर्स का मानना है कि सॉफ्ट और टेक्निकल स्किल का सही मिश्रण को सुनिश्चित करना एक चुनौती है। 58 प्रतिशत रिक्रूटर्स के लिए जल्द से जल्द हायरिंग करना चुनौती बनता है, जबकि 54 प्रतिशत का मानना है कि राइट कल्चर फिट के लिए कैंडीडेट खोजना उनके लिए चुनौती बनता है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि इन बदलती मांगों को पूरा करने के लिए, 69 प्रतिशत भारतीय रिक्रूटर्स अब इंफोर्म्ड हायरिंग निर्णय लेने के लिए डेटा एनालिटिक्स का उपयोग कर रहे हैं और 63 प्रतिशत रिक्रूटर्स हायरिंग की गति और सटीकता में सुधार के लिए एआई टूल का उपयोग कर रहे हैं।

■ **क्विक हायरिंग से क्वालिटी हायरिंग की ओर बढ़ रहे भारतीय रिक्रूटर्स**

भारत में लिंक्डइन टैलेंट सॉल्यूशंस की प्रमुख रुचि आनंद ने कहा कि जल्द से जल्द हायर करने के प्रेशर के साथ कई रिक्रूटर्स गहराई की जगह अधिकता को चुनते हैं। लेकिन हायरिंग आज के समय कुछ अधिक की मांग करती है। रिक्रूटर्स को टूल्स की जरूरत है, जो उन्हें ऐसे स्किल्ड टैलेंट को खोजने में मदद कर सके जो रियल बिजनेस आउटकम ला सके। एआई और डेटा का इस्तेमाल कर क्विक-फिल रोल्स से हाई-इम्पैक्ट हायर्स में शिफ्ट हुआ जा सकता है।

आनंद ने कहा कि हमारे लेटेस्ट रिसर्च से पता चलता है कि भारत में आधे से अधिक रिक्रूटर्स पहले से ही लिंक्डइन जैसे प्लेटफार्मों से अच्छा रिटर्न पा रहे हैं।

# पहले अकूत संपत्ति कमाने के आरोपों की जांच तो करवा लो फिर संविदा नियुक्ति की सिफारिश करना

## बिलासपुर निगम का जोन कमिश्नर बनवा देने का झांसा दे 25 लाख रुपए की ठगी करने वाला गिरफ्तार

**निगम के मलाईदार पोस्ट पर लंबे समय रहने वाले अधिकारी को सेवानिवृति की तिथि आने के पहले ही संविदा नियुक्ति देने जनप्रतिनिधियों की दरियादिली आखिर क्यों?**

**बिलासपुर,** 12 जून (देशबन्धु)। नगर निगम बिलासपुर और उसके अधिकारी कर्मचारियों की इन दिनों काफी चर्चा है। एक ही जगह वर्षों से पदस्थ रहते हुए खूब कमाई करने वाले अधिकारी का पावर तो देखें उनकी सेवा से बिदाई की तिथि नजदीक आई तो उन्हें डांटने डपटने वाले, काली कमाई से बेहिसाब संपति अर्जित करने का आरोप लगाने वाले जनप्रतिनिधि सरेंडर हो गए और सेवानिवृति के पहले ही अधिकारी को संविदा पर रखने की वकालत कर दिए। यानि बिलासपुर नगर निगम में मलाई खाने के इतने स्कोप है कि यहां जोन कमिश्नर बनवा देने का लालच देकर 25 लाख रुपए वसूल लेने की हिम्मत दिखने वाले एक आरोपी को शिवरीनारायण पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर लोगों से लाखों की ठगी कर फरार चल रहे एक शातिर आरोपी को आखिरकार शिवरीनारायण पुलिस ने धर दबोचा। आरोपी मंसाराम आशिकर ने बिलासपुर नगर निगम में जोन कमिश्नर के पद पर नियुक्ति कराने का झांसा देकर पीड़ितों से 25 लाख 25 हजार 399 रुपए ऐंठ लिए थे।

पीड़ित अच्छे कुमार आशिकर व अन्य ने जब ठगी का शिकार होने की शिकायत की, तो पुलिस ने जांच के बाद 4 जनवरी 2025 को आरोपी के खिलाफ द्बक्ष्ट की धारा 420, 467, 468, 201, 34 के तहत मामला दर्ज किया। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने लगातार प्रयास कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।



पकड़े जाने पर आरोपी से पूछताछ की गई, जिसमें उसके खिलाफ पर्याप्त सबूत मिले। इसके बाद उसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। पुलिस के अनुसार इस मामले में पहले भी दो अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

बात नगर निगम के प्रभारी भवन शाखा अधिकारी की हो रही थी। निगम के जनप्रतिनिधि उनको सेवानिवृति के पहले ही एक्सटेंशन देने दरियादिली दिखाते हुए मेयर इन कौंसिल की मंजूरी से भी दिला दिए! इससे सत्तापक्ष के पार्षदों में ही बवाल मच गए।अपनी साफगोई के लिए जाने जाने वाले निगम सभापति विनोद सोनी को यह नागवार गुजरा उन्होंने इस प्रस्ताव का विरोध भी किया। कायदे से निगम के आला अफसरों और मेयर को यह चाहिए था कि पहले प्रभारी भवन शाखा के खिलाफ लग रहे आरोपों की निष्पक्ष जांच करवाते उसके बाद एक्सटेंशन के लिए सोचते मगर पता नहीं अधिकारियों और नेताओं को इस अधिकारी ने क्या मोहिनी डाल रखा है कि इस प्रभारी को सेवानिवृति के पहले ही एक्सटेंशन देने पलक पांवड़े बिछा कर रखे हुए है। सभापति के खुला विरोध के बाद नेता प्रतिपक्ष और उपनेता भी खुलकर विरोध मे आ गए है और कलेक्टर को ज्ञापन सौंप आंदोलन करने की बात कह दी है!

निगम के नेता प्रतिपक्ष भरत कश्यप और उप नेता रामा बघेल ने कलेक्टर को सौपे गए ज्ञापन में कहा है कि गत 10 जून को नगर निगम के मेयर इन काउंसिल की बैठक में नगर निगम के इंजीनियर सुरेश शर्मा का कार्यकाल बढ़ाने का प्रस्ताव मंजूर किया गया है। आश्चर्य की बात तो यह है कि भवन शाखा के प्रभारी इंजीनियर सुरेश शर्मा को मेयर पूजा विधानी ने हाल ही में जवाली नाला में अवैध निर्माण के तोड़फोड़ के मामले में जमकर फटकार लगाई थी और उनके खिलाफ कार्रवाई की अनुशंसा की थी।निगम सभापति विनोद सोनी ने भी उक्त अधिकारी की संविदा नियुक्ति का विरोध कर लेनदेन का आरोप लगाया था। बड़ा प्रश्न यह है कि आखिर ऐसी क्या बात हो गई कि मेयर को एक पखवाड़े बाद उसी प्रभारी भवन शाखा अधिकारी के लिए प्रस्ताव लाना पड़ा। इससे सत्तारूढ़ दल की किरकिरी भी हो रही है।

नेता प्रतिपक्ष और उपनेता ने कहा कि निगम के इंजीनियर और भवन शाखा के प्रभारी सुरेश शर्मा के खिलाफ अनेक शिकायतें मिली हैं। विभागीय जांच के अलावा आय से अधिक संपत्ति के मामले में ईओडब्ल्यू, एसीबी की कार्रवाई भी की गई थी। यह कार्रवाई अभी भी अधूरी है। उक्त अधिकारी के खिलाफ कई दिनों से आर्थिक अनियमितताएं तथा नगर निगम को आर्थिक नुकसान पहुंचाने के आरोप भी लगे हैं शिकायतें भी मिली हैं। ई ओ डब्लू तथा एसीबी के द्वारा नगर निगम आयुक्त को इस मामले में पत्र भी लिखा है है।नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि लगातार शिकायतें मिलने के बावजूद आज तक उनके खिलाफ कोई कार्रवाई क्यो नही की गई जबकि उन पर खुद नियम विरुद्ध बीडीए से आबंटित आवासीय भूखण्ड पर व्यवसायिक काम्प्लेक्स बनवाने और अवैध निर्माण और अवैध प्लाटिंग को लगातार बढ़ावा देने के गम्भीर आरोप है। इसलिए सत्तारूढ़ दल के तमाम नेता जो भ्रष्टाचार के खिलाफ लगातार बात करते है उनकी मंशा के अनुरूप भवन अधिकारी के ऊपर लगाए गए तमाम आरोपों की जांच होनी चाहिए।

# अनेक मंदिरों की दशा बदली लोकमाता अहिल्या ने : मुख्यमंत्री

### कन्वेन्शन हॉल को मिला नाम, प्रतिमा भी लगी

**कोरबा,** 12 जून (देशबन्धु)। 300वीं जन्मशती के अवसर पर जानी-मानी समाज सेविका और इंदौर राजघराने की महारानी पुण्य श्लोका लोकमाता अहिल्या बाई होलकर ने अपने जीवन काल में समाज और धर्म को लेकर अहम काम किया। भारत और नेपाल के अलावा कई देशों में उन्होंने हिन्दू मंदिरों की दशा बदली और उन्हें पहचान दी।



कोरबा में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने यह बात कही और लोकमाता को श्रद्धापूर्वक नमन किया। पुलिस लाइन के नजदीक डीएमएफ से बनाए गए कन्वेन्शन हॉल को लोकमाता अहिल्या बाई का नाम दिया गया है। मुख्यमंत्री ने इसी परिसर में लोकमाता की प्रतिमा का अनावरण भी किया। कोरबा जिले में लोकमाता अहिल्या बाई जन्मशती समारोह समिति की ओर से कन्वेन्शन हॉल के नामकरण और प्रतिमा स्थापित करने की मांग की गई थी जिसे सैद्धांतिक रूप से स्वीकार कर लिया गया। गुरुवार को कोरबा प्रवास पर पहुंचे मुख्यमंत्री ने नामकरण और प्रतिमा अनावरण पर खुशी जताई। उन्होंने इस कार्यक्रम में अपनी बात रखी और कहा कि देश में समय-समय पर ऐसी हस्तियों का जन्म हुआ जिन्होंने राजकाज के साथ सामाजिक जीवन में ऐसे काम किए जो बड़ी लकीर खींचने वाले रहे। उन्होंने मंदिरों के जीर्णोद्धार के मामले में अहिल्या बाई की भूमिका को रेखांकित किया। इससे पहले मुख्यमंत्री और अतिथियों ने कार्यक्रम स्थल पर पूजा-अर्चना की। समारोह में जिले के प्रभारी और उप मुख्यमंत्री अरूण साव, श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन, विधायक प्रेमचंद पटेल, गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव, महापौर संजूदेवी राजपूत, भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक चावलानी व प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी सहित जन्मशती समारोह के पदाधिकारी अक्षदा पुण्यलिक, मनोज झा, अभिषेक शर्मा, आदित्य सिंह व नागरिक उपस्थित थे।

# नशे का कारोबार चलाने वाले का डेढ़ करोड़ की संपत्ति फ्रीज़

**बिलासपुर**, 12 जून (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनीश सिंह के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए सिविल लाइन पुलिस ने नशे का कारोबार करने के आरोपी श्याम श्रीवास और उसकी पत्नी सरोज श्रीवास की 1.51 करोड़ से अधिक मूल्य की चल-अचल संपत्ति फ्रीज़ की है।जांच में यह सामने आया कि आरोपी दंपति मादक पदार्थों का संगठित कारोबार चला रहे थे, जिससे अवैध रूप से मोटी कमाई कर रहे थे। इसी आय से उन्होंने ढाबा, फर्नीचर और घरेलू उपकरणों सहित विभिन्न संपत्तियाँ अर्जित कीं।




बिलासपुर पुलिस की इस कार्रवाई ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अब नशे की कमाई से अर्जित कोई भी संपत्ति पुलिस की निगरानी से बाहर नहीं है।घरेलू वस्तुओं से लेकर ज़मीन तक, हर अवैध सम्पत्ति पर अब कानूनी शिकंजा कसा जा रहा है।

बिलासपुर पुलिस द्वारा अब तक कुल 15 व्यक्तियों की लगभग 5.5 करोड़ मूल्य की संपत्तियाँ सफेमा न्यायालय को भेजी गई हैं। इनमें से 13 लोगों की संपत्ति को सफ़ेमा कोर्ट द्वारा वैध ठहराया गया है, जबकि एक मामला अभी विचाराधीन है।

इन संपत्तियों में प्लॉट, वाहन, बैंक खाते, फिक्स्ड डिपॉजिट व बीमा पॉलिसियाँ सम्मिलित हैं।

### संपत्तियों की विस्तृत जानकारी

जब्त की गई संपत्तियों में ग्राम पांड में 20 डिसमिल कृषि भूमि, उस पर बना पक्का ढाबा भवन, दो-दो आइसक्रीम व कोल्ड ड्रिंक फ्रीज़र, सन सुई एलईडी टीवी, तीन कूलर, एक 6 सीटों वाला सोफा सेट, वाटर प्यूरिफायर और एक चिड़ीमार बंदूक शामिल हैं।इन सभी संपत्तियों को एन डी पी एस अधिनियम की धारा 68-स्न के अंतर्गत फ्रीज़ कर सफ़ेमा विशेष न्यायालय को पुष्टि हेतु भेजा गया है।

### आरोपियों का पुराना आपराधिक इतिहास

पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि श्याम श्रीवास के विरुद्ध एन डी पी एस व आर्म्स एक्ट के तहत कई आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं, वहीं सरोज श्रीवास पर भी एनडीपीएस के मामले पंजीबद्ध हैं। दोनों पूर्व में जेल जा चुके हैं।

# दगौरी-बिल्हा के बीच रेल फ्लाई ओवर निर्माण 6 गांवों की भूमि की खरीदी बिक्री पर रोक

### कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी बिलासपुर ने जारी किया आदेश

**बिलासपुर**, 12 जून (देशबन्धु)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने दगोरी-बिल्हा के बीच रेल फ्लाई ओवर के प्रस्तावित निर्माण के कारण भू अधिग्रहण प्रक्रिया को देखते हुए बिल्हा, दगौरी, गोढ़ी, उठगन, किरा री गोढ़ी, और भैंसबोड ग्राम की ऐलाईमेट क्षेत्र में आने वाली भूमि की खरीदी बिक्री पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दिया है।

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी संजय अग्रवाल द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि दिनांक 03.06.2025 के अनुसार दगोरी-बिल्हा के बीच रेल फ्लाई ओवर के अभिसरण (एलाईनमेंट) में आने वाले ग्रामों में भूमि की अवैध और अनाधिकृत खरीद-बिक्री की संभावना बढ़ने की आशंका को देखते हुए उक्त रेलवे लाईन के अभिसरण (एलाईनमेंट) क्षेत्र में आने वाली सभी भूमियों की खरीद-बिक्री पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाने, जब तक की अंतिम अधिग्रहण प्रक्रिया पूर्ण ने हो जाए और सरकार द्वारा आवश्यक अधिसूचना जारी न की जाए, का अनुरोध किया गया है।

उपरोक्त संबंध में छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर के निर्देश क्रमांक 2801/2024/सात 1 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 14.10.2024 द्वारा भी भूमि अर्जन प्रक्रिया के अधीन भूमि के बेहतर प्रशासन के लिए भूमि के अंतरण, बटांकन, व्यपवर्तन तथा भूमि के क्रय-विक्रय को पूर्णतः प्रतिबंधित किए जाने के निर्देश जारी किए गए हैं, क्योंकि अर्जन के अधीन भूमि का बटांकन, छोटे टुकड़ों में अंतरण एवं प्रयोजन में परिवर्तन के कारण भूमि अर्जन की लागत में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। इस प्रक्रिया में मूल भूमिस्वामी को समुचित लाभ होने के बजाए भूमि की खरीद-बिक्री में संलिप्त बिचौलियों और भू-माफियाओं द्वारा लाभ अर्जित किया गया है। भूमि अर्जन प्रक्रिया के अधीन भूमि के बेहतर प्रशासन के लिए तत्काल आवश्यक कार्यवाही किया जाना आवश्यक है। साथ ही भूमि के अवैधानिक अंतरण के कारण शासन को अनावश्यक ही आर्थिक क्षति होने के अलावा वादं कारणों की बहुलता होती है। परिणामस्वरूप सार्वजनिक हितों के परियोजनाओं में अनावश्यक विलम्ब होता है।




सार्वजनिक हित, मूल भूमिस्वामी के हितों के संरक्षण करने के लिए और शासन को होने वाले आर्थिक क्षति को रोकने के लिए बेहतर प्रबंधन किया जाना आवश्यक होने से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के उपरोक्त पत्र के तारतम्य में शासन के उपरोक्त निर्देश दिनांक 14.10.2024 के अनुसार प्रस्तावित दगोरी-बिल्हा के बीच रेल फ्लाई ओवर निर्माण के अंतर्गत जिला बिलासपुर अंतर्गत अंतिम अधिग्रहण प्रक्रिया पूर्ण होने तक एवं आवश्यक अधिसूचना जारी किए जाने तक, जिला बिलासपुर के अंतर्गत उक्त रेल फ्लाई ओवर अभिसरण (एलाईनमेंट) में आने वाले अनुविभाग बिल्हा, तहसील बिल्हा के निम्नांकित ग्रामों में भूमि के अंतरण, बटांकन, व्यपवर्तन तथा भूमि के क्रय-विक्रय को पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाता है-1 बिल्हा ,2 दगौरी,3 गोढ़ी ,4 उटगन,5 किरारीगोढ़ी और 6 भैंसबौड़।

उपरोक्त ग्रामों के अंतर्गत स्थित किसी भूमि का अंतरण अधोहस्ताक्षरकर्ता की लिखित अनुज्ञा के बिना नहीं किया जाएगा। हितबद्ध / प्रभावित व्यक्ति पक्षकार, भूमि अंतरण के संबंध में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। अपेक्षक निकाय से अभिमत लिया जाकर प्रस्तुत आवेदन पर उचित निर्णय लिया जाएगा। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

# प्रभारी सचिव मनोज पिंगुआ ने किया शहर का दौरा

## विकास कार्यों एवं ट्रैफ़िक व्यवस्था का लिया जायजा



**बिलासपुर**, 12 जून (देशबन्धु)। जिले के प्रवास पर पहुंचे अपर मुख्य सचिव जेल, गृह विभाग एवं जिले के प्रभारी सचिव मनोज पिंगुआ ने अधिकारियों की बैठक के बाद शहर का दौरा कर विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रमुख रूप से शहर की ट्रैफ़िक व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए किये जा रहे कार्यों का अवलोकन किया। कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं एसएसपी रजनेश सिंह भी साथ थे। श्री पिंगुआ ने इस अवसर पर सबसे पहले अरपा किनारे बनाए जा रहे स्मार्ट रोड का निरीक्षण किया। उन्होंने यह कार्य पूरी गुणवत्ता से जल्द पूर्ण करने कहा। इसके बाद उन्होंने जल संसाधन विभाग की निर्माणाधीन परियोजनाओं पचरीघाट एवं शिवघाट का जायजा लेकर निर्माण के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने आगे कोनी पहुंचकर बिलासा ताल के सौंदर्यीकरण कार्य का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने तालाब गहरीकरण, पाथ वे का काम और रंगरोगन जैसे कार्यों को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यहां लोगों के मनोरंजन और समय गुजारने का एक बढ़िया केंद्र विकसित हो रहा है। उन्होंने डीएफओ नीरज यादव को एक पेड़ मां के नाम अभियान पर वृक्षारोपण कराने के निर्देश दिए। नगर निगम आयुक्त अमित कुमार ने शहर की ट्रैफ़िक व्यवस्था को दुरूस्त करने वैकल्पिक मार्गों और प्लान की जानकारी दी। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत संदीप अग्रवाल भी मौजूद थे।

# ट्रैफिक पुलिस ने की क्विक रिसोन्स टीम का गठन

**यात्रियों के लिए सुगम आवागमन हेतु की गई उल्लेखनीय एवं सक्रिय पहल**

**शहर में कहीं पर भी अनायास एवं आकस्मिक आवागमन बाधित होने, यातायात जाम एवं यातायात व्यस्थतम होने के दौरान पहुचेगी टीम तत्काल**

**बिलासपुर**, 12 जून (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के दिशा निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में शहर में सरल, सुगम, सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित आवागमन हेतु कहीं पर भी यातायात व्यवधान की स्थिति निर्मित ना हो इस हेतु लगातार प्रयास किया जा रहा है एवं कहीं पर भी यातायात व्यवधान की सुचना यातायात पुलिस को प्राप्त होने पर तत्काल ही कैसे यातायात व्यवस्था सुचारु किया जावे इसके लिए यातायात पुलिस के द्वारा क्विक रिस्पांस टीम अर्थात तत्काल प्रतिक्रिया समूह का निर्माण किया गया है।

इसके तहत यातायात पुलिस बिलासपुर के द्वारा मुख्यालय स्तर पर 12 सदस्य टीम का गठन किया गया है जिसके द्वारा कभी भी शहर में कहीं पर भी यातायात व्यवधान, जाम या अत्यधिक यातायात दबाव की स्थिति में सबंधित जगह पर पहुंचकर चौक, चौराहे, मुख्य मार्ग एवं पहुंच मार्ग में यातायात व्यवस्था सुचारू किए जाने का अविलम्ब प्रयास करती है।

इस हेतु स्वयं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा उक्त 12 सदस्यीय टीम सहित उक्त जगह पर पहुंचकर यातायात को तत्काल सुचारू एवं दुरुस्त किया जाता है।

ज्ञातव्य हो कि बिलासपुर में कई ऐसे ट्रैफिक पॉइंट है जो कि बॉटल नेक की तरह संरचना निर्मित करते हैं जिसके कारण प्रातः 10 बजे से लेकर के 11 तक एवं शायं 4 बजे से लेकर रात्रि 8 बजे के बीच अत्यधिक यातायात दबाव का सामना करना पड़ता है जिसमें प्रमुख रूप से इंदिरा सेतु, रामसेतु, उसलापुर ब्रिज एवं महाराणा प्रताप ब्रिज प्रमुख है जहां पर नियमित रूप से यातायात दबाव का सामना करना पड़ता है खास कर आफिस जाने और ऑफिस छूटने के समय के दौरान और भी यातायात दबाव की स्थिति होता है।



इस दौरान कई बार कोई ना कोई गाड़ियां या बस ब्रेकडाउन या पुल के ऊपर बंद होने की जानकारी भी आती है जिसके कारण मिनटों के अंदर गाड़ियों का तांता लगने की स्वाभाविक स्थिति बनती है अतः ऐसी परिस्थितियों से निपटने के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में क्विक रिस्पांस टीम का तत्काल हरकत में आते हुए उक्त जगह पर पहुंचकर यातायात व्यवधान की स्थिति को आवागमन की दृष्टि से सुगम बनाने का काम की जाती है।

उक्त क्विक रिस्पांस टीम नियमित रूप से जिला यातायात मुख्यालय एवं अन्य पॉइंट ड्यूटी पर मौजूद रहती है और कार्यालय कार्यों एवं पॉइंट ड्यूटी के कार्यो का निष्पादन करते हुए जब भी किसी भी प्रकार की सूचना यातायात व्यवधान के संबंध में प्राप्त होती है तत्काल ही सक्रिय होते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में यातायात व्यवधान वाली जगह में पहुंचकर आवा गमन को शीघ्र सुचारु करने में अपनी भूमिका निभाती है।

इसी संदर्भ में आज लगभग 11.30 बजे शहर के अत्यंत व्यस्थतम आवागमन दबाव वाले महत्वपूर्ण पुल इंदिरा पुल के ऊपर में भोले नाथ बस के ब्रेकडाउन होने पर क्विक रिस्पांस टीम पहुंचकर तत्काल ही इंदिरा पुल के मध्य में ब्रेकडाउन हुए बस को धक्का देकर महामाया चौक के पास चौक के किनारे में ले जाकर बाधित हुए आवागमन को दुरुस्त करने में अपनी अहम भूमिका निभाई।

उक्त क्विक रिस्पांस टीम में यातायात पुलिस बिलासपुर मुख्यालय से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामगोपाल करियारे, उप निरीक्षक आदित्य सिंह, प्रधान आरक्षक दीपक घोष, शैलेन्द्र सिंह, उदय राम, धन सिंह, आरक्षक रोशन खेस, भुनेश्वर मरावी, राज श्रीवास, रोहित साहू, धन राज, कुशल साहू, मंगलू राम, सौरभ चौबे, सुशील ध्रुव, हरवंश पटेल एवं समय समय पर अन्य पॉइंट से यातायात के बल को त्वरित बुला कर आवागमन दुरुस्त करने का कार्य करते है।

समस्त वाहन चालकों से यातायात पुलिस बिलासपुर की विनम्र अपील की गई है कि वाहन चलाते समय सदैव यातायात नियमों का पालन करते हुए ही वाहन चलावे और कहीं पर भी यातायात व्यवधान की स्थिति निर्मित हो तो अनावश्यक विपरीत दिशा में गाड़ी ले जाकर खड़ी ना करें यातायात पुलिस के द्वारा दी जा रही निर्देशों का समुचित समुचित पालन करते हुए ही वाहनों को आगे बढ़ावें ताकि व्यस्ततम आवागमन वाले मार्ग में सरल, सुगम, सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित आवागमन को सुचारू तरीके से संचालित किया जा सके।



### छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने सौंपा ज्ञापन

**बिलासपुर,** 12 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ कोटा विकासखंड के द्वारा एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। संघ ने सरकारी प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला मटसगरा में शिक्षक और रिक्त प्रधान पाठक पदों को शीघ्र भरने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में संघ ने जिला शिक्षा अधिकारी बिलासपुर को बताया कि मटसगरा की इन शालाओं में शिक्षकों और प्रधान पाठक की कमी के कारण बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो रही है। संघ ने मांग की कि इन पदों को जल्द से जल्द भरा जाए ताकि बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल सके।

**NECC**

| 13.06.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 535 | 80 | 165 |
| चिल्हर | 6.75 | 100 | 190 |
| डिलीवरी | 550 सैकड़ा | | |

दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 फोन- 07752 422771